रांची, गुरुवार
10:08:2023
web: www.rashtriyakhabar.com

देश/विदेश 11 भाजपा के साथ हाथ नहीं मिलायेंगे: शरद पवार
झारखंड 9 लोकतंत्र खतरे में है : संजय पासवान
अभिव्यक्ति 6 संसद में आने से कतराते मोदी .. .. ..
सिल्वर स्क्रीन पर डॉन का 10



अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 218
epaper.rashtriyakhabar.com
श्रावण (अधिक), कृष्णपक्ष दशमी, विक्रम संवत 2080



## शहर >> अपडेट

### भाजपा सांसदों ने चलाया क्विट इंडिया अभियान

रांची : भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर भाजपा सांसदों ने संसद भवन परिसर में स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी और प्रदर्शन किया। संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू होने से पहले भाजपा सांसदों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने भ्रष्टाचार क्विट इंडिया, परिवारवाद क्विट इंडिया और तुष्टिकरण क्विट इंडिया अभियान के तहत संसद भवन परिसर में जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में झारखंड के सांसद विष्णु दयाल राम और दीपक प्रकाश समेत कई सांसद मौजूद रहे। दीपक प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भ्रष्टाचार क्विट इंडिया, परिवारवाद क्विट इंडिया और तुष्टिकरण क्विट इंडिया अभियान चलाया गया। कहा कि परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति ने देश को हर बार पीछे किया है। जिसे अब भगाने की जरुरत है।

**आदिवासी दिवस** रांची विश्वविद्यालय में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया

# झारखंड वीरों की भूमि, आदिवासी समुदाय भारतीय सभ्यता और संस्कृति के अभिन्न अंग : राज्यपाल

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** रांची विश्वविद्यालय में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का थीम जोहार संगी रखा गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन रहे। उन्होंने कहा कि झारखंड वीरों की भूमि है। इस राज्य में धरतीआबा बिरसा मुंडा, वीर बुधु भगत, सिदो-कान्हु, चांद-भैरव, फूलो-झान्हो, जतरा भगत, दिवा किशुन समेत अनेक महान विभूति हुए हैं, जिन्होंने देश व समाज के लिए अपना सबकुछ न्यौछावर कर दिया। मैं इस अवसर पर इन महान सपूतों के साथ अन्य संभी विभूतियों को नमन करता हूं। हमारे देश की जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा जनजातियों का है। संभी जानते हैं कि अति प्राचीन काल से ही आदिवासी समुदाय भारतीय संभ्यता व संस्कृति के अभिन्न अंग रहे हैं। इस समुदाय का इतिहास काफी समृद्ध रहा है। विश्व स्तर पर इसकी अमिट पहचान रही है। जनजातियों की कला, संस्कृति, लोक सहित्य, परंपरा एवं रीति-रिवाज समृद्ध रही है। जनजातीय गीत एवं नृत्य बहुत मनमोहक है। उनके गायन और नृत्य उनके समुदाय तक ही सीमित नहीं हैं। जनजाति समाज प्रकृति प्रेमी होते हैं। इसकी झलक इनके पर्व-त्योहारों में भी दिखती है। ग्लोबल वार्मिंग के दौर में प्रकृति की रक्षा करना प्रत्येक मानव का कार्य है। दीक्षांत मंडप में आयोजित इस कार्यक्रम में झारखंडी गीत, संगीत संस्कृति और परंपरा देखने को मिला। पद्मश्री मधु मंसूरी ने अपने गीतों से दर्शकों का मन मोह लिया। कॉन्क्लेव की शुरूआत मानभूम छऊ नृत्य से की गयी। झारखंड राज्य में लगंभग 3.28 करोड़ से अधिक की आबादी में जनजातियों की संख्या आबादी का लगंभग 28% है। राज्य में 32 अनुसूचित जनजातियां और 8 पर्टिकुलरली वल्नरेबल ट्राइबल ग्रुप (पीवीटीजी) है। मैंने राज्य के संभी 24 जिलों के विभिन्न पंचायतों के भ्रमण के क्रम में संभी वर्ग के लोगों से संवाद किया और उनमें कौशल देखा है। आप लोगों को देश की राष्ट्रपति व झारखंड राज्य की पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू जी से प्रेरणा लेनी चाहिए, जिन्होंने विषम परिस्थिति होने के बावजूद उच्च शिक्षा ग्रहण किया। आपका जीवन निस्संदेह देश की बेटियों के लिए एक आदर्श है।

एचसी ने सीबीआई व सरकार से मांगा जवाब

## एनटीपीसी भूमि अधिग्रहण मुआवजा घोटाला इडी ने कहा प्रारंभिक जांच शुरू

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** हजारीबाग में एनटीपीसी के लिए हुए भूमि अधिग्रहण के दौरान कथित रूप से हुए तीन हजार करोड़ के भूमि-मुआवजा घोटाला की जांच को लेकर दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थी मंटू सोनी के अधिवक्ता अभिषेक कृष्ण गुप्ता और राहुल मिश्रा ने सीबीआई और राज्य सरकार द्वारा जवाब दाखिल नहीं किए जाने की बात कोर्ट के समक्ष रखी। वहीं ईडी की तरफ से अधिवक्ता अमित दास ने कोर्ट को बताया कि ईडी की तरफ से प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने सीबीआई और राज्य सरकार को दो सप्ताह में जवाब देने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई।हजारीबाग में भूमि-मुआवजा से संबंधित गड़बड़ियों के सामने आने के बाद वर्ष 2016 में तत्कालीन उपायुक्त मुकेश कुमार की अनुसंशा पर, राज्य सरकार ने रिटायर्ड आईएएस अधिकारी देवाशीष गुप्ता की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एसआईटी टीम गठित की थी। एसआईटी की टीम ने राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट में 3000 करोड़ के भूमि मुआवजा घोटाले किए जाने और 300 करोड़ मुआवजा बांट दिए जाने की जानकारी दी थी। प्रार्थी के मुताबिक, राज्य सरकार द्वारा कार्रवाई के नाम पर अब तक सिर्फ एनटीपीसी के प्रबंध निदेशक और हजारीबाग उपायुक्त को पत्राचार किया गया है। वहीं देवाशीष गुप्ता की अध्यक्षता वाली रक्ळ की रिपोर्ट फिलहाल सार्वजनिक नहीं की गई है। जानकारी के मुताबिक, रिपोर्ट में कई रसूखदारों द्वारा सरकारी गैर मजरुआ खास-आम भूमि,सार्वजनिक उपयोग की जाने वाली जमीन,श्मशान घाट,स्कूल,मैदान आदि जमीनों का भी फर्जी कागजात बनाकर मुआवजे की बंदरबांट की गयी थी।

हेमंत सोरेन 14 अगस्त को दोबारा पूछताछ के लिए ईडी ने समन भेजा है

# आजाद भारत के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन: बाबूलाल मरांडी

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर हमला बोला। कहा कि 18 नवंबर 2022 को हुई 10 घंटे की पूछताछ के बाद 14 अगस्त को दोबारा पूछताछ के लिए ईडी ने समन भेजा है। राज्य के मुख्यमंत्री ने इतिहास रचा है। वे देश के इतिहास में सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री का खिताब पानेवाले पहले मुख्यमंत्री हो गये हैं। इतना ही नहीं, वे सीटिंग सीएम के रूप में ईडी के समक्ष प्रस्तुत होनेवाले पहले मुख्यमंत्री हैं।उन्होंने कहा कि इस बार हेमंत सोरेन ने स्वयं व परिवार के नाम से राजधानी रांची में आदिवासी की जमीन हड़पते हुए जो घोटाला किया है व जो मनी लांड्रिंग की है उसके बारे में पूछताछ होगी। उन्होंने कहा कि उन्हें जवाब देना ही होगा कि उनके खानदान व उन्होंने गरीब आदिवासी की जमीन हड़पी या नहीं। कहा कि ऐसे में तिलमिलाए मुख्यमंत्री जांच एजेंसियों पर जरूर सवाल खड़ा करेंगे। लेकिन इससे सच्चाई नहीं छुप सकती। कहा कि अब कोई आदिवासी कार्ड आपके काम नहीं आयेगा क्योंकि जनजाति समाज आपको समझ चुका है। आपको जनजाति समाज प्रिय नहीं है बल्कि लूट में साथ देने वाले साथी प्रेम प्रकाश, अमित अग्रवाल, पंकज मिश्रा आपके प्रिय हैं। और फंसने पर आदिवासी याद आने लगते हैं।

## पार्टी आलाकमान के बुलावे पर बाबूलाल दिल्ली रवाना

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने समन भेजकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 14 अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया है। इसी बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बुधवार को दिल्ली रवाना हो गये हैं। सूत्रों के मुताबिक सीएम को समन मामले में बाबूलाल को पार्टी आलाकमान ने दिल्ली बुलाया है। बाबूलाल मरांडी दिल्ली में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और केंद्रीय मंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं से मिल सकते हैं, जहां ईडी द्वारा मुख्यमंत्री को पूछताछ के लिए बुलाए जाने के मुद्दे पर प्रदेश में सरकार को घेरने की रणनीति तैयार होगी। चुनाव से पहले भाजपा को एक और बड़ा मुद्दा मिल चुका है। पार्टी इसे कैश करने के लिए पूरी रणनीति के साथ सरकार के खिलाफ उतरेगी। इससे पहले मंगलवार को बाबूलाल मरांडी ने कहा था कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इतिहास रचा है। वे देश के इतिहास में सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री का खिताब पाने वाले पहले मुख्यमंत्री हो गए हैं। इतना ही नहीं वे सिटिंग सीएम के रूप में ईडी के समक्ष प्रस्तुत होने वाले पहले मुख्यमंत्री हैं। बाबूलाल मरांडी ने यह भी कहा कि अब कोई आदिवासी कार्ड मुख्यमंत्री के काम नहीं आयेंगे, क्योंकि जनजाति समाज उनको समझ चुका है।

## स्वर्णरेखा परियोजना प्रभारी विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी रंजना मिश्रा पर चलेगी विभागीय कार्यवाही

**राष्ट्रीय खबर**




**रांची:**झारखंड प्रशासनिक सेवा की अधिकारी व तत्कालीन प्रभारी विशेष-भू अर्जन पदाधिकारी संख्या 1, सुवर्णरेखा परियोजना मानगो के रंजना मिश्रा पर विभागीय कार्यवाही संचालित की जायेगी। उनके विरूद्ध प्राक्कलन की बिना जांच किए अभिलेख उपायुक्त सरायकेला-खरसावां को उपस्थापित करने, अभिलेख के गहन छानबीन किए बिना एवं स्थल जांच किए बिना प्राक्कलन तैयार कर वादी के दावा को सही बनाकर वरीय पदाधिकारी के समक्ष अनुमोदन के लिए भेजना, आयुक्त कार्यालय, कोल्हान प्रमंडल के सात दिसंबर 2007 के पद द्वारा की गयी कारण पृच्छाओं पर चार साल से अधिक समय तक कोई कार्रवाई नहीं करने सहित अन्य आरोप हैं। पूरे मामले पर जलसंसाधन विभाग झारखंड द्वारा 23 नवंबर 2022 को आरोप पत्र गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की गयी थी। मामले की जांच में प्रथमदृष्ट्या आरोप प्रमाणित पाया गया। इसके बाद पूरे मामले की विभागीय जांच संचालन पदाधिकारी रिटायर आइएएस रमकांत सिंह से जांच कराने का फैसला लिया गया है। झाप्रसे सेवा की उक्त अधिकारी से 15 दिनों में जवाब मांगा गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

## अगस्त क्रांति दिवस पर कांग्रेस भवन में शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि




**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेस भवन में बुधवार को अगस्त क्रांति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने वीर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, प्रवक्ता डॉ एम तौसीफ, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, उज्ज्वल तिवारी आदि उपस्थित थे।

**अत्याचार** विश्व आदिवासी दिवस पर कांग्रेस का आदिवासी गौरव महासभा

# बंधु तिर्की ने आदिवासियों पर बढ़े अत्याचार के लिए भाजपा को ठहराया जिम्मेदार

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** आज यानी बुधवार को विश्व भर में आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। राजनीतिक पार्टियां भी आदिवासी दिवस के अवसर पर तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं। एआईसीसी के निर्देश पर आज देशभर में विश्व आदिवासी दिवस को आदिवासी गौरव महासभा के रूप में मनाया जा रहा है। झारखंड कांग्रेस की ओर से जतरा मैदान, बन्हौरा में आदिवासी गौरव महासभा का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री बादल पत्रलेख और मंत्री बन्ना गुप्ता सहित झारखंड कांग्रेस के सभी बड़े नेता मौजूद रहे। मानसून की रिमझिम फुहारों के बीच आदिवासी गौरव महासभा में भाग लेने के लिए अलग-अलग इलाकों से पारंपरिक लिबास में पहुंचें जनजातीय समाज के लोग छतरी लगाकर कार्यकम्र में डटे रहें। एयरपोर्ट से सीधे कार्यक्रम स्थल पहुंचें झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने बन्हौरा जतरा मैदान में सरना धमार्नुसार जतरा पूजा कर आदिवासी गौरव महोत्सव की शुरूआत की।आज के कार्यक्रम में संयोजक की भूमिका निभा रहे पूर्व मंत्री सह कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि देश में आदिवासियों के साथ जो अत्याचार हो रहा है। उस जख्म में मरहम लगाने का काम आदिवासी गौरव महासभा करेगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी प्रकृति के प्रहरी होते हैं। कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि मणिपुर और मध्यप्रदेश की घटना से साफ हो गया है कि एक पार्टी विशेष के कारण कैसे आदिवासियों पर अत्याचार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वन संरक्षण कानून को बदल कर केंद्र की सरकार ने जंगल को पूंजीपतियों के हवाले करने का रास्ता साफ कर दिया है। ऐसे में आज हमें संकल्प लेना है कि कैसे हम जल, जंगल और जमीन को बचाने की लड़ाई लड़ेंगे। बंधु तिर्की ने कहा कि कांग्रेस ने जो अधिकार आदिवासियों, वनवासियों को दिया था। उसे समाप्त करने पर भाजपा की सरकार लगी है।विश्व आदिवासी दिवस पर बड़ी संख्या में जनजातीय महिला पुरुषों ने परंपरागत तरीके से नृत्य कर समां बांध दी। विश्व आदिवासी दिवस पर अलग-अलग इलाकों से बड़ी संख्या में आदिवासी महिलाएं और पुरुषों ने प्रभातफेरी की शक्ल के जुलूस भी निकाला। मणिपुर और मध्य प्रदेश की घटना के विरोध के साथ-साथ सरना धर्म कोड लागू करने जैसे मांग लगी तख्तियां भी लोगों के हाथों में थी।

## पेज एक का शेष

### भाजपा देशप्रेमी नहीं .. .. ..

और कुम्भकर्ण की सुनता था और श्री मोदी भी केवल दो व्यक्तियों अमित शाह और अडानी की सुनते हैं। इस दौरान उन्होंने श्री मोदी के साथ उद्योगपति गौतम अडानी के चित्र भी दिखाये। श्री गांधी ने कहा, लंका को हनुमान ने नहीं जलाया, रावण के अहंकार ने जलाया। राम ने रावण ने नहीं मारा, रावण को उसके अहंकार ने मारा। उन्होंने सत्ता पक्ष की ओर से इशारा करते हुए कहा, आपने मणिपुर में केरोसिन फेंकी। आप पूरे देश में आग लगाना चाहते हो। मंगलवार को शुरू हुई चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि मणिपुर को दो भागों में विभाजित कर दिया गया है। वहां बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों के साथ हिंसा की भीवत्स घटनायें हुई हैं। वहां एक दिन में शांति लायी जा सकती है, सेना को तैनात कर दिया जाए तो स्थिति सामान्य करने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा, लेकिन आप सेना को तैनात नहीं करते। श्री गांधी मणिपुर के अपने दौरे के अनुभव सुनाते हुए प्रधानमंत्री की आलोचना की कि वह वहां एक बार भी नहीं गये। कांग्रेस नेता ने इससे पहले अपनी भारत जोड़ो यात्रा और अपनी जातीय हिंसा से ग्रस्त मणिपुर दौरे का जिक्र किया। श्री गांधी के वक्तव्य के दौरान कई बार सत्ता पक्ष के सदस्यों ने टोका-टोकी और शोरगुल किया। विपक्षी सदस्यों ने इसका प्रतिकार किया। एक बार तो कुछ विपक्षी सदस्य अध्यक्ष के आसन के समक्ष आ गये । अध्यक्ष ओम बिरला ने इस पर विपक्षी सदस्यों को आगाह करते हुए कहा कि इस तरह का बर्ताव करने वाले सदस्यों के विरुद्ध कार्रवाई होगी।

### तीन हजार से अधिक .. ..

ईरान ने विश्व शक्तियों के साथ अपने ध्वस्त परमाणु समझौते पर बातचीत को लेकर पश्चिम पर दबाव बनाने की कोशिश में फारस की खाड़ी के संकीर्ण मुहाने, जलडमरूमध्य में कई जहाजों को जब्त कर लिया है। ट्रम्प प्रशासन द्वारा ईरान के 2015 के परमाणु समझौते से हटने और प्रतिबंधों को बहाल करने के बाद से तनाव लगातार बढ़ रहा है।

### सेना ने मणिपुर पुलिस .. ..

ने मंगलवार देर रात एक बयान में कहा कि कुछ शत्रु तत्वों ने केंद्रीय सुरक्षा बलों, विशेषकर असम राइफल्स की भूमिका, इरादे और अखंडता पर सवाल उठाने की हताशापूर्ण, बार-बार और असफल कोशिशें की हैं, जो लोगों की जान बचाने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। यह समझने की जरूरत है कि मणिपुर में जमीनी स्थिति की जटिल प्रकृति के कारण, विभिन्न सुरक्षा बलों के बीच सामरिक स्तर पर कभी-कभी मतभेद होते हैं। हालाँकि, कार्यात्मक स्तर पर ऐसी सभी गलतफहमियों को मणिपुर में शांति और सामान्य स्थिति की बहाली के प्रयासों में तालमेल बिठाने के लिए संयुक्त तंत्र के माध्यम से तुरंत संबोधित किया जाता है। सेना ने कहा कि पिछले 24 घंटों में असम राइफल्स को बदनाम करने के उद्देश्य से दो मामले सामने आए। जबकि पहले मामले में, असम राइफल्स बटालियन ने दो समुदायों के बीच हिंसा को रोकने के उद्देश्य से बफर जोन दिशानिदेर्शों को सख्ती से लागू करने के एकीकृत मुख्यालय के आदेश के अनुसार सख्ती से काम किया, जबकि दूसरा मामला असम राइफल्स को एक क्षेत्र से बाहर ले जाने का था। क्षेत्र का उनसे कोई संबंध ही नहीं था। सेना ने कहा कि सेना की एक पैदल सेना बटालियन उस क्षेत्र में तैनात है (मई में संकट उत्पन्न होने के बाद से) जहां से असम राइफल्स को हटाने की कहानी बनाई गई है। एक दिन पहले, मणिपुर सरकार ने चुराचांदपुर-बिष्णुपुर सीमा पर कई चेक पोस्टों में से एक से असम राइफल्स को बदलने का आदेश दिया था। बयान में कहा गया है कि भारतीय सेना और असम राइफल्स मणिपुर के लोगों को आश्वस्त करते हैं कि हम पहले से ही अस्थिर माहौल में हिंसा को बढ़ावा देने वाले किसी भी प्रयास को रोकने के लिए अपने कार्यों में दृढ़ और दृढ़ बने रहेंगे।

एक रक्षा सूत्र ने कहा कि वह स्थान (5 अगस्त की घटना में) जहां पुलिस टीम आगे बढ़ना चाहती थी वह एक बफर जोन था और संयुक्त मुख्यालय से निर्देश थे कि केवल केंद्रीय सुरक्षा बल ही वहां काम करेंगे। केंद्र ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और सेना को तलहटी में बफर जोन में तैनात किया है, जहां कुकी और मैतेई बस्तियां एक-दूसरे से सटे हुए हैं।

### हीरे सतह पर कैसे .. ..

किम्बरलाइट्स महाद्वीपों के सबसे पुराने, सबसे घने, मजबूत हिस्सों में पाए जाते हैं। नए शोध में पिछले अरब वर्षों में हुए इन ज्वालामुखी विस्फोटों पर वैश्विक टेक्टोनिक ताकतों के प्रभाव की जांच की गई। यह निष्कर्ष नेचर पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं।

साउथम्प्टन विश्वविद्यालय में पृथ्वी विज्ञान के प्रोफेसर और प्रिंसिपल रिसर्च फेलो और अध्ययन के प्रमुख लेखक टॉम गर्नॉन ने कहा, हीरे के विस्फोट का पैटर्न चक्रीय है, जो सुपरकॉन्टिनेंट की लय की नकल करता है, जो बार-बार इकट्ठा होते हैं और टूट जाते हैं। लेकिन पहले हमें नहीं पता था कि किस प्रक्रिया के कारण हीरे अचानक फूटते हैं, लाखों या अरबों साल खर्च करके पृथ्वी की सतह से 150 किलोमीटर नीचे छिपाकर रखे जाते हैं। इस प्रश्न का समाधान करने के लिए, टीम ने महाद्वीपीय विघटन और किम्बरलाइट ज्वालामुखी के बीच संबंध की फोरेंसिक जांच करने के लिए मशीन लर्निंग सहित सांख्यिकीय विश्लेषण का उपयोग किया। परिणामों से पता चला कि अधिकांश किम्बरलाइट ज्वालामुखियों का विस्फोट पृथ्वी के महाद्वीपों के विवर्तनिक विखंडन के 20 से 30 मिलियन वर्ष बाद हुआ। साउथम्प्टन विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अनुसंधान फेलो डॉ. थिया हिंक्स ने कहा, भू-स्थानिक विश्लेषण का उपयोग करते हुए, हमने पाया कि किम्बरलाइट विस्फोट समय के साथ महाद्वीपीय किनारों से धीरे-धीरे आंतरिक भागों की ओर स्थानांतरित होते हैं जो महाद्वीपों में एक समान दर पर होते हैं।

जीएफजेड पॉट्सडैम में जियोडायनामिक मॉडलिंग अनुभाग के प्रमुख और अध्ययन के सह-लेखक डॉ. साशा ब्रुने ने यह जांचने के लिए सिमुलेशन चलाया कि यह प्रक्रिया कैसे सामने आती है। उन्होंने कहा, महाद्वीपीय जड़ के साथ बहते समय, ये विघटनकारी प्रवाह महाद्वीपीय प्लेट के आधार से दसियों किलोमीटर मोटी चट्टान की एक बड़ी मात्रा को हटा देते हैं। मॉडलों में अनुमानित विशिष्ट प्रवासन दर वैज्ञानिकों द्वारा किम्बरलाइट रिकॉर्ड से देखी गई दर से मेल खाती है। डॉ. गर्नोन ने कहा, उल्लेखनीय बात यह है कि यह प्रक्रिया किम्बरलाइट्स उत्पन्न करने के लिए पर्याप्त मात्रा में पिघलने के लिए आवश्यक सामग्रियों को सही मात्रा में एक साथ लाती है। टीम के शोध का उपयोग इस प्रक्रिया से जुड़े पिछले ज्वालामुखी विस्फोटों के संभावित स्थानों और समय की पहचान करने के लिए किया जा सकता है। पृथ्वी की सतह के पर्यावरण और जलवायु पर भी गहरा प्रभाव डाल सकता है, इसलिए हीरे सिर्फ इस प्रमुख घटना का एक हिस्सा हो सकते हैं।

### गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने जर्जर सड़क पर उतरे

बुढ़मू : बुढ़मू प्रखंड के चकमे से मतवे जाने वाला जर्जर पथ को नहीं बनाए जाने को लेकर आसपास के ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है और आक्रोश व्यक्त किया है। इस दौरान प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि तापेश्वर मिश्रा के नेतृत्व में आसपास गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने जर्जर सड़क पर उतर आए। और सड़क पर बने सभी गड्ढे के पानी में धन रोपनी कर विभाग के अधिकारियों एवं सरकार के प्रति नाराजगी जताते हुए और आक्रोश व्यक्त करते हुए नजर आए। मौके पर आसपास गांव के दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।





web: www.rashtriyakhabar.com

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 218 | epaper.rashtriyakhabar.com | श्रावण (अधिक), कृष्णपक्ष दशमी, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

एकं हन्यान्न वा हन्यादिषुर्मुक्तो धनुष्मता।
बुद्धिर्बुद्धिमतोत्सृष्टा हन्याद्राष्टं सराजकम्॥

भावार्थ : निशाना लगाकर धनुर्धर द्वारा छोड़ा गया बाण तो निशाने से चूक सकता है, लेकिन बुद्धिमान व्यक्ति किसी का अनिष्ट करने की ठान ले, तो कभी नहीं चूकता, चाहे उसका लक्ष्य सम्राट हो, चाहे साम्राज्य हो।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 28.00 °c | 24.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18.25 बजे
सूर्योदय (कल) » 05.22 बजे

## हॉलिडे होम में आग, 11 लोग लापता

**पेरिस:** फ्रांस के पूर्वी इलाके में स्थित सीखने की अक्षमता वाले दिव्यांग लोगों के लिए बनाये गये एक हॉलिडे होम में बुधवार को आग लगने के बाद से 11 लोग लापता हैं। बुधवार को स्थानीय समयानुसार 06:30 बजे आपातकालीन सेवाओं को अलर्ट किए जाने के बाद लगभग 80 अग्निशामकों को विटजेनहेम में आग बुझाने के लिए भेजा गया था। ऐसा प्रतीत होता है कि इसकी शुरुआत विकलांग युवाओं की मदद करने वाली एक चैरिटी द्वारा उपयोग की जाने वाली संपत्ति से हुई है।इस आग से 17 लोगों को सुरक्षित बचाया गया। एक व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया है। बचाव अभियान जारी होने की पुष्टि करते हुए आंतरिक मंत्री गेराल्ड डर्मैनिन ने कहा कि संभावना है कि जर्मन सीमा के करीब शहर में आग से कई लोग हताहत हुए होंगे। एक एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार स्थानीय सरकार ने एक बयान में कहा कि आग नियंत्रण में है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार लापता 11 लोग पूर्वी फ्रांस के नैन्सी के लोगों के एक समूह का हिस्सा हैं।

## रूस में विस्फोट, जगह खाली करने का आदेश

**मास्को:** रूस की राजधानी मास्को में सर्गेई पोसाद इलाके में ऑप्टिकल-मशीनी संयंत्र में हुए विस्फोट के बाद इलाके को पूरी तरह से खाली कराने को कहा गया है। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इससे पहले आपातकालीन सेवाओं ने रूसी न्यूज एजेंसी से बुधवार को कहा कि सर्गेई पोसाद स्थित एक ऑप्टिकल मशीनी संयंत्र (चश्मा बनाने वाले संयंत्र) में विस्फोट हुआ है। इस घटना और पीड़ितों के बारे में जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, कानून प्रवर्तन एजेंसियों तथा डिस्ट्रिक्ट प्रमुख मौके पर पहुंच गए हैं। इस इलाके में स्थित सभी इमारतों और किराये की दुकानों सहित सभी वर्कशॉप्स को पूरी तरह से खाली कराने की घोषणा की गयी।

## बुद्धदेव भट्टाचार्य को अस्पताल से मिली छुट्टी

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्जी को बुधवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है। श्री भट्टाचार्जी को 29 जुलाई को श्वसन संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह पत्नी के साथ अस्पताल से दक्षिण कोलकाता स्थित अपने घर गये। श्री भट्टाचार्य को 11 दिनों के इलाज के बाद छुट्टी मिली। वह 29 जुलाई से सांस लेने में दिक्कत के चलते अस्पताल में भर्ती हुए थे। डॉक्टरों की एक टीम घर पर उनकी देखरेख करेगी। वह वर्ष 2000 में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बने थे और वर्ष 2011 तक इस पद पर बने रहे थे।

## तुर्की की सेना ने सीरिया में वाईपीजी के चार सदस्यों को मार गिराया

**अंकारा:** तुर्की की सेना उत्तरी सीरिया में सीरियाई कुर्द पीपुल्स प्रोटेक्शन यूनिट्स (वाईपीजी) के कम से कम चार सदस्यों को मार गिराया है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, तुर्की सशस्त्र बलों ने एक अभियान में वाईपीजी सदस्यों को निष्प्रभावी कर दिया। हम उन आतंकवादियों के खिलाफ अभियान जारी रखेंगे, जो सीरिया में लोगों की शांति और सुरक्षा को बाधित करना चाहते हैं। तुर्की के अधिकारी अक्सर अपने बयानों में आतंकवादियों के आत्मसमर्पण या उनकी मौत के लिए निष्प्रभावी शब्द का उपयोग करते हैं। पिछले कुछ हफ्तों में उत्तरी सीरिया में तुर्की सेना और वाईपीजी के बीच टकराव तेज हो गया है। मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा था कि वाईपीजी के पांच सदस्य उत्तरी सीरिया में तुर्की के बलों द्वारा मार गिराये गए। इस घटना के समय आतंकवादी हमले की तैयारी कर रहे थे।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**प्रहार** › लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर दोनों पक्षों में तीखी बहस जारी

# भाजपा देशप्रेमी नहीं देशद्रोही है: राहुल गॉंधी

- नरेंद्र मोदी की तुलना रावण से की
- मणिपुर को भाजपा सरकार ने बांटा
- पूर्वोत्तर की आग का देश पर असर

राष्ट्रीय खबर

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को देशद्रोही करार दिया और कहा कि इस पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने मणिपुर को विभाजित किया और वहां भारत मां की हत्या की है। श्री गांधी ने मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा के दूसरे दिन पहले वक्ता के रूप में अपने लंबे और तीखे भाषण में अपनी भारत जोड़ो यात्रा की कहानी और अनुभवों का जिक्र करते हुए कहा, भारत एक आवाज है, किसानों और गरीबों की आवाज है। आपने इस आवाज की मणिपुर में हत्या की, इस तरह आपने वहां भारत माता की हत्या की है।

अपने भाषण की शुरुआत में राहुल गांधी ने कहा कि आज भाजपा के सांसदों को परेशान होने की कोई जरूरत ही नहीं है क्योंकि वह फिर से अडानी के मुद्दे पर कुछ बोलने नहीं जा रहे हैं। आज उनकी बात का केंद्र मणिपुर है। इस पर भी भाजपा की तरफ से हंगामा हुआ। उन्होंने सत्ता पक्ष के कई मंत्रियों और सदस्यों की टोकाटोकी के बीच कहा, आप देशप्रेमी नहीं हो, आप देशद्रोही हो। आप भारत माता के रखवाले नहीं हैं, भारत माता के हत्यारे हैं। मेरी एक मां यहां बैठी है, मेरी एक मां भारत माता है। केंद्र सरकार की वजह से आज मणिपुर का समाज दो हिस्सों में बंट चुका है। इसकी जिम्मेदारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की है, जिन्होंने इतना कुछ होने के बाद भी वहां के लोगों से मिलना उचित नहीं समझा।

इस दौरान अध्यक्ष ओम बिरला ने श्री गांधी को मर्यादाओं का ध्यान दिलाते हुए कहा, आप वरिष्ठ सदस्य हैं ,आप सदन में उचित भाषा का उपयोग करें। श्री गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए कहा, रावण केवल दो लोगों मेघनाद » पेज 2 भी देखें



### कांग्रेस का इतिहास खून से सना है : स्मृति

नयी दिल्ली: लोकसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास खून से सना है। राहुल गांधी के तुरंत बाद सत्ता पक्ष की ओर से महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में कश्मीरी पंडितों और उनकी महिलाओं-बच्चों के साथ तथा 1984 में सिख दंगों के दौरान महिलाओं के साथ किये गये अत्याचार का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस का इतिहास खून से सना है। श्रीमती ईरानी ने अविश्वास प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा कि मणिपुर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। मणिपुर में महिलाओं के साथ अत्याचार करने वाले गिरफ्तार किये जा रहे हैं और ऐसी घटनाओं की जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो कर रहा है। उन्होंने राजस्थान में बालिका के साथ बलात्कार की घटना का भी जिक्र किया और कहा कि कांग्रेस कभी उन घटनाओं का जिक्र नहीं करेगी। कांग्रेस सदस्यों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, इनके यहां पावर का बिंदु एक परिवार था, हमारे यहां सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अडानी और सरकार के बीच कथित संबंधों पर राहुल गांधी की टिप्पणी पर कहा, अडानी पर भी बोल देती हूं और एक चित्र दिखाते हुए कहा, जीजा उसके साथ क्या कर रहे हैं।

अमेरिकी नौ सेना के सेंट्रल कमांड के अनुसार, ईरान से तनाव

## तीन हजार से अधिक अमेरिकी सैनिक लाल सागर पहुंचे



राष्ट्रीय खबर

**दुबई:** अमेरिकी नौ सेना के सेंट्रल कमांड के अनुसार, ईरान के द्वारा व्यापारी जहाजों के उत्पीड़न और जब्ती के जवाब में 3,000 से अधिक अमेरिकी नाविक और नौसैनिक रविवार को हमलावर जहाज यूएसएस बाटन पर सवार होकर लाल सागर पहुंचे। यूएस फिफ्थ फ्लीट के प्रवक्ता कमांडर कमांडर ने कहा, ये इकाइयां महत्वपूर्ण परिचालन लचीलापन और क्षमता जोड़ती हैं क्योंकि हम इस साल की शुरूआत में ईरान के उत्पीड़न और व्यापारी जहाजों की जब्ती के कारण अस्थिर गतिविधि को रोकने और क्षेत्रीय तनाव को कम करने के लिए अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ काम करते हैं। वैसे भी ईरान और अमेरिका के बीच काफी समय से तनाव चल रहा है और अभी यूक्रेन युद्ध तथा परमाणु क्षमता विकसित करने की वजह से यह तनाव और बढ़ गया है। अमेरिकी नौसेना केंद्रीय बल कमान ने कहा कि यह आगमन पूर्व घोषित सैन्य तैनाती का हिस्सा है। अमेरिका का हमला जहाज स्वेज नहर के माध्यम से भूमध्य सागर से यात्रा करने के बाद रविवार को पहुंचा।

यूएस नेवल सेंट्रल फोर्सेज सेंट्रल कमांड ने कहा कि यूएसएस बाटन और डॉक लैंडिंग जहाज यूएसएस कार्टर हॉल अतिरिक्त विमानन और नौसैनिक संपत्ति, साथ ही अधिक अमेरिकी मरीन और नाविक लाते हैं, जो यूएस 5वें बेड़े को अधिक लचीलापन और समुद्री क्षमता प्रदान करते हैं। यह भी कहा गया कि हमला जहाज दो दर्जन से अधिक रोटरी-विंग और फिक्स्ड-विंग विमान और कई महत्वाकांक्षी लैंडिंग क्राफ्ट ले जा सकता है। डॉक लैंडिंग जहाज का उपयोग कई रोटरी-विंग विमानों, सामरिक वाहनों और उभयचर लैंडिंग क्राफ्ट के संचालन में किया जाएगा। 2019 के बाद से, » पेज 2 भी देखें

मैतेई समूहों का असम राइफल्स पर पक्षपात का आरोप गंभीर


## सेना ने मणिपुर पुलिस के आरोपों का खंडन किया

- कुकी आतंकवादियों को भगाने का आरोप
- सेना ने कहा वहां असम राइफल्स नहीं थी
- सेना अपनी जिम्मेदारी का सही पालन कर रही



राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** एक अभूतपूर्व कदम में, मणिपुर पुलिस ने देश के सबसे पुराने अर्धसैनिक बल असम राइफल्स के खिलाफ ड्यूटी में बाधा और आपराधिक धमकी के लिए एक आपराधिक मामला दर्ज किया है। पुलिस ने असम राइफल्स की 9वीं बटालियन के कर्मियों पर आरोपी कुकी उग्रवादियों को सुरक्षित क्षेत्र में भागने का मौका देने का आरोप लगाया है। 3 मई को जातीय हिंसा शुरू होने के बाद से घाटी में मैतेई नागरिक समाज समूहों और भाजपा के विधायकों द्वारा असम राइफल्स पर लगातार हमले किए जा रहे हैं। 7 अगस्त को, भाजपा के राज्य नेतृत्व ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें कहा गया कि असम राइफल्स पर जनता द्वारा केवल एक पक्ष का पक्ष लेने और समर्थन करके स्थिति से निपटने में उनकी पक्षपातपूर्ण भूमिका का आरोप लगाया गया है। उन्होंने मणिपुर से बल को स्थायी रूप से हटाने की मांग की। असम राइफल्स, जो म्यांमार सीमा पर भी तैनात है, सेना के परिचालन नियंत्रण में है। पहली सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) 5 अगस्त को मैतेई बहुल बिष्णुपुर क्षेत्र के क्वाक्टा में हुई घटना के मद्देनजर आई है, जहां एक पिता-पुत्र और एक अन्य व्यक्ति की सोते समय हथियारबंद बदमाशों ने हत्या कर दी थी, जिनके संदिग्ध सदस्य होने का संदेह था। कुकी समुदाय जो पड़ोसी चुराचांदपुर जिले से आया था। हत्याओं के बाद, मणिपुर पुलिस ने आरोप लगाया कि उनकी टीम को असम राइफल्स यूनिट ने संदिग्ध हमलावरों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान चलाने से रोक दिया था, जो इलाके में छिपे हो सकते थे। इसमें आरोप लगाया गया कि असम राइफल्स ने उनका रास्ता रोकने के लिए बख्तरबंद वाहनों का इस्तेमाल किया। उसी दिन मारपीट का एक वीडियो वायरल हो गया। सेना » पेज 2 भी देखें




**प्राकृतिक- प्रक्रिया** › पृथ्वी की काफी गहराई में बनते हैं सबसे बेशकीमती प्राकृतिक हीरे

# हीरे सतह पर कैसे आते हैं, इसे वैज्ञानिकों ने खोजा

- मैग्मा के साथ भी बाहर आता है हीरा
- हजार किलोमीटर दूर भी प्रतिक्रिया होती है
- भविष्य के शोध में तकनीक काम आने वाली है

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** प्राकृतिक हीरे शुद्ध कार्बन के स्वरुप हैं। इनके बनने की प्रक्रिया के बारे में भी पता है कि लाखों वर्षों तक धरती के अंदर के जबर्दस्त दबाव और ताप की वजह



से पेड़ पौधे ही कोयला बनते हैं। इनक बीच ही कुछ कुछ हीरे भी प्राकृतिक तौर पर बनते हैं। इसलिए हीरे की खदान काफी गहराई तक जाती है। इसके बाद भी कई बार ज्वालामुखी विस्फोट, भूकंप और सूनामी के दौरान लोगों को हीरे के टुकड़े मिलते हैं। यह हीरा कैसे धरती के ऊपर आता है, यह एक राज था। अब साउथम्प्टन विश्वविद्यालय के नेतृत्व में वैज्ञानिकों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने पता लगाया है कि पृथ्वी के अंदर से हीरे से भरपूर मैग्मा के निर्माण और विस्फोट के पीछे टेक्टोनिक प्लेटों का टूटना मुख्य प्रेरक शक्ति है। उनके निष्कर्ष हीरे की खोज उद्योग के भविष्य को आकार दे सकते हैं, जिससे यह पता चलेगा कि हीरे पाए जाने की सबसे अधिक संभावना कहां है। हीरे, आम तौर पर एक प्रकार की ज्वालामुखीय चट्टान में पाए जाते हैं जिन्हें किम्बरलाइट कहा जाता है। » पेज 2 भी देखें

### इस खोज ने वैज्ञानिकों को यह पता लगाने के लिए प्रेरित किया

कि कौन सी भूवैज्ञानिक प्रक्रिया इस पैटर्न को चला सकती है। उन्होंने पाया कि पृथ्वी का मेंटल - क्रस्ट और कोर के बीच की संवहन परत - क्रस्ट के खिसकने (या खिंचने) से बाधित होती है, यहाँ तक कि हजारों किलोमीटर दूर भी। बर्मिंघम विश्वविद्यालय में पृथ्वी प्रणाली में एसोसिएट प्रोफेसर और अध्ययन के सह-लेखक डॉ. स्टीफन जोन्स ने कहा, हमने पाया कि डोमिनोज प्रभाव यह समझा सकता है कि कैसे महाद्वीपीय टूटने से किम्बरलाइट मैग्मा का निर्माण होता है।

आयोजन

जल, जमीन, जंगल की रक्षा का लिया संकल्प

# जिले में धूमधाम से मना विश्व आदिवासी दिवस

- महिलाएं-पुरूष मांदर एवं नागड़े की थाप पर अपनी एकता का परिचय दिया
- हर वर्ष विश्व आदिवासी दिवस पर पौधरोपण करने की अपील की



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बोकारो जिले में अलग-अगल जगहों पर विभिन्न आदिवासी संगठनों एवं राजनीतिक पार्टी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया। दिशोम जाहेर सेवा ट्रस्ट बोकारो के कृष्णा कुमार सोरेन के नेतृत्व में सेक्टर 4 स्थित दिशोम जाहेर गढ़ परिसर में पौधरोपण कर विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। उन्होंने सभी आदिवासी समाज के लोगों को हर वर्ष विश्व आदिवासी दिवस पर पौधरोपण करने की अपील की। साथ ही उपस्थित लोगों ने प्रकृति की सुरक्षा करने का संकल्प लिया। इसके बाद आदिवासी महापुरुषों को याद कर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। जिप सदस्य सह समाजसेवी सुनीता टुडू एवं दिशोम जोगमांझी सुनील कुमार टुडू ने जिले में स्थित महापुरूष भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धो-कानू, बाबा भीमराव अंबेडकर, महात्मा गांधी, डॉ राजेंद्र प्रसाद एवं जैनामोड़ चौक तिलका मांझी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस मनाने के लिए पेटरवार के लिए प्रस्थान हुए। वहीं कुड़मालि भाखि चारि आखड़ा द्वारा चास स्थित आईटीआई मोड़ से विनोद बिहारी महतो स्टेडियम तक भव्य शोभायात्रा एवं झांकी निकाली। इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं-पुरूष मांदर एवं नागड़े की थाप पर अपनी एकता का परिचय दिया। वहीं सेक्टर 12 स्थित सरना स्थल में बोकारो सरना विकास समिति, जुग जाहेर सुसार सोसाइटी एवं बिरसा बासा में कांग्रेस पार्टी द्वारा विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया।

तेतुलिया मिरूगढ़ ग्राम प्रधान नंदकिशोर टुडू व सहयोगी जनता मासांग मुर्मू व महिला समूह के नेतृत्व में जल, जमीन, जंगल की रक्षा करने का संकल्प लिया। इस दौरान कई किस्म के वृक्षों का रोपण किया गया। ग्राम प्रधान श्री टुडू ने जोर देकर कहा कि इस खास अवसर पर हम सभी आदिवासी एकजूट होकर रहने व इसकी रक्षा के लिए हमेशा युवा पीढ़ी को आगे आने की जरूरत है।

**जैनामोड़ में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस**

जरीडीह प्रखंड के जैनामोड़ चौक पर विभिन्न आदिवासी समाज के लोगों द्वारा बाबा तिलका मांझी के आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण कर विश्व आदिवासी दिवस मनाया। आदिवासी समाज के आतु सुसार समिति के अध्यक्ष सोहराय हांसदा ने कहा कि सरकार का यह एक अच्छी पहल है। इससे दबे-कुचले आदिवासी लोगों को अपने अधिकार के प्रति सजग होने का सुनहरा अवसर दिया है। झामुमो जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी ने कहा कि सरकार की अच्छी पहल से राज्य और देश में आदिवासी समाज को बहुत बड़ा सम्मान मिला है। मौके पर मणिनद्र हेंब्रम, सोनू सोरेन, अंबिका देवी, अरबिंद सोरेन, लक्ष्मण हेंब्रम, शहदेव सोरेन, कृष्ण किशोर मूर्मू, चामू मरांडी, राहुल सोरेन, मनोज हेंब्रम, चाणडाल हांसदा, सुनील किस्कू, राजदेव टुडू, बाबुचंद मरांडी, रामू राम मरांडी, महादेव मूर्मू, बाबूलाल हांसदा, सोमर मुंडा, सूरजन मरांडी, सुमित्रा देवी,

**नंदलाल मूर्मू ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया**

नया मोड़ स्थित बिरसा सेवाश्रम में आदिवासी सांस्कृतिक विकास परिषद की ओर से विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम मनाया गया।अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष फ्रांसिस श्रवण ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) हरिमोहन झा, महाप्रबंधक (विधि) जन तपन कंगारू थे। अतिथियों ने आश्रम परिसर में भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया और कार्यक्रम में आए लोगों को आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

**शहादत दिवस पर चौका के खुंचीडीह में शहीद निर्मल महतो को दी गई श्रद्धांजलि**

**चांडिल :** शहीद निर्मल महतो को उनकी शहादत दिवस के अवसर पर मंगलवार को चौका के खुंचीडीह स्थित उनके मूर्ति पर माल्यार्पण कर लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस दौरान ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में किए गए उनके कार्यो को याद कर किया गया। इस दौरान झामुमो नेता सुकराम हेंब्रम ने कहा कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन के दौरान शहीद निर्मल महतो अहम भूमिका अदा की थी। उन्होंने कहा ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र शहीद निर्मल महतो का कर्मभूमि रहा है। यहां के लोगों के साथ उनका मधुर संबंध था। इस अवसर पर मो मूर्तज समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## राहुल गांधी की सदस्यता बहाल होने पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न

राष्ट्रीय खबर

**चांडिल :** राहुल गांधी की सांसद सदस्यता बहाल होने की खुशी में बुधवार को ईचागढ़ के कांग्रेस कार्यकताओं ने टीकर में कांग्रेस नेता अजय कुमार साहू के नेतृत्व में लोगों के बीच मिठाई बांट कर जश्न मनाया। इस दौरान उपस्थित कार्यकताओं ने जमकर राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे भी लगाए।

मौके पर मौजूद कांग्रेसियों ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर झारखण्ड के तमाम आदिवासियों को शुभकामनाएं भी दीं। इस दौरान अजय कुमार साहू ने कहा कि आदिवासी प्रकृति, संस्कृति और परंपरा के रक्षक होते हैं। उन्हीं की वजह से हमारा वजूद सुरक्षित है। इसके अलावा राहुल गांधी की सदस्यता बहाली पर कहा कि सत्य परेशान हो सकता है। लेकिन कभी पराजित नहीं हो सकता। यह बात माननीय सुप्रीम कोर्ट के माध्यम से राहुल गांधी ने सिद्ध किया है। भाजपा ने साजिश के तहत उनकी सदस्यता रद्द कराई थी किन्तु अदालत ने उस साजिश पर पानी फेर दिया। निश्चित रूप से 2024 के लोकसभा आम चुनाव में इंडिया गठबंधन भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगी और राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस के ईचागढ़ प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप, दिगंबर सिंह मुण्डा,तपन कुमार गोप, स्वरूप दत्त, दुर्गा साहू,दीपक साहू,अजय गोप, कृष्ण गोप, श्यामलाल सिंह मुण्डा, पशुपति सिंह मुण्डा आदि सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## उत्साह पूर्वक मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस



राष्ट्रीय खबर

**तमाड:** तमाड़ प्रखंड के मुरपा सालगाडीह में विश्व आदिवासी दिवस बुधवार को धुम धाम से उत्साह पूर्वक मनाया गया। पंचपरगना आदिवासी समाज द्वारा कार्यक्रम 8 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ पंच परगना क्षेत्र के प्रमुख पाहन पुजारियों द्वारा सिंगबोंगा की पूजा अर्चना सखुआ डाली गाड़ कर किया गया। तत्पश्चात आदिवासी समाज के अगुआ और वीर शहीदों को बारी बारी से सभी उपस्थित आदिवासी समुदाय के लोगों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। कार्यक्रम में पंचपरगना क्षेत्र से आये प्रमुख आदिवासी समुदाय के लोगों के द्वारा उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा गया कि 9 अगस्त 1994 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के जेनेवा में पहली बार विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया जो आज 2023 में भी सलगाडीह में मनाया जा रहा है जो आगे भी मनाया जाएगा। विश्व आदिवासी दिवस मनाने का उद्देश्य आदिवासी समाज को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, पारंपरिक, शैक्षणिक,न्यायिक अधिकारिता के क्षेत्र में बढ़ावा देना है। संगठित होकर समाज को मजबूत होने हेतू समाज में फैले बुराईयों को भी छोड़ने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में यदुगोपाल मुंडा, मुखिया अनिता देवी, मुखिया रेखा देवी, सुशीला देवी, लखन मुंडा, सबरन मुंडा, ग्राम प्रधान लक्ष्मण सिंह मुंडा, दुबराज मांझी, प्रेमशाही मुंडा, लखीन्द मुंडा, दीना मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, शिवलोचन सिंह मुंडा, कन्हाई पातर, पूर्ण चंद्र मुंडा, लाल मोहन मुंडा समभु सिंह मुंडा , हरि सिंह मुंडा, सहदेव मुंडा, सिदाम मुंडा, रामधन मुंडा, हिकि्कम सिंह मुंडा, करम सिंह मुंडा , मदन सिंह मुंडा, कृष्ण सिंह मुंडा, बुधन लोहरा, दीनबंधु पुरान, अरुण पुरान, गणेश मुण्डा, देवकुमार उरांव सहित पाहन श्यामा लाल मुंडा सुफल उरांव भारत पुरान करम सिंह मुंडा अभिनाश मुंडा सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

**विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सैकड़ो लोगों ने बिरसा स्टेडियम बुढ़मू में शामिल हुए**

**बुढ़मू :** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बुढ़मू में प्रखंड के आदिवासी समुदाय के सैकड़ो लोगों ने बिरसा स्टेडियम बुढ़मू में महाजुटान में शामिल हुए। इस दौरान स्टेडियम परिसर बुढ़मू में सर्व प्रथम भगवान बिरसा मुंडा की स्थापित प्रतिमा पर आदिवासी समुदाय के गणमान्य लोगों के द्वारा माल्यार्पण किया गया। और माल्यार्पण कार्यक्रम संपन्न होने के बाद आदिवासी समुदाय के लोगों के द्वारा बुढ़मू के सड़कों में आदिवासी एकता जिन्दाबाद से संबंधित नारेबाजी लगाते हुए रैली एवं जुलूस निकाला गया। जिसमें भारी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग नजर आए। इस अवसर पर बुढ़मू स्टेडियम में भगवान बिरसा मुंडा की स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण करने वालों में प्राचीन मुंडा धर्म संस्था के सचिव प्रोफेसर डॉक्टर चंद्र देव मुंडा, महेंद्र गुरु मुंडा, रामवृत मुंडा, हरिश्चंद्र पहान सहित आदिवासी समुदाय के कई गणमान्य लोग शामिल थे।

**स्वर्गीय कृष्ण चंद्र सामन्ता की पुण्य तिथि पूरे श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया**

**गुवा :** नोवामुंडी में समाजसेवी स्वर्गीय कृष्ण चंद्र सामन्ता की पुण्य तिथि पूरे श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया इस अवसर पर परिवार की सबसे बडी पत्नी श्रीमती दमयंती देवी की अध्यक्षता में परशुराम सामन्ता, भोला शंकर सामन्ता, संपत कुमार समान्ता एवं सुपुत्री भानुमति सांडिल खास तौर से उपस्थित थीं। सुपुत्री भानुमति सांडिल ने इस अवसर पर कहा कि बाबूजी स्वर्गीय कृष्ण चंद्र सामन्ता मानव जीवन संबंधित प्रेम का प्रतिरूप थे। वे एक ममता, करुणा, दयालुता, कोमलता, सहिष्णुता से परिपूर्ण कुशल इंसान थे । उनकी मृत्यु से परिवार रूपी भवन के स्तंभ का टूटना अत्यंत दुखदाई एवं वेदना पूर्ण रहा ।

## आदिवासी आदिकाल से प्रकृति के एक-एक कण से जुड़ा है......



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** आदिवासियों का जीवन और संस्कृति आदिकाल से ही प्रकृति के एक-एक कण से जुड़ा हुआ है। साथ ही प्राकृतिक से अत्यंत भावुक और संवेदनशील रहा हैं। प्रकृति के विभिन्न तत्वों नदी-झरना, पहाड़-पर्वत, वृक्ष व पत्थर आदि में एक अद्दश्य अतिप्राकृतिक शक्ति का अनुभव करता है।

उक्त बातें विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर केंद्रीय विद्यालय सेक्टर 4 शिक्षक सह बोकारो सरना समाज सेक्टर 8 के विजय सिंह पुर्ति ने कहीं। उन्होंने कहा कि इन्हीं प्राकृतिक तत्वों को सिंगबोंगा ने सृजित किया हैं। जिसमे देवी, देवता और आत्मा आदि निवास करते है। जिनकी विभिन्न अवसरों पर पूजा-अर्चना करते है। जल, जंगल और जमीन आदिवासियों की संस्कृति से जुड़ा है। पर्व-त्योहार भी प्राकृतिक आधारित है। जिस प्रकार पानी से मछली को निकाल देने पर तड़पकर मर जाती है। उसी तरह आदिवासियों को जल, जंगल और जमीन से बेदखल करने पर मृत के समान होगा।

आदिवासी संस्कृति में प्रकृति के साथ प्रेम का रिश्ता है। प्रकृति के अस्तित्व के आधार वृक्ष हैं और वृक्षों के बिना प्रकृति एवं उसके पर्यावरण की परिकल्पना भी बेमानी है। आदिवासियों की तमाम मान्यताएं व प्रक्रियाएं गांव की खुशहाली, एकता, समानता, सामूहिकता, स्वास्थ्य व समृद्धि को मजबूत प्रदान करती है। श्री पुर्ति ने कहा कि आज कितनी विडंबना है।

## बाल विवाह रोकने के लिए एक अनोखी पहल

राष्ट्रीय खबर

**बहादुरपुरः** कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन और सहयोगिनी की ओर से मायापुर गांव में आदिवासी दिवस के अवसर पर खेत मे धान रोपनी करते हुए महिलाओं के साथ बाल विवाह मुक्त समाज बनाने के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहयोगिनी की फील्ड मोबिलाइजर मंजू देवी ने कहा कि जागरूकता से समाज में व्याप्त लैंगिक अंतर को खत्म किया जा सकता है। विकसित भारत के लिए बाल विवाह जैसी कुप्रथा को हम सबका दायित्व है इसके लिए हमें संवेदनशील रहने की जरूरत है ,बाल विवाह होने से किशोरियों के स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता हैं, बाल विवाह को रोकना हम सभी का सामाजिक दायित्व एवं कर्तव्य है। बाल विवाह से लड़कियों को जीवन में कई तरह की परेशानी झेलनी पड़ सकती है। जिसका भी बाल विवाह होता है, बाद में कुछ साल के बाद महिलाओं के शरीर में खून की कमी समेत अन्य कई प्रकार की बीमारियां हो सकती है। इससे मां और बच्चे दोनों की जिंदगी में खतरा हो सकता है। बाल विवाह की सूचना मिले तो तुरंत चाइल्ड लाइन में फोन करें। इससे बाल विवाह को रोका जा सकता है। बाल विवाह जैसे कुरीति को सभी के सहयोग से ही समाप्त किया जा सकता है। इसके लिए कानून भी बनाया गया है।

आयोजन

बाल विवाह समाप्त करने को लेकर महिला थाना में शपथ ग्रहण कार्यक्रम

# विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

- बाल विवाह तथा बाल हिंसा के खिलाफ एकजुट हो

राष्ट्रीय खबर




**बोकारो:** महिला थाना चास में सहयोगिनी द्वारा आज बाल विवाह को लेकर के जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । साथ ही विश्व आदिवासी दिवस मनाते हुए इस दौरान थाना से संबंधित सभी कर्मियों ने बाल विवाह रोकने को लेकर के शपथ लिया। साथ ही आदिवासी हितों की रक्षा करने तथा उनके अधिकार सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा की। इस। दौरान बाल अधिकार सुनिश्चित करने के इस अभियान को साथ देने का समर्थन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चास महिला थाना प्रभारी गुलाब किस्पोटा ने कहा कि बाल विवाह जैसा कुप्रथा हमारे समाज के लिए बहुत ही दुखद पहलू है। इस कुप्रथा को समाप्त करना हम सबका दायित्व है। उन्होंने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मैं सभी से आह्वान करता करती हूं कि बाल विवाह तथा बाल हिंसा के खिलाफ एकजुट हो तथा इसको लेकर के हमेशा संवेदनशीलता दिखलाएं। उन्होंने कहा कि बाल विवाह के कारण लड़कियों का जीवन बहुत ही कष्टदाई हो जाता है। इसलिए बाल विवाह रोकना बहुत ही जरूरी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहयोगिनी तथा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन की पूर्णिमा देवी ने कहा कि संस्था द्वारा बोकारो जिले के 150 गांव को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए सघन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सभी गांव में जाकर के लोगों को बाल हिंसा बाल विवाह बाल मजदूरी के खिलाफ जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही उनका बाल विवाह नहीं करने को लेकर के शपथ ग्रहण कराया जा रहा है। अनिल हेंब्रम ने कहा कि बाल यौन हिंसा एवं बाल मजदूरी के खिलाफ सरकार के साथ मिलकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह के कारण लड़कियां जल्दी मां बन जाती है तथा जच्चा बच्चा दोनों को कुपोषण का शिकार होना पड़ता है। जागरूकता से समाज में व्याप्त जेंडर असमानता को समाप्त किया जा सकता है। इस दौरान महिला थाना के अवर निरीक्षक संतोष कुमार, रेखा कुमारी, विकास चौधरी, पुनम बारी, लसीम कुमारी वाली, जाकिर हुसैन, मुहम्मद सद्दाम, राजेंद्र कुमार, चास वार्ड पार्षद कैशर अफरोज, शीला हेंब्रम, मेघा बखला, सविता कुमारी, सनातन टूडू, मंजुबा देवी, कमलेश कुमार ठाकुर, सहयोगिनी की सोनी कुमारी, अनिल कुमार आदि उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

**विश्व आदिवासी दिवस पर बेड़ो में निकाली रैली**



**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर रैली निकाल कर आदिवासी एकजुट का संदेश दिया। रैली महादानी मैदान से निकलकर प्रखंड मुख्यालय प्रांगण, महाबीर चौक, थाना गेट, बजारटांड़, देवी मंडप से वापस, बजारटांड़ थाना गेट होते हुए पुनः महादानी मैदान स्थित विवाह मंडप प्रांगण में पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। जहां वक्ताओं ने आदिवासी एकता, आदिवासी परंपरा को बचाए रखने, शैक्षणिक स्तर में सुधार करने की बात कही, वहीं मणिपुर जैसे घटना के विरोध में सभी आदिवासी जाति और संगठनों को मिलकर विरोध करने की बात कि गयी। ये कार्यक्रम पूरे सभी आदिवासी को जागरूक कर विकास कार्य पर अग्रसर रहने के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ने का संदेश है। मौके पर जुगेश उराँव, करमा उराँव, देवनिस तिर्की, बुधराम बाड़ा, पंचु मिंज, आशामनी मिंज, मुखिया सुशांति भगत, कुआंरी खलखो, रमेश उराँव, लक्ष्मी कोया, आशारानी पन्ना, प्रेमोलिन कुजूर, रूथ खेस, मंजु कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे। इधर प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित शहीद स्मारक पर टाना भगतों द्वारा चरखा झंडा फहराकर आदिवासी दिवस मनाया।

**सावन महोत्सव का आयोजन**

**चास :** वेदांता इलेक्ट्रोस्टील के सहयोग से बोकारो के चीरा चास में संचालित समर्थ- मल्टी एक्टिविटी सेंटर फॉर एल्डरली में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में महिलाओं ने हरे वस्त्र एवं पुरुषों ने सफेद वस्त्र में भाग लिया। सभी ने कार्यक्रम में गीत संगीत, मेहंदी प्रतियोगिता सहित कई अन्य खेलों के साथ साथ लजीज व्यंजनों का भी आनंद लिया।

**बिरसा मुंडा निशुल्क विद्यालय का 29वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया**



**बोकारो :** सेक्टर 12 स्थित जनकल्याण सामाजिक संस्था द्वारा संचालित बिरसा मुंडा निशुल्क विद्यालय के 29वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। अध्यक्षता अक्षय लाल पासवान एवं संचालन संस्थापक सह सचिव परशुराम राम ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. पी नैयर, समाजसेवी कुमार अमरदीप, एमडी अमजद व योगेंद्र प्रसाद कुशवाहा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर ममता सिंह, गुड़िया देवी, मनीषा देवी, बबीता कुमारी, वेद प्रेम सिंह, हरिशंकर प्रसाद सोनी, चंदेश्वर ठाकुर, सीआर दास, बृज किशोर, रामजी ठाकुर आदि उपस्थित थे।

**बाईक रैली निकालकर आदिवासी दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया**



**चांडिल :** आदिवासी युवाओ ने चांडिल गोल चक्कर में वीर शहीद सीधो कानू के मूर्ति पर माल्यार्पण कर विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर अपने अनुयाई भगवान बिरसा मुंडा आदि के अपने हुए मार्गो पर चलने का आह्वान किया। साथ ही बाईक रैली निकालकर आदिवासी दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर सामाजिक युवा कार्यकर्ता सुदामा हेंम्बम, बैद्यनाथ टूडू, राजू किस्कू आदि सैकड़ों युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**पेटवी संथाली प्राइमरी स्कूल में अदाणी फाउंडेशन ने दिया बर्तन**



**पोड़ैयाहाट :** प्रखंड के आदिवासी बहुल गांव पेटवी संथाली स्थित प्राइमरी स्कूल में अदाणी फाउंडेशन की ओर बर्तन उपलब्ध कराया गया है। स्कूल में बर्तनों का इस्तेमाल मध्याह्न भोजन बनाने में किया जाता है। पेटवी संथाली गांव के प्राइमरी स्कूल में कुल 32 बच्चे नामांकित है जिनमें से अधिकांश बच्चे आदिवासी समाज से आते हैं। स्कूल के शिक्षक और ग्रामीणों की ओर से अदाणी फाउंडेशन को आवेदन देकर बताया गया था कि पर्याप्त बर्तन नहीं होने की वजह से स्कूल के बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन बनाने में दिक्कत होती है। अदाणी फाउंडेशन के अधिकारियों ने विषयवस्तु को समझते हुए यथाशीघ्र स्कूल में भोजन तैयार करने के बर्तन उपलब्ध कराया. बक्सरा पंचायत के पूर्व मुखिया हेमंत कुमार की मौजूदगी में अदाणी फाउंडेशन के अधिकारियों ने स्कूल कमेटी को बर्तन सौंपा। पूर्व मुखिया समेत सभी गांववालों ने अदाणी फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त किया।

**जिक्र शहादत इमाम हुसैन समारोह संपन्न**



**जमशेदपुर :** आजादनगर रोड नं - 6 में जिक्र शहादत इमाम हुसैन समारोह बयादगार मरहूम सूफी अबू तालिब हुसैन का आयोजन किया गया। जिसका आगाज हाफिज हसनैन रजा के कुरान के पाठ से हुआ। मेराज रजा , इजहार आलम अंसारी व अजमल रजा कवियों ने बारगाह रिसालत मे नातपाक प्रस्तुत किया। समारोह के मुख्य वक्ता बारी मस्जिद के खतीब मौलाना हारून रशीद नकशबन्दी ने अपने वक्तव्य मे कर्बला व इमाम हुसैन की शहादत पर तकरीं कर समारोह का समापन किया।

राष्ट्रीय खबर हमारी नजर झारखंड



शहर >> अपडेट

### पलायन की भेंट चढ़ा साड़म का युवक

बेरमो /गोमिया : बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत साड़म नैनाटांड़ का रहनेवाला 28 वर्षीय अजय कुमार सिंह बुधवार को पलायन की भेंट चढ़ गया। वो पिछले जून के महीने में घर से काम करने आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम गया हुआ था। लेकिन अचानक उसकी मौत की खबर से परिजनों का तो रोकर बुरा हाल है।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### आदिवासी संघर्ष मोर्चा के अंतर्गत समान नागरिक सहिंता का किया विरोध

भुरकुंडा : आदिवासी संघर्ष मोर्चा द्वारा वन संरक्षण संशोधन विधेयक 2023 एवं समान नागरिक संहिता कानून को शीघ्र वापस लेने की मांग की गई। दिनांक 9 अगस्त 2023को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी संघर्ष समिति एवं किसान सभा के संयुक्त तत्वाधान पर मतकमा चौक से पैदल मार्च करते हुवे बिरसा चौक पंहुचा। बिरसा मुंडा के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया उसके बाद नुकड़ सभा का आयोजन किया। नुकड़ सभा को सम्बोधित करते हुवे माले नेता सरयू मुंडा ने कहा कि नरेंद्र मोदी की शासन मे पूरा देश संक्रमण दौर से गुजर रहा है, रोजगार देने के बजाय रोजगार छिना जा रहा, देश मे जन बिरोधी, वन संरक्षण संशोधन विधेयक 2023एवं समान नागरिक संहिता कानून लाकर देश के आदिवासियों की जल, जंगल, जमीन,को लूटने की रास्ता कॉरपोरेट घराने को सुगम बना दि जा रही है। कानून से देश की आदिवासियों का अपनी संस्कृति, सभ्यता, भाषा, आरक्षण, सरना कोड, व पहचान को समाप्त कर देश की सरकार आदिवासियों को हिन्दू बनाने की पुरजोर कोशिश किया जा रहा है, जिसे देश की आदिवासी समुदाय कतई बर्दास्त नहीं करेगी। कार्यक्रम मे मनोज मांझी, चंचल देवी, रूपम देवी जय मुंडा के अलावे दर्जनों लोग शामिल थे।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

### ओमान में फंसे 6 मजदूरों की नहीं हुई वतन वापसी

बेरमो : देश में बेरोजगारी एक बहुत बड़ी समस्या है। रोजगार की तलाश में आए दिन यहां के मजदूर दूसरे देश पलायन करते हैं। अपने वतन को छोड़कर हजारों किलोमीटर दूर कमाने के लिए जाते हैं ताकि अपनी और अपने परिवार के लोगों की भरन-पोषण अच्छे से कर सके। लेकिन आये दिन खबर मिलती रहती है कि कंपनी वाले गरीब मजदूरों को बुलाकर शोषण करते हैं। इसी कड़ी में ओमान की राजधानी मस्कट में झारखंड के गिरिडीह,बोकारो और हजारीबाग के फंसे 6 मजदूर फसे हुए हैं। इनकी वतन वापसी का गतिरोध अब तक दूर नहीं हो पाया है। जिसकी वजह से परेशान होकर मजदूरों ने फिर से सरकार से वतन वापसी की गुहार लगाई है।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

बेरमो /फुसरो : बोकारो जिला डेकोरेटर्स एसोशियशन बेरमो जोन-07 की ओर से बुधवार को श्री अग्रसेन भवन फुसरो में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व एसोशियशन के बेरमो अध्यक्ष मदन कुमार ने किया। आयोजन में 83 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर का उद्घाटन एसोशियशन के बोकारो जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार व उनकी धर्म पत्नी रेखा देवी ने फीता काट कर किया।इस दौरान एसोशियशन के सदस्यों ने अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया। बोकारो जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार, धनबाद जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, उपाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद तिवारी ने कहा कि परस्पर रक्तदान करने से रक्तदाता कैंसर, हेपेटाइटिस तथा हार्ड अटैक जैसी बीमारियों से बचाव होता है। साथ ही वह रक्त दूसरे मरीजों के जान बचाने में काम आता है।

घटना

भुरकुंडा ओपी क्षेत्र की घटना

# बाइक सवार युवक की एलपी ट्रक की चपेट में आने से मौत



राष्ट्रीय खबर

भुरकुंडा : भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के रेलवे लाइनपार गुलशन-ए-रजा मस्जिद के निकट बिरसा चौक-पटेलनगर मार्ग पर एक बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर एलपी ट्रक की चपेट में आ गया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार एलपी ट्रक जेएच 01 बीएच 4437 बिरसा चौक से पटेलनगर के रास्ते कुजू की ओर जा रहा था।

इस क्रम में गुलशन-ए-रजा मस्जिद के निकट सड़क पर अपाचे बाइक जेएच 02 ए जेड 3653 पर सवार युवक पीछे से ट्रक को ओवरटेक करने के क्रम में अनियंत्रित गिर पड़ा और ट्रक के चक्के के नीचे आ गया। घटनास्थल के पास मौजूद स्थानीय लोग ऑटो पर युवक को भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल ले गए, जहां उसके मौत की पुष्टि कर दी गई। मृतक की पहचान पटेलनगर निवासी सूरज तिवारी (24 वर्ष) के रूप में हुई। वहीं दुर्घटना की जानकारी पर पहुंची भुरकुंडा पुलिस ने ट्रक और बाइक को जब्त कर लिया। मामले की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही है

**सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के विरोध में किया सड़क जाम-**

ओपी क्षेत्र के गुलशन-ए-राजा मस्जिद के समीप हुई दुर्घटना में युवक सूरज तिवारी की मौत के विरोध में दूसरे दिन बुधवार को स्थानीय लोगों ने मुआवजा की मांग को लेकर भुरकुंडा-सयाल मुख मार्ग को घंटो जाम रखा । सुबह से ही आवागमन ठप कर दिया गया। जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। जाम के कारण आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

वही जाम कर रहे लोगों ने प्रशासन से भुरकुंडा गुरुद्वारा से सियाल मोड तक सघन आबादी वाले क्षेत्र में सड़क पर स्पीड ब्रेकर एवं दोनों और लाइट लगवाने की मांग की गई। मौके पर अंचल अधिकारी शिवशंकर पांडेय और भुरकुंडा ओपी पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ वार्ता की। सीओ ने मांग पर पहल करने का भरोसा दिलाया। साथ ही प्रशासन द्वारा परिजनों को सरकारी मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया। जिसके बाद कर जाम हटा लिया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजू पांडेय, जगतार सिंह, विश्वरंजन सिंहा, मंजय तिवारी, अनिल तिवारी, उमा साहू समेत कई लोग मौजूद रहे।

### रिझुनाथ चौधरी की 9 वीं पुण्यतिथि मनाई गई



गोला : चंद्र प्रकाश चौधरी इंटर कॉलेज कामता के प्रागंण में महाविद्यालय के शासी निकाय अध्यक्ष सह जिला परिषद (गोला मध्य क्षेत्र) जलेश्वर महतो, पूरबडीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अशोक कुमार महतो व प्राचार्य संजय कुमार महतो व उप-प्राचार्य राजीव रंजन सिंह के सामूहिक कर कमलों द्वारा झारखंड के अग्रणी आंदोलनकारी तथा सुन्दर व शिक्षित समाज के पक्षधर स्वर्गीय रिझुनाथ चौधरी के 9 वीं पुण्य तिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई । मौके पर प्रधान लिपिक चन्द्र शेखर राम करमाली, शिवनंदन महतो, संजय कुमार महतो, लखेश्वर कुमार, मनसू महतो आदि उपस्थित थे ।

### कामगारो की हर समस्याओं का होगा समाधानः सिद्धार्थ



गिद्दी :जनता मजदूर संघ के अरगड्डा क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार उपाध्याय ने जमसं के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य सिद्धार्थ गौतम से मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेट कर स्वागत किया। इस दौरान अरगड्डा क्षेत्र में फरवरी 2022 का 11 दिन का जो बकाया राशि की भुगतान नहीं किया गया है। राशि भुगतान करने की मांग की गई। साथ ही क्षेत्र की मजदूरों से संबंधित कई समस्याओं को रखा। इस अवसर पर जमसं महामंत्री सिद्धार्थ ने कहा कि हर समस्याओं का समाधान होगा। उन्होंने कामगारो के 11 दिन का बकाया वेतन भुगतान बीसीसीएल के तर्ज पर जांच कर हर सम्भव दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि सीसीएल के अन्य कई क्षेत्रों में यह राशि का भुगतान किया जा चुका है। जहां नहीं किया गया है। वहां भी जमसं दिलाने के लिए तत्पर रहेंगी।

## हमारे लिए अनुकरणीय हैं आदिवासी : सुनीता चौधरी



राष्ट्रीय खबर

चितरपुर : रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने विश्व आदिवासी दिवस पर क्षेत्र सहित राज्य भर के लोगों को बधाई व शुभकामनाएं दी है। उन्होंने आदिवासी समुदाय की निरंतर प्रगति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय का जीवन जल, जंगल व जमीन से जुड़ा है। आदिवासी समुदाय कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। आदिवासी समुदाय आज हर क्षेत्र में शिक्षा, ज्ञान विज्ञान, कला-संस्कृति व खेलकूद में तेजी से तरक्की कर रहा है। आदिवासी समुदाय जिस प्रकार से प्रकृति से जुड़कर रहते हुए अपना जीवन यापन करते हैं, वह अनुकरणीय है। प्रदेश और देश की समृद्धि और खुशहाली की राह में ले जाने की दिशा में आदिवासी समुदाय इसी प्रकार अपने महत्वपूर्ण सहभागिता देता रहेगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय की भाषा, संस्कृति, परंपरा एवं इतिहास के संरक्षण में उनके विकास के लिए हमसबों को संकल्पित होने की जरूरत है। आदिवासी की कई पीढ़ी के विकास, उनकी संस्कृति बचाने में मदद के लिए, उनके उत्थान, भलाई एवं सर्वांगीण विकास के लिए हमसबों को सकारात्मक रूप से प्रयासरत रहने की भी जरूरत है। आदिवासी समुदाय सदैव प्राचीन समय से संस्कृति, परंपराओं एवं प्रकृति के संरक्षक रहे हैं, इस बात को भी हम सबको ध्यान रखना है।

## शहीद निर्मल महतो का 36वां बलिदान दिवस मनाया गया



राष्ट्रीय खबर

गिद्दी : डाड़ी प्रखंड के बलसगरा में शहीद निर्मल महतो का 36 वां शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड कुर्मी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सह जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष कुमेश्वर महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों के द्वारा सर्वप्रथम शहीद निर्मल महतो के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुमेश्वर महतो ने निर्मल महतो को एक अच्छे एवं अनुभवी संगठनकर्ता बताया गया। उनमें अनंत आत्मविश्वास था। शहीद निर्मल महतो किसी के सामने झुके नहीं बल्कि उनके द्वारा गरीबों के हक एवं अधिकार के लिए हमेशा लड़ाईयां लड़ी और हमेशा संघर्षरत रहे। वे झारखंडियों का आत्मविश्वास और आत्मसम्मान प्रदान करने के लिए आखिरी दम तक लड़ते रहे। वे शहीद हुए मगर अपने जीवन के अंतिमकाल तक किसी के सामने ना कभी झुके और ना ही थके। शोषित, पीड़ित एवं गरीबों के लिए निर्मल महतो का सिर्फ एक ही सपना था कि अलग झारखण्ड राज्य हो अपना,झारखण्ड क्षेत्र में रहने वाले लोगों को शोषण, उत्पीड़न, अत्याचार और भ्रष?टाचार से मुक्ति दिलाने के लिए जीवन भर प्रयासरत रहे। और उनका बलिदान का ही परिणाम 15 नवंबर 2000 को झारखण्ड अलग राज्य का अस्तित्व में आना। शहीद निर्मल महतो के सपनों को झारखंड में हम सभी लोग उनके अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए वचन बद्ध हैं। इस मौके पर मुखिया सुदर्शन भुइँया ने इस स्थल पर चबूतरा बनवाने की बात कही है।शहादत कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुमेश्वर महतो, सुदर्शन भुइँया,सुदर्शन महतो, बिहारी महतो, कपिलदेव महतो, किरण देवी, लालधन महतो, मोतीलाल महतो, नारायण महतो, सुरेश राम, मंगलदेव महतो आदि लोग मौजूद थे।

### पेपर ब्लॉक निर्माण कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास



बेरमो /कथारा: बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह ने 8 अगस्त 2023 को कथारा मोड़ शिव मंदिर परिसर के समीप पेबर ब्लॉक निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। शिलान्यास के अवसर पर बेरमो प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष और रा को म यु के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह सहित दर्जनों गणमान्य उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि कथारा का यह मंदिर परिसर आसपास के श्रद्धालुओं के लिए खास महत्व रखता है ऐसे में उन्हें मंदिर में पूजा करने और आने-जाने में कठिनाइयां ना हो एक विधायक होने के नाते इसका उन्हें ध्यान था इसलिए यहां पेवर ब्लॉक लगाया जाएगा। मौके पर प्रमोद कुमार सिंह,अजय कुमार सिंह,राजेश शर्मा,आशीष चक्रवर्ती,धनेश्वर यादव,खीरू महतो,एच अधिकारी सीएस प्रसाद,विजय यादव,विजय कुमार,तुलसी निषाद, ललन सिन्हा,नितेश गुप्ता,मदन सिंह,पिंटू शर्मा,राहुल शर्मा,हेमू यादव,देवाशीष आस,अनिल सिंह, पंचायत समिति सदस्य बैजू कुमार,विकास यादव,सुबोध यादव,अशोक यादव, धर्मनाथ महतो,आशीष आदि उपस्थित थे।

### पीडीएस दुकान में मुखिया ने किया धोती,साडी,लुंगी का वितरण



गिद्दी :झारखंड सरकार द्वारा गरीब पुरुष महिलाओं के लिए सोना सोबरन योजना के तहत धोती,साड़ी और लुंगी का वितरण जनवितरण प्रणाली की दुकान के माध्यम से 10-10 रुपए में लाभुकों को मुहैया कराया जाता है। इसी योजना के तहत सरकार द्वारा मुहैया कराए गए साडी, धोती, लुंगी का वितरण गिद्दी पंचायत क स्थित सजल गोस्वामी की पीडीएस दुकान में मुखिया श्रीमती कविता सिंह द्वारा लाभुकों के बीच किया गया। दूकानदार के अनुसार मुखिया द्वारा कुल 190लाभुकों के बीच साडी, धोती, लुंगी वितरण योजना की शुरूआत की गयी। इस मौके पर पीडीएस दुकान के मालिक शंकर गोस्वामी, वार्ड सदस्य सूरज सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

बेरमो :कथारा - डीएवी पब्लिक स्कूल कथारा में बीते रविवार को एकदिवसीय क्षमता वर्धक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में सीबीएससी संचालित कई विद्यालयों के प्रचार आदि शामिल हुए उक्त जानकारी देते हुए विद्यालय के वरीय शिक्षक एन एल मिश्रा ने बताया कि डीएवी कथारा के प्रांगण में आयोजित एक दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यशाला के अवसर पर सीबीएसई संचालित विभिन्न विद्यालयों के 60 से अधिक शिक्षकों तथा प्राचार्य शामिल हुए। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में शिक्षा के विभिन्न बिंदुओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। जो विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए तथा उनमें ज्ञान वर्धन के लिए लाभकारी साबित हो सके ।उन्होंने बताया कि यहां उपस्थित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए जिसमें मनीषा, देवनाथ ,आकाश राय ने रिसोर्स पर्सन के रूप में अपने वक्तव्य दिए।इससे पूर्व कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य एवं वरीय शिक्षक तथा अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गान के साथ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने धन्यवाद ज्ञापन तथा शांति पाठ के साथ समापन किया गया।मौके पर विद्यालय के अध्यापक गण एवं विद्यालय कर्मी उपस्थित रहे ।

## बैंक संस्थापक की 142 वीं जयंती मनाई गई



राष्ट्रीय खबर

गोला: सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया गोला शाखा में बुधवार को प्रथम भारतीय बैंक के संस्थापक सर सोराबजी पोचखानावाला की 142 वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान दीप प्रज्वलित कर सर सोराबजी पोचखानावाला की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया। उपस्थित बैंक कर्मियों ने जन्मदिन मनाते हुए बताया कि सर सोराबजी पोचखानावाला प्रथम भारतीय बैंक के संस्थापक हैं। उनके द्वारा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का 111 वर्ष पूर्व गठन किया गया था, जिसका आज देश के कोने- कोने में शाखा है और अपने ग्राहकों को सेवा प्रदान कर रहा है। इस दौरान गोला शाखा प्रबंधकरितेश कुमार, प्रबंधक नीरज कुमार, सहायक प्रबंधक भीम साहू, आर्यन कुमार, एंथोनी हैरेंज, निरंजन प्रसाद, मनोज मिश्र सहित दर्जनों मौजूद थे।

### आदिवासी समाज के विकास में युवाओं की भूमिका अहम : चंदन कुमार

रामगढ़ : विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बुधवार को छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल भवन में जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त चंदन कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान सर्वप्रथ चंदन कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित अन्य अतिथियों का पौधा व अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया जिसके उपरांत सभी ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में चंदन कुमार ने सभी को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आदिवासी समाज हमारे समाज की जड़ की तरह है और किसी भी समाज के विकास के लिए उसकी जड़ का मजबूत होना बेहद जरूरी है। मौके पर उपायुक्त ने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से मानव सभ्यता के विकास में आदिवासी समाज के योगदान की जानकारी दी उपायुक्त ने कहा कि आदिवासी और प्रकृति एक दूसरे के पूरक हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर हम ध्यान दें तो हम जानेंगे कि आदिवासी समाज के रीति रिवाज, पर्व त्यौहार सहित धार्मिक मान्यताएं भी प्रकृति के संरक्षण से जुड़ी हुई है। विश्व आदिवासी दिवस मनाए जाने के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए उपायुक्त ने कहा कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य समाज के विकास में आदिवासी समूह के योगदान को समझने व यह आकलन करने की वर्तमान में आदिवासी समूह के लोगों की स्थिति कैसी हैं, कहीं वे किसी परेशानी में तो नहीं है या किस प्रकार से हम उनके जीवन को और भी बेहतर बना सकते हैं यह समझने की है। इस वर्ष आदिवासी दिवस के थीम पर प्रकाश डालते हुए उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान समय में आदिवासी युवाओं पर यह बड़ी जिम्मेदारी है कि वे आत्मनिर्णय कर किस प्रकार से आदिवासी समाज का विकास सुनिश्चित करेंगे। मौके पर उपायुक्त में कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न विद्यालयों के बच्चों सहित जिले के सभी आदिवासी समूह के युवाओं से आदिवासी संस्कृति को संरक्षित कर और आगे ले जाने व समाज से विभिन्न कुरीतियां यथा अंधविश्वास, डायन प्रथा, हड़िया सेवन आदि को दूर करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाने की अपील की। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा आदिवासी समूह के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं ल। अगर जिले के किसी भी क्षेत्र में लोगों को लगता है कि सरकार की योजनाएं धरातल पर कार्य नहीं कर पा रही है अथवा कोई अन्य समस्या है तो लोग इसकी जानकारी उपायुक्त कार्यालय आकर सीधे उन तक पहुंचा सकते हैं।

अपराध

दुग्धा थाना क्षेत्र के हीरक रोड रटारी से हथियार के साथ

# दो अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- दो लोगों को जान से मारने के नियत से गोली चलाई थी
- दोनों अपराधी को तेनुघाट जेल भेज दिया गया है



राष्ट्रीय खबर

बेरमो : बीते देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर दुग्दा थाना क्षेत्र के रटारी से हथियार के साथ दो अपराधियों को पुलिस दबोचने मे कामयाबी हासिल की है। बताते चलें कि पूर्व में भी दो लोगों को गोली मारने के मामले में दुग्धा थाना क्षेत्र के ही रहने वाले दो लोगों को जान से मारने के नियत से गोली चलाई थी।

इस मामले में भी अभिनंदन पांडे तथा पूर्व के एक मामले में अभिषेक पांडे फरार चल रहे थे। जिसकी दुग्धा पुलिस खोजबीन में लगी हुई थी। मामले के संबंध में दुग्धा थाना प्रभारी कन्हैया राम ने बताया कि यह दोनो अपराधी रामगढ़ पतरातू के पांडे ग्रुप का सदस्य है जो बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए क्षेत्र में आया हुआ था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर पल्सर मोटरसाइकिल के साथ दुग्धा हीरक रोड रटारी में किसी को जान से मारने की नियत से घूमते धर दबोचा गया। कहा कि जैसे ही इस बात की सूचना मिली पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाके की घेराबंदी कर दोनों अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की तथा आगे की कार्रवाई करते हुए दोनों अपराधी को तेनुघाट जेल भेज दिया गया है।

संपादकीय

## संसद में आने से कतराते मोदी, विपक्ष की जीत

संसद के दोनों सदनों में नरेंद्र मोदी लगातार गायब है। वह संसद परिसर में आते तो हैं पर लोकसभा या राज्यसभा के सत्र में शामिल नहीं होते। इसी बात पर अब विपक्ष ने उन्हें निशाने पर ले रखा है। राज्यसभा से निलंबन के बाद आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर संसद में मणिपुर हिंसा पर चर्चा से भागने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने जोर देकर कहा कि वह इस मामले में अपना विरोध जारी रखेंगे। मणिपुर में हिंसा पर संसद में क्यों नहीं बोल रहे पीएम? पीएम इस पर संसद में बोलने को तैयार नहीं हैं। सरकार इस मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने मोदी को बेशर्म, कायर और क्रूर शासक कहते हुए कहा, अगर यह सदन मणिपुर हिंसा जैसी घटनाओं पर बोलने के पक्ष में नहीं है और अगर वे जवाब नहीं दे सकते तो हम लड़ने के लिए तैयार हैं। एक ट्विटर पोस्ट में, अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी ने लिखा, मणिपुर में एक कारगिल जवान की पत्नी को नग्न करके घुमाया गया। पूरे देश और पूरी सेना का सिर शर्म से झुक गया है। प्रधानमंत्री मोदी सदन में आकर जवाब क्यों नहीं देते? सभापति के निर्देशों का उल्लंघन करने के लिए सिंह को शेष मानसून सत्र के लिए राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया था। उनका निलंबन सदन के नेता पीयूष गोयल द्वारा इस संबंध में एक प्रस्ताव पेश करने के बाद हुआ और इसे सदन ने ध्वनि मत से स्वीकार कर लिया। अपनी सीट से उठकर, मैं बार-बार सभापति (राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़) से मणिपुर हिंसा पर चर्चा का अनुरोध कर रहा था और मांग कर रहा था कि प्रधानमंत्री सदन में आएं और जवाब दें। उन्होंने कहा, जब अध्यक्ष ने मेरी बात नहीं सुनी, तो मैं अध्यक्ष के करीब गया और उनसे अनुरोध किया कि वे मुझे नियम 267 के तहत बोलने की अनुमति दें, जिसके लिए मैंने नोटिस दिया था। हालाँकि, सिंह ने अपने निलंबन और राज्यसभा स्थगित होने के बाद भी सदन में अपना आंदोलन जारी रखा। सिंह के अनुसार, नियम 267 के तहत मणिपुर हिंसा पर चर्चा के लिए कई दलों के नेताओं द्वारा कम से कम 27 नोटिस दिए गए थे। विपक्षी दलों ने निलंबन की निंदा की और सरकार पर उनकी आवाज को कुचलने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने सभापति से निलंबन रद्द करने का आग्रह किया और मणिपुर पर बहस पर गतिरोध को समाप्त करने के लिए धनखड़ द्वारा बुलाई गई सदन के नेताओं की बैठक का भी बहिष्कार किया। दूसरी तरफ ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के मुखर अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव, भारतीय गठबंधन द्वारा एआईएमआईएम की अनदेखी और समान नागरिक संहिता पर बात की। औवेसी ने कहा, मैंने मंगलवार को अध्यक्ष द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में कहा कि हमें उन लोगों के परिवारों को एक संदेश भेजने के लिए चर्चा करनी चाहिए जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है, जिन महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ है, और उन 50,000 लोगों को जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। बेघर कर दिया गया है कि हमें चिंता है कि मणिपुर में क्या हो रहा है। हमें भी सरकार से सवाल पूछने और उसकी आलोचना करने का मौका नहीं गंवाना चाहिए। पीएम बोलें या न बोलें ये अलग बात है। दूसरा, मैंने एक उदाहरण दिया कि पिछला सत्र अडानी मामले के कारण पूरी तरह से बर्बाद हो गया था। मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया और फिर क्या हुआ? कुछ नहीं। हम संसद में चर्चा नहीं करने की अनुमति नहीं दे सकते, क्योंकि इससे सरकार को मदद मिलेगी। मैंने कहा कि अगर पीएम नहीं आएंगे तो मैं खड़ा हो जाऊंगा और कहूंगा कि पीएम भाग गए। जबावी हमला करते हुए भाजपा ने विपक्ष पर हमला बोला और कहा कि जब भी प्रधानमंत्री बोलते हैं तो उसके सदस्य बार-बार उन्हें रोकते हैं। राज्यसभा में विपक्ष सोमवार को सदन में मणिपुर मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की अपनी मांग पर अड़ा रहा और संसद के ऊपरी सदन के नियम 176 के तहत संक्षिप्त चर्चा के लिए सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। यह स्पष्ट है कि विपक्ष राज्य की स्थिति पर मगरमच्छ के आंसू बहा रहा है, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संवाददाताओं से कहा कि इंडिया ब्लॉक पार्टियों की इस मांग पर हंगामे के बाद संसद के दोनों सदनों को स्थगित कर दिया गया कि मोदी को पहले इस मुद्दे पर बोलना चाहिए। अब राहुल गांधी की सदस्यता बहाली के बाद स्थिति और रोचक हो गयी है। शायद राहुल की रणनीति है कि वह तभी बोलेंगे, जब सदन में नरेंद्र मोदी मौजूद हो। विपक्ष ने शायद मोदी की इस कमजोरी को पकड़ लिया है कि वह आलोचना अथवा विरोध दोनों नहीं सुन सकते। इस वजह से बार बार उन्हें घेरा जा रहा है।



# अंग्रेजों भारत छोड़ो की याद दिलाता अगस्त का ये दिन



जब महात्मा गांधी ने अंग्रेजों भारत छोड़ो का आह्वान किया, तब भारत के राजनैतिक क्षितिज पर कैसा परिदृश्य था, इस पर विचार करना आवश्यक है। देश में हिन्दू मुस्लिम तनाव चरम पर था। मुस्लिम लीग ने पाकिस्तान बनाने का ध्येय 1940 के अंत में घोषित कर दिया था। सावरकर के नेतृत्व में हिन्दू कट्टरपंथियों का एक धड़ा, जिसका प्रभाव बंगाल और सिंध में था,द्विराष्ट्र सिद्धांत से सहमत था और द्वितीय विश्व युद्ध में ब्रिटेन का साथ देने सेना में भर्ती अभियान चला रहा था। हिंदुत्ववादी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की सोच थी कि अंग्रेज तो स्वतः ही भारत छोड़ कर चले जाएंगे इसके लिए प्रयास क्यों करना। संघ का विश्वास गांधीजी के अहिंसक अस्त्रों सत्याग्रह, उपवास, रचनात्मक कार्यक्रम में नहीं था और हिंसा के समर्थक होने के बावजूद इस संगठन ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ कभी कोई सशस्त्र विद्रोह नहीं किया था।



**अरुण कुमार डनायक**
**स्तंभकार**

अप्रैल 1939 का महीना देश के राजनीतिक पटल पर एक नई उठा-पठक के साथ समाप्त हुआ। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने कांग्रेस अध्यक्ष चुने जाने के चार महीने बाद ही स्तीफा दे दिया और फारवर्ड ब्लाक के नाम से एक नई पार्टी बनाई। अंग्रेज हुकुमत ने उन्हे नजरबंद कर लिया , सत्याग्रह में भागीदार बनने की उनकी इच्छा को गांधीजी द्वारा अस्वीकार कर दिया और फिर अचानक वे अंग्रेज सरकार की आंख में धूल झोंककर देश से बाहर चले गये।

दूसरी तरफ अंग्रेजी हुकूमत ने सितंबर 1939 में द्वितीय विश्व युद्ध के बादलों के मंडराते ही भारतीय नेताओं से परामर्श किए बगैर ही देश को युद्ध में शामिल कर दिया। कांग्रेस इसके खिलाफ थी। वह चाहती थी कि अंग्रेजी हुकूमत युद्ध और शांति के अपने उद्देश्यों को, विशेष रूप से भारत के संदर्भ में स्पष्ट करे। वायसराय ने गोल मोल जवाब दिया वे ना तो युद्ध के लक्ष्य बताने सहमत हुए और ना भारत की स्वतंत्रता को लेकर कोई आश्वासन दे रहे थे। कांग्रेस कार्यसमिति इस जवाब से संतुष्ट नहीं थी। फिर भी उसने देश के नागरिकों से सविनय अवज्ञा भंग जैसे कदम जल्दबाजी में नहीं उठाने का आग्रह किया। युद्ध के समय कांग्रेस असमंजस में भी थी। उसकी सहानुभूति ब्रिटेन जैसे लोकतान्त्रिक देशों के साथ थी और वह युद्ध प्रयत्नों में बाधा नहीं डालना चाहती थी। दूसरी ओर गांधीजी युद्ध के ही खिलाफ थे। वे अहिंसा के अपने मूल सिद्धांत को त्यागने के लिए तैयार नहीं थे।

गांधीजी ब्रिटिश हुकूमत को सशस्त्र और हिंसात्मक युद्ध में व्यवहारिक सहायता देने के पक्ष में नहीं थे। लेकिन वे नैतिक समर्थन देने के पक्ष में थे। आम जनता में अंग्रेज हुकूमत के प्रति गुस्सा तो था पर वह सरकार के विरोध करने के मूड में भी नहीं थी। कांग्रेस और गांधीजी में असहयोग आंदोलन शुरू करने को लेकर भी तीव्र मतभेद थे। कांग्रेस ने गांधीजी की सलाह के विरुद्ध जाकर अंग्रेज हुकूमत से, युद्ध के बाद स्वतंत्रता दिए जाने के आश्वासन पर सशर्त सहयोग का प्रस्ताव रखा। लेकिन जब बात नहीं बनी तो वह पुनः गांधीजी की शरण में मार्गदर्शन के लिये आ गई। गांधीजी ने व्यक्तिगत सत्याग्रह शुरू किया और विनोबा भावे की गिरफ़्तारी प्रथम सत्याग्रही के रूप में 21 अक्टूबर 1940 को हुई। सभी सत्याग्रहियों को सरकार ने गिरफ्तार तो किया पर जैसे ही जापान ने लड़ाई में हिस्सा लिया और उसकी जीत का सिलसिला शुरू हुआ तो सत्याग्रही जेल से छोड़ दिए गए।

युद्ध भूमि में जापान ने मलाया और बर्मा पर कब्जा कर लिया, वहाँ से भारतीयों के दल शरणार्थी के रूप में भारत आ रहे थे। जापानी हवाई जहाज भारतीय सीमा के आसपास चेन्नई से बंगाल के तक मंडरा रहे थे। यह स्थिति सरकार और कांग्रेस के लिए चिंता का विषय थी। अन्तराष्ट्रीय जगत में खासकर अमेरिका के अखबारों में ब्रिटेन की भारत नीति की कटु आलोचना हो रही थी। तभी 1942 में ब्रिटिश सरकार ने सर क्रिप्स के नेतृत्व में वातार्कारों का एक दल भारत में कांग्रेस व मुस्लिम लीग के नेताओं से बातचीत के लिए भेजा। कांग्रेस को क्रिप्स मिशन के प्रस्ताव स्वीकार नहीं थे क्योंकि इसमे भारतीयों के हाथ में तत्काल उत्तरदायित्व सोपने को लेकर कोई विचार नहीं था। गांधी जी ने क्रिप्स मिशन को दिवालिया बैंक का पोस्ट डेटेड चेक कहा था। जापान जब जापान तेजी से आगे बढ़ रहा था, अंग्रेज फौज देश की सीमाओं की सुरक्षा कर पाने में असमर्थ थी, सीमावर्ती इलाकों को जबरदस्ती खाली कराया जा रहा था तब गांधीजी ने यह महसूस किया कि यदि जापानी सेना भारत में घुस आती है तो अंग्रेजों से तृस्त जनता उन्हें अपना मुक्तिदाता मान बैठेगी और भारत अंग्रेजों की दासता से मुक्त होकर एक बार पुनः जापानियों का गुलाम बन जाएगा। गांधीजी के अनुसार अंग्रेजों के पास एक ही सम्मानजनक रास्ता बचा था-वे शांतिपूर्वक भारत को जनता के भरोसे छोड़कर चले जाएं, जनता स्वयं जापानियों से मुकाबला करेगी। .. ..**जारी।**



## आदिवासी इस धरती के संरक्षक और ईश्वर के प्रतिनिधि



**देवेश कुमार 'देव '**
**स्तंभकार**

आदिवासी सादा और सरल जीवन के प्रतीक , प्रकृति के उपासक, संरक्षक और सच्चिदानन्द स्वरूप छल-कपट रहित हृदय के मालिक हैं। पूरी दुनिया की जनसंख्या का मात्र 5 प्रतिशत आबादी वाला यह समुदाय पूरी दुनिया में 5000 संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाऐ जाने का उद्देश्य यह है कि इनके माध्यम से प्रकृति और संस्कृति दोनों का संरक्षण किया जा सकता है। अलग - अलग देशों में आदिवासी समुदाय के लोग अलग- अलग अद्भुत संस्कृतियों को जीवंत बनाऐ हुए हैं। प्रत्येक आंदोलन और क्रांति के सूत्रधार आदिवासी रहे हैं। भारत की गुलामी के दौर में भी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा, नीलाम्बर,पीताम्बर, सिद्धू - कान्हू इत्यादि कई आदिवासियों ने बीहड़ों से जर- जंगल- जमीन और प्रकृति की रक्षा, अपने हक के लिए अंग्रेजी शासन के विरुद्ध क्रांति का नेतृत्व किया, सामंतवादी और जमींदारी प्रथा को उखाड़ फेंकने में अपनी आहूति दे दी। इनकी एक आदत अजीब है वो बदलाव से डरते हैं और जंगलों को ही अपना सुखी- सम्पन्न आवास मानते हैं। वे वहीं खुशहाल और सुरक्षित महसूस करते हैं। झारखंड में मुंडा, उरांव, संथाली, बिरहोर जैसी अनेक आदिवासी जनजातियाँ निवास करती हैं। प्रसिद्ध मानवविज्ञानी डॉ० चतुर्भुज साहू ने झारखंड की अत्यंत पिछड़ी आदिवासी जनजाति बिरहोर के साथ कई दिनों तक उनके साथ रहकर उनके जीवन को समझने का प्रयास किया और उस संस्मरण को एक पुस्तक का रुप दिया। एक मुलाकात में मैने जब उनसे आदिवासी जीवन को समझने की इच्छा जाहिर की तो उन्होंने कहा - 'ईश्वर के सबसे करीब हैं बिरहोर , अपनी संस्कृति और जीवन शैली से ये खिलवाड़ कभी पसंद नहीं करते। ' ये बिरहोर 21 वीं सदी में भी आदि- मानव की जिंदगी जी रहे हैं, आज भी बीहड़ जंगलों में रहने वाले बिरहोर पुरुष और स्त्रियाँ लगभग नग्नावस्था में रहते हैं। जंगल के कंद- मूल और जानवर इनके भोजन हैं, पेड़ों के पत्ते वस्त्र हैं और घास- फूस से बने घर इनका आशियाना है। सरकार इन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने का प्रयास करती रहती हैं, परन्तु वो अपनी मूल जिंदगी में ही रहना पसंद करते हैं।

**9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाऐ जाने का उद्देश्य यह है कि इनके माध्यम से प्रकृति और संस्कृति दोनों का संरक्षण किया जा सकता है। अलग - अलग देशों में आदिवासी समुदाय के लोग अलग- अलग अद्भुत संस्कृतियों को जीवंत बनाऐ हुए हैं।**

आदिवासियों को जड़ी- बूटियों के औषधीय गुणों का अच्छा ज्ञान है। प्रकृति की पूजा करने वाले ये आदिवासी ही प्रकृति के वास्तविक संरक्षक भी हैं। आदिवासियों की मूल संस्कृति से छेड़छाड़ किऐ बिना उन्हें सुविधाएं यथा स्वच्छ जल, भोजन और शिक्षा- संस्कार उपलब्ध कराना और उनके ज्ञान का उपयोग सही दिशा में करना ही विश्व आदिवासी दिवस मनाने का सही औचित्य है। इनके भोलेपन और निर्मल हृदय का गलत फायदा उठाने वालों को यह समझ लेना चाहिए कि इनके साथ धोखा करना ईश्वर का अपमान है और खुद की कब्र खोदने के समान है। आरक्षण नीति को आदिवासियों के लिए अभिशाप न बनने दिया जाऐ। नमन है इन सच्चे प्रकृति प्रेमी विश्व के सम्पूर्ण आदिवासी समुदाय को।

# संत और कंजूस सेठ

प्रेरक प्रसंग



एक संत थे अमर नाथ जी वे हमेशा प्रभु ईश्वर के गुणगान में लगे रहतें थे और लोगो को भी बुराइयों को त्यागकर ईश्वर भक्ति में लीन होने की उपदेश दिया करतें थे। लोग उनके उपदेश को सुना करते थे उनसे प्रेरणा लिया करते और इस तरह उनकी भक्तों की संख्या दीन प्रतिदिन बढ़ती गयी।उनकी भक्ति का गुणगान सुनकर एक सेठ, संत अमरनाथ जी से मिलने पहुंचे। वह सेठ बहुत ही धनी था, उसके लिए पैसा ही सब कुछ था, उस सेठ के लिए पैसे की अलावा सब कुछ बेकार था। पैसे के लिए वह कुछ भी कर गुजरने को तैयार था जैसे झूट बोलना, लड़ाई झगड़ा करना, छल करना आदि।

सेठ को संत अमरनाथ का सांत स्वभाव को देखकर सेठ को बहुत आश्चर्य हुआ, उसने संत से पूछा की आप की आप इतना सांत और निश्छलता के साथ कैसे रहते हो, आपको कभी पैसे का लालच नहीं होता, आप अपने इस आनंद मय जीवन का राज कृपा कर मुझे भी बताएं। संत अमरनाथ जी ने कहा की ये सब बात को छोड़िये, मै आपको एक राज की बात बताता हूँ, आपकी एक सप्ताह बाद मृत्यु हो जाएगी। यह बात सुनकर बेचारे सेठ के दिल दिमाग में सन्नाटा छा गया, सेठ भय से ब्याकुल हो गए। मृत्यु को समीप जानकार उनका सारी वासनाये लालच सब समाप्त हो गयी। उन्हें अपने जीवन के सब झूट, छल, कपट याद आने लगें और उन्हें अपने आप से घृणा होने लगी। वह उखड़े मन से घर की ओर लौट उनका बर्ताव पूरा बदला-बदला सा था कोई कुछ बात करता तो सेठ भी प्रेमपूर्वक बात कर लेता। वह धीरे-धीरे ईश्वर भजन में रूचि लेने लगा, उसके मन में था की अब कुछ ही दीन की तो जिंदगी है और इतना सारा धन-दौलत क्या करू सोच कर ईश्वर भजन में खोया रहता था।

वह ईश्वर भक्ति में खोया हुआ अंतिम दिन में अपनी मृत्यु का इन्तजार कर रहा था। तभी संत अमरनाथ जी पहुंचे और सेठ से बोले, क्यों सेठ जी अब पता चला की मै इतना निश्छल कैसे रहता हूँ।

कहानी का तात्पर्य यह है की कोई भी कार्य हो चाहे वह ईश्वर भक्ति या अन्य जरुरी काम हम किसी दूसरे चीजों में उलझे रहतें है और जब अंत नजदीक आता है तब हमे अपनी गलतियों का अहसास होता है।

जानकारी

## हिमालयन बर्ड पार्क



पक्षियों से प्रेम करने वालों के लिए यह स्थान सबसे उचित है। यहाँ आपको जाने-पहचाने व कुछ अनदेखे पक्षियों को देखने का अवसर प्राप्त होगा। हर तरफ चिड़ियों की चहचहाट आपको भोर का स्मरण कराऐंगी जैसे हर सुबह चिडियाँ चहकती हुई जाती हैं। हरियाली युक्त वातावरण में आपको कुछ पक्षी पेड़ की शाखाओं पर दिखेंगे व कुछ आपस में बात करते व कुछ अपने बच्चों के साथ समय बिताते हुए। आप यहाँ आकर मंत्र मुग्ध हो जाऐंगे। आपको यहाँ हिमाचल प्रदेश का स्थानीय पक्षी व हिमालयन मोनल देखने को भी मिलेगा।

## iQoo Z7 Pro 5G भारत में 31 अगस्त को होगा लॉन्च



साइबर दुनिया

**नई दिल्ली:** iQoo Z7 Pro 5G भारत में 31 अगस्त को लॉन्च होने वाला है। कंपनी ने इसकी पुष्टि मंगलवार को की। Vivo सब-ब्रांड के अपकमिंग स्मार्टफोन में होल-पंच कटआउट के साथ कर्व्ड डिस्प्ले होने की बात सामने आई है। वहीं, हैंडसेट के 4ल्ले MediaTek Dimensity 7200 SoC से लैस होने की उम्मीद है। इसके अलावा, फोन में 66ह फास्ट चार्जिंग के साथ 4,600mAh की बैटरी हो सकती है। उम्मीद है कि iQoo Z7 Pro 5G, iQoo Z7 की जगह लेगा।

iQoo द्वारा ट्विटर पर शेयर किए गए एक टीजर पोस्टर के अनुसार, नया iQoo Z7 Pro 5G भारत में 31 अगस्त को लॉन्च किया जाएगा। ब्रांड ने लॉन्च के लिए मीडिया इनवाइट भेजना भी शुरू कर दिया है। iQoo की इंडिया वेबसाइट और Amazon India पर एक समान माइक्रोसाइट है, जो नए iQoo Z7 Pro 5G के कुछ डिजाइन और फीचर्स की जानकारी देती है। इसमें एक कर्व्ड डिस्प्ले और सेल्फी कैमरे के लिए स्क्रीन पर सेंटर होल-पंच कटआउट दिखाया गया है। इच्छुक खरीदार अब लॉन्च के बारे में लेटेस्ट नोटिफिकेशन्स हासिल करने के लिए साइन अप कर सकते हैं।

एक हालिया लीक के अनुसार, iQoo Z7 Pro 5G की कीमत 25,000 से 30,000 रुपये के बीच हो सकती है। iQoo Z7 Pro 5G स्पेसिफिकेशन (अपेक्षित) हालिया लीक के अनुसार, iQoo Z7 Pro 5G में 120Hz रिफ्रेश रेट के साथ 6.78-इंच कर्व्ड अटडछएऊ डिस्प्ले होगा। ऐसा कहा जा रहा है कि यह दो रैम ऑप्शन - 8GB और 12GB रैम और दो स्टोरेज ऑप्शन - 128GB और 256GB में आएगा। इसके 4nm मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7200 चिपसेट से लैस होने की उम्मीद है। कहा जा रहा है कि हैंडसेट ने बेंचमार्किंग वेबसाइट AnTuTu पर 7,00,000 से अधिक स्टोर हासिल किया है।

टॉप ट्वीट



" आज 'भारत छोड़ो आंदोलन' की सालगिरह पर, मैं उन सभी को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं, जिन्होंने इस महान देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया।" उन्होंने भविष्य में एक स्वस्थ, सुंदर, आशाजनक, एकजुट, सहिष्णु, मजबूत भारत सुनिश्चित करने के लिए सद्भाव और मानवता के उनके महान आदर्शों को बनाए रखने का आह्वान किया और कहा कि भारत का विचार खत्म नहीं होना चाहिए।"

**ममता बनर्जी**
**पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री**



" मैं इस स्वतंत्रता दिवस पर कलर्स सिनेप्लेक्स पर 'भेड़िया' के वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर को लेकर रोमांचित हूं। मेरे दिल में इस फिल्म के लिए एक खास जगह है क्योंकि इसने मुझे भास्कर के रोमांचक किरदार में गहराई से उतरने का मौका दिया। "

**वरुण धवन**
**बॉलिवुड अभिनेता**

संपादक के नाम पत्र

### पंजाब में बढ़ता नशे का कारोबार

पंजाब में हर घर में चिंता खाए जा रही है कही मेरा बेटा नशे की लत में न पड़ जाए ।आतंकवाद और खालिस्तान का दंश चुके पाकिस्तान में नशे का कारोबार बढ़ रहा है ।युवा नशे के आदि होते जा रहे है ।सरकार नशे के कारोबारियों तक पहुंच पाने में असफल हुई है ।पंजाब में हर दूसरे दिन नशे में डूबे नशेड़ियों की मौत हो रही है ।जिसको लेकर सरकार को संज्ञान लेने की जरूरत है ।एक खबर के अनुसार नौ लाख लोग नशा मुक्ति केंद्रों पर रजिस्टर्ड है ।पंजाब की उपजाऊ भूमि देश के करोड़ो लोगो का पेट भरने के लिए जानी जाती है ।किसान परिवार नशे की गिरफ्त में आ जाता है तो सरकार और समाज के लिए नुकसानदेह ही होगा ।स्कूल की और शादी की उम्र के बच्चो की संख्या बढ़ती जा रही है ।यह चिंता का विषय है ।नशा किसी भी चीज का ठीक नही होता है ।बॉर्डर से शहरो में होम डिलेवरी से समाज आहत है ।एनसीआरबी के अनुसार पिछले सात साल में 544 जाने चली गई ।लेकिन वर्तमान में आप पार्टी की सरकार के कार्यकाल में पिछले 19 महीने में 272 मौते हो चुकी है ।जिसका अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकार नशे तक पहुंचने में कितनी उदासीन है ।सैकड़ो युवाओ को नरक में धकेलने की साजिश पाकिस्तान में बैठे आका कर रहे है ।जिसके कारण देश के युवाधन को बर्बाद करने की मंशा है ।2016 से 2021 से अब तक पुलिस विभाग ने नशे के कारोबारियो से 1239.49 किलो हेरोइन और 1044.31 किलो अफीम पकड़ी गई है ।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### रक्तदान कर बच्चे की स्वस्थ होने की कामना किया

इचाक : इचाक छावनी के रहने वाले संतोष राम के एक माह के बेटे को रक्त की अति आवश्यकता थी हिंदू युवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवम मेरा मठ मेरा मंदिर बचाव समिति के महासचिव मनोज मेहता को जैसे ही पता चला वह तुरंत अपने सारे काम को छोड़कर उस बच्चे को रक्त दिए। यह उनके जीवन का 15 वां बार है।

## सिटी अपडेट्स >>

### सामुदायिक हॉल का विधायक मनीष जायसवाल ने किया लोकार्पण

हजारीबाग: हजारीबाग बुधवार को स्थानीय विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, बाबुगांव, कोर्रा, हजारीबाग में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के विधायक निधि की राशि 12 लाख रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक हॉल का विधिवत लोकार्पण बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मनीष जायसवाल, गंगा दुबे, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ।ब्रज कुमार, सचिव राम बहादुर सिंह, भाजपा पूर्वी नगर मंडल अध्यक्ष सह पूर्व वार्ड पार्षद पंकज कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रुप दीप प्रज्वलन कर एवं पुष्पांजलि के पश्चात माता सरस्वती की वंदना के साथ किया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने अतिथियों का परिचय एवं स्वागत सम्मान अंग- वस्त्र एवं श्रीफल भेंट कर किया गया। विद्यालय के बहनों द्वारा अतिथियों का स्वागत गीत प्रस्तुत कर अभिनंदन किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अध्यक्ष डॉ। ब्रज कुमार ने विद्यालय कि वृत्त प्रस्तुत किया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### जल, जंगल, जमीन को बढ़ावा देना एवं संरक्षण करना, इनकी सुरक्षा हमारा दायित्व : मनोज

बरही : बरही अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस के अवसर पर बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव ने आदिवासी समुदाय को याद करते हुए उन्हें प्रकृति का पुजारी बताया है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस पूरे विश्व में निवास करने वाले आदिवासी समुदाय के मूलभूत अधिकार, जल, जंगल, जमीन को बढ़ावा देना एवं सामाजिक ,आर्थिक एवं राजनीतिक सुरक्षा एवं संवर्धन के लिए प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को मनाया जाता है। आदिवासी समाज प्रकृति पूजा करते है, प्रकृति में जीते हैं। जल, जंगल, जमीन से यह लोग प्रकृति एवं पर्यावरण को संवर्धन करना तथा संरक्षण करना उनकी प्राथमिकताएं हैं। वर्तमान वर्ष आदिवासी समाज के लिए महत्वपूर्ण इसलिए है ।

---

आदिवासी दिवस

### विश्व आदिवासी दिवस आदिवासियों के सम्मान में मनाया जाता है: शैलेन्द्र कुमार

# कांग्रेस कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस मनाया गया

● 1994 में संयुक्त राष्ट्र में 09 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस घोषित किया था

राष्ट्रीय खबर



हजारीबाग: हजारीबाग जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में अगस्त क्राति दिवस तथा अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस आदिवासी गौरव पर्व के रूप में धूम-धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस आदिवासियों के सम्मान में मनाया जाता है। सन 1994 में संयुक्त राष्ट्र में 09 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस घोषित किया था। विश्व के स्वदेशी लोगों का अंतरराष्ट्रीय दिवस या विश्व आदिवासी दिवस विश्व की स्वदेशी आबादी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए प्रत्येक वर्ष 09 अगस्त को मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि अगस्त क्रांति दिवस में हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन का अहवान किया था। कार्यक्रम का संचालन इंटक के जिला अध्यक्ष मिथिलेश दूबे व महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत तथा धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक देव ने किया। जिला के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने बताया कि कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष कुमार रौशन, शिला टोप्पनो, मनिषा टोप्पो, रूप कुमारी टोप्पनो, सुमन मिंज, कुमारी बाखला, सिमरोला एक्का, विन्नी प्रिस्का टोप्पनो, शंकर टुड्डु, ओलेनसिया एक्का मुक्ति लता तिडू, प्रिती टोपनो, सुमंती बास्के, सुखराम टोप्पो, जॉन पाल, सुखराम टोप्पो, असगरी अंजूम, बेबी देवी प्रखंड अध्यक्षों में विकास यादव, अब्बास अंसारी, राम जन्म राय, नरसिंह प्रजापति, नौशाद आलम, अब्दुल मनान वारसी, सत्यनारायण प्रसाद, बिनोद सिंह , दिलीप कुमार रवि, लाल बिहरी सिंह, मकसूद आलम, डॉ। प्रकाश कुमार, सरयु यादव, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, मो मुस्ताक, प्रकाश यादव, अंतत मेहता, निजामुद्दीन अंसारी, परवेज अहमद, देवधारी प्रसाद मेहता, सलीम रजा, नरेश गुप्ता, चन्द्र शेखर आजाद, रविन्द्र प्रताप सिंह, सुनिल अग्रवाल, भाया असीम कुमार, गालिब अहमद, अनिल कुमार भूईंया, मुकेश साव, मो। जावेद, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी, जयंत तुरी, बाबर अंसारी, मो। रब्बानी, मंटू पासवान, छत्रधारी साव, मो। वारिस, बबलू सिंह, पप्पू कुमार यादव, फिरोज अख्तर, सदरूल होदा, रोहन ठाकुर, बाबर खान, बाबु खान, रितेश तिवारी, कौशल कुमार सिंह के अतिरिक्त सैकड़ो कांग्रेसी उपस्थित थे।

## पीरटांड़ में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस,उपस्थित हुआ विधायक

राष्ट्रीय खबर

पीरटांड़: विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पीरटांड़ प्रखंड के शहीद सिद्धू कानू स्कूल मैदान एवं चिरकी पंचायत के पथलघाटी में घटवाल घटवार महासभा की और से बुधवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के हर वर्ग के लोगों की मौजूदगी रहै, खास कर आदिवासी समेज के बच्चे,बूढ़े,महिला,पुरूष उपस्थित हुए। शहीद सिद्धू कानू स्कूल मैदान के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गिरीडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू,प्रमुख सविता टुडू, बीडीओ मनोज कुमार मरांडी,सीओ विनय प्रकाश तिग्गा उपस्थित हुए। अतिथियों का स्वागत समिति के सदस्यों ने बुके देकर किया। जिसके बाद मंचस्थल पर शहीद बिरसामुंडा, वीरांगना दुर्गवाती के चित्र के पास दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।अतिथियों ने कहा कि विश्व आदिवासी की सभ्यता संस्कृति की विशिष्टता का घोतक है। बल्कि उसे संरक्षति करने और सम्मान देने के आग्रह का भी सूचक है।

आदिवासी समुदायों की भाषा, जीवनशैली, पर्यावरण से निकटता और कलाओं को संरक्षति और संवर्धित करने के प्रण के साथ आज यह भी संकल्प लिया जाए। अपनी आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने संकल्प दिवस के रूप मे विश्व आदिवासी दिवस मनाने के लिए कदम से कदम मिला कर चलेंगे।

### कई बार सांसद व विधायक से की गई मांग, पर मिलता रहा सिर्फ आश्वासन

## ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से सड़क मरम्मत कर जनप्रतिनिधियों को दिखाया आइना



▶▶ सांसद विधायक केवल चुनावी मुद्दा में ही जनता को को सपना दिखाते हैं

राष्ट्रीय खबर

चौपारण: चौपारण प्रखण्ड के ग्राम इंगुनिया में गावं की मुख्य सड़क को कीचड़ में तब्दील हो जाने आवागमन बाधित हो गया था। लोग घरों से निकलने में युद्ध लड़ने जैसा महसूस करते थे। सड़क खराब हो जाने के बाद ग्रामीणों ने कई बार सांसद जयंत सिन्हा सह विधायक उमा शंकर अकेला से भेंट कर इसकी मरम्मत की बात की पर मिला सिर्फ आश्वासन। अंततः ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से तंग आ कर मंदिर फंड में जमा राशि से सड़क को फिलहाल मरम्मत कर आने-जाने के योग्य बनाया। इस दौरान ग्रामीण पानी मे भींग कर दिन भर इस कार्य में लगे रहे। बताते चले कि इस गावं में +2 उच्च विद्यालय एवं रविवारीय बाजार के कारण भी इस सड़क की महत्ता बढ़ जाती है और इससे दर्जनों गांवों के बच्चे प्रभावित होते हैं। इस कार्य मे मन्दिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशुतोष कुमार, युवा समाजसेवी दिलीप सिंह, कौशल किशोर सिंह, लव कुमार चंद्रवंशी, बबलू सिंह, उप मुखिया प्रतिनिधि मृत्यंजय सिंह, अमेरिका चंद्रवंशी सहित कई युवाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिन्हें समस्त ग्रामीणों ने सहयोग किया व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता पर चिंता जताई।

## आदिवासी समाज का इतिहास प्रेरणा का स्रोत है : निदेशक



राष्ट्रीय खबर

बरही: बरही आईलेक्स पब्लिक स्कूल में आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से आदिवासी समाज पर चर्चा किया गया। भारत ही नहीं, दुनिया के तमाम हिस्सों में आदिवासी समुदाय के लोग रहते हैं, जिनका रहन-सहन, खानपान, रीति-रिवाज वगैरह आम लोगों से अलग है। समाज की मुख्यधारा से कटे होने के कारण ये पिछड़ गए हैं। इस कारण भारत समेत तमाम देशों में इनके उत्थान के लिए, इन्हें बढ़ावा देने और इनके अधिकारों की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए कई तरह के कार्यक्रम चलाए जाते हैं। इसी कड़ी में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने पहली बार 1994 को अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी वर्ष घोषित किया था। इसके बाद प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को आदिवासी दिवस मनाया जाता है। दुनिया के तमाम देशों में आदिवासी समुदाय के लोग रहते हैं। इनकी भाषाएं, संस्कृति, त्योहार, रीति-रिवाज और पहनावा सबकुछ अलग है। आदिवासी समुदाय के लोग, आदिवासी संगठन सामूहिक समारोह का आयोजन करते हैं।वर्तमान समय में कई जगहों पर जागरुकता अभियान चलाए जा रहे हैं। वही विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने बच्चों को भारत में विभिन्न जगहों पर पाये जानेवाले आदिवासी समुदाय की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत में मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार आदि तमाम राज्यों में आदिवासी समुदाय के लोग रहते हैं। मध्य प्रदेश में 46 आदिवासी जनजातियां निवास करती हैं। एमपी की कुल जनसंख्या के 21 फीसदी लोग आदिवासी समुदाय के हैं। वहीं झारखंड की कुल आबादी का करीब 28 फीसदी आदिवासी समाज के लोग हैं। इसके अलावा भी तमाम राज्यों में आदिवासी समुदाय के लोग रहते हैं। गोंड एशिया का सबसे बड़ा आदिवासी ग्रुप है, जिनकी संख्या 30 लाख से अधिक है।

## आईफ्लू मौसमी संक्रमण से बचाव हेतु सावधानी बरतें डॉः आरसी

राष्ट्रीय खबर

हजारीबाग: हजारीबाग बरसात के मौसम में हवा में नमी होने के कारण कंजेक्टिवाइटिस आई फ्लू की समस्या इपिडेमिक रूप से मौसमी आईफ्लू फैल रहा है आमतौर आई फ्लू या आंख आना एक वायरश/बैक्टीरिया जनीत संक्रमक रोग है जो ज्यादातर एक संक्रमित रोगी के संपर्क में आने पर दूसरे व्यक्ति को होता है। कंजेक्टिवाइटिस से बचाव हेतु संक्रमित व्यक्ति के संपर्क वाले सामानों से दूरी बनावे। स्वच्छता पर ध्यान रखें आंखों को साफ सुथरा रखें, अपनी आंखों को अपने हाथ से बिना हाथ धोवे न छुए। जब भी जरूरी हो हाथ धोकर आंख छुएं। अपनी निजी चीजों जैसे तालियां तकिया कंघी रुमाल कलम मोबाइल इत्यादि को सझा ना करें क्योंकि बिना निकट संपर्क के आंख में संक्रमण नहीं होता है आम गलतफहमी है कि किसी की आंखों में देखने से आईफ्लू हाता है जब तक आप प्रतक्ष्य-प्रतक्ष्य रुप से आंखों से निकलने वाले स्त्राव के संपर्क में नहीं आते हैं तब तक संक्रमण का जोखिम नहीं होता है। यह बातें मेहता हॉस्पिटल के निदेशक डॉ आरसी प्रसाद ने मेहता हॉस्पिटल के कार्यालय में कहा। उन्होंने आम जनता को सुझाव देते हुए कहा की आईफ्लू का इंफेक्शन होने से बचाव बेहतर है। सुझावों का पालन करते हुए बचाव हेतु आइटोन नाम की दवा सभी प्रतिष्ठित दवाखाना में मिलती है दोनों आंख में एक-एक बूंद से बचाव हेतु लगावे। आदि बीमारी हो जाता है ।

---

## >>>> न्यूज फटाफट

### लोन मेला में एमएसएमई के तहत बैंक ऑफ इंडिया बाटेगी लोन

हजारीबाग : हजारीबाग बैंक ऑफ इंडिया सकेतपुरी हजारीबाग के अंचल द्वारा अपने शाखाओं में एमएसएमई कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग के तहत किये जाने वाले व्यवसाय हेतु ग्राहकों को ऋण प्रदान किया जायेगा। बैंक ऑफ इंडिया के विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में ग्राहकों को जानकारी भी प्रदान की जाएगी। कैंप का आयोजन क्रमशः 10 अगस्त को झुमरीतिलैया, 11 अगस्त को हजारीबाग बाजार, कोर्रा, पगमिल, हुरहुरु, रामनगर, 14 अगस्त को हजारीबाग, पगमिल, अमृतनगर, डेमोटांड, कोर्रा, 15 अगस्त को बन्तारा, चितरपुर, चट्टीबाजार, रामगढ कैंट, मुर्रमकलां, मरार, 16 अगस्त को झुमरीतिलैया, कोडरमा, डोमचांच, बरही, करियातपुर, चौपारण, 19 अगस्त को कुजू, चरही, घांटोटांड, भुरकुंडा, पतरातू, बड़कागाँव, 19 अगस्त को चतरा, विकासभवन, सिमरिया, बिष्णुगढ़, नवादा, दारु, टाटीझरिया मांडू, दिनांक जयनगर, बरकट्ठा, मरकच्चो, दादपुर, चंदवारा आदि शाखाओं में आयोजित की जायेगी। ग्राहकों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में कैंप में आकर विभिन्न योजनाओं का लाभ उठायें।

### सामाजिक कार्यकर्ता के निधन की सूचना मिलते ही पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे पूर्व विधायक, बंधाया ढाढस



बरही : बरही प्रखंड के सिंहपुर गांव निवासी 33 वर्षीय युवा सामाजिक कार्यकर्ता मनोज यादव का बीते दिन आकस्मिक निधन हो गया था। जिसकी सूचना मिलने पर पीड़ित परिवार से मिलकर और मृतक आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने श्री यादव सिंहपुर पहुंचे। पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि मनोज यादव का आकस्मिक निधन से परिवार के लिए, समाज के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसका भरपाई तो नहीं कर सकते है लेकिन इस दु:ख के घड़ी में हम सब पीड़ित परिवार के साथ है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, स्थानीय मुखिया नारायण यादव, युवा भाजपा नेता संजय यादव, चन्दरदेव यादव, रामदेव यादव, अशोक यादव, जगदीश यादव, मुरली यादव, संतोष यादव, उपेंद्र यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### खिलाड़ियों के बीच टी एस एस अध्यक्ष ने किया जर्सी का वितरण



बरही: बरही तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू के द्वारा चौपारण प्रखंड के चोरदाहा पंचायत अध्यक्ष शशि सिंह व बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा जी के नेतृत्व में बरही प्रखंड के गौरियाकरमा पंचायत के खिलाड़ियों को नई जर्सी प्रदान की। साहू के इस कदम से खिलाड़ियों को नया उत्साह मिला है और अब वे अपने क्षेत्र में होने वाले प्रमुख खेलों में प्रतिस्पर्धा के लिए हमेशा तैयार रहेंगे।मौके पर साहू ने कहा कि खिलाड़ियों को अपने खेल कौशल को बढ़ाने और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उनका प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा । इसके साथ ही, खेल के प्रचार-प्रसार को भी बढ़ावा मिलेगा और फुटबॉल के प्रशंसकों को खेल और अधिक जुड़ने का अवसर मिलेगा। मौके पर चोरदाहा पंचायत मीडिया प्रभारी चिरंजीवी गुप्ता, बरही के सक्रिय युवा कार्यकर्ता धीरज वर्मा, अक्षय कुमार, सतीश कुमार, पप्पू कुमार, पवन कुमार, किशोर वर्मा, राज कुमार, नीतीश कुमार, नीतीश वर्मा, सागर कुमार, संतोष कुमार, मोहन वर्मा, अशोक कुमार, सुधीर कुमार, पंकज कुमार, वीरेंद्र ठाकुर, बादल वर्मा, राकेश कुमार, पवन शर्मा, बीरबल कुमार, अनिल शर्मा, नीतीश कुमार सहित अन्य कई खिलाड़ी मौजूद थे।

### नगवा पंचायत भवन में मेरी माटी मेरा देश सफल क्रियान्वयन कार्यक्रम को किया गया आयोजन

इचाक : इचाक सदर प्रखंड के नगवा पंचायत भवन में मेरी माटी मेरा देश सफल क्रियान्वयन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक बैठक रखी गई जिसकी अध्यक्षता स्थानीय मुखिया विनय उर्फ विनोद मेहता एवं संचालन पंचायत सचिव ललिता यादव ने किया इस कार्यक्रम के तहत श्री मुखिया ने कहा की आदरणीय देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 5 सूत्री कार्यक्रम सफल बनाने हेतु संकल्पित होकर देश की एकता अखंडता बनाए रखने के लिए देश के वीर शहीद स्वतंत्रता सेनानियों को पूरे देश में पंचायत स्तर पर कार्य करनना है साथ ही देश के नागरिकों को 5 सूत्री कार्यक्रम के तहत देश के सम्मान में एकजुट होकर देश की एकता को बनाए रखने के लिए निम्न कार्यक्रम तय किए गए हैं जिसे सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा सफल बनाने का आह्वान किया कार्यक्रम निम्न प्रकार के हैं(1) सिरा फल सूचना पट्ट(2) पंचप्राण प्रतिज्ञा(3) वसुधा वंदना(4) वीरों का वंदन(5)ध्वजा धारण एवं राष्ट्रगान मनाना है । मौके पर बबलू मेहता, कैलाश प्रसाद मेहता, गणेश प्रसाद मेहता, मेट तुलसी पासवान, वार्ड सदस्य बजरंगी ठाकुर, उप मुखिया बबीता देवी, विनोद प्रसाद मेहता, प्रज्ञा केंद्र संचालिका कंचन देवी , काली मेहता, अशोक मेहता ,कृष्णा मेहता, भीम मेहता समेत कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

### प्रवासी मजदूर की हुई मुंबई में हुई मौत

हजारीबाग : हजारीबाग जिले ग्राम रेवार पोस्ट चंदवार मुफस्सिल थाना निवासी पवन राणा जो मुंबई में काम करते थे जिनका सर में जोर से दर्द करने पर मुंबई के मलाड लाइफ लाइन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया ,ततपश्चात बाद उनकी मृत्यु हो गई। पवन राणा मुंबई में ही कारपेंटर का काम कर के अपने परिवार का भरण पोषण काम करते थे। नव झारखंड फाउंडेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने कहा कि इस मामले को झारखंड सरकार के श्रम एवं नियोजन विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता को इस मामले को मिलकर जानकारी देंगे। साथ कहा की देश-विदेश रोजी रोटी कमाने के लिए जाते हैं झारखंड के नौजवानों के वहां फजीहत में पढ़कर मौत के मुंह में समा जाने की पहली घटना नहीं है। इससे पहले कई प्रवासी मजदूरों की मौत हो चुकी है। आए दिन लगातार प्रवासी मजदूरों की मौत हो रही है। और सरकार की तरफ से परिवार वालों को किसी के तरफ सहयोग नहीं मिल पाता है। ऐसे में राज्य सरकार की प्रवासी मजदूरों के हित में ठोस कदम उठाना चाहिए। और सरकारी योजना के तहत पीड़ित परिवार को लाभ दिया जाए।

### अखंड हरि कीर्तन मे शामिल श्रद्धालु

बेरमो :शान्ति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश कुमार सिंह ने फुसरो के सिंह नगर स्थित शिव मंदिर मे अखंड हरिकीर्तन मे शामिल हुए। शामिल इस दौरान हरे राम हरे राम राम-राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे की गूंज से इलाका गुंजायमान हो उठा। अखंड में कई भजन मंडली भाग ले रही है। इस अवसर पर मंदिर को काफी आकर्षक ढंग से सजाया गया है। आस-पास का माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

---

उद्घाटन

### अदाणी फॉउंडेशन के सहयोग से अब महिलाएं होंगी आत्मनिर्भर

# अदाणी फॉउंडेशन के गंगा सेल्फ हेल्प ग्रुप का हुआ उद्घाटन

▶▶ पहले दिन ही एक सौ लीटर से अधिक शुद्ध सरसों और नारियल तेल की बिक्री

▶▶ गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत लगातार जारी है सामाजिक विकास के कार्य

राष्ट्रीय खबर



हजारीबाग : हजारीबाग बड़कागांव प्रखंड के गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय स्थित जीडीएम चौक के निकट बुधवार को गंगा एसएचजी (सेल्फ हेल्प ग्रुप) का उद्घाटन किया गया। यह ग्रुप खनन प्रभावित क्षेत्र गोंदलपुरा और रूदीगांव के ग्यारह महिलाओं का एक समूह है, जिसने अदाणी फॉउंडेशन के सहयोग से स्वरोजगार शुरू किया है। अदाणी फाउंडेशन ने लगभग दस लाख रुपए की लागत से गंगा एसएचजी नामक इस मिल की स्थापना की गयी है, जहां शुद्ध सरसों, तिल, नारियल और सूरजमुखी तेल उपलब्ध है। इसका उद्देश्य महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ ग्राहकों को विभिन्न प्रकार के शुद्ध तेल मुहैया कराने का भी है। उद्घाटन के पहले दिन ही यहां एक सौ से अधिक लीटर तेल की बिक्री हुई। यहां के सरसों तेल की कीमत फिलहाल एक सौ पचास रुपए और नारियल तेल की कीमत 350 रुपए प्रति लीटर तय की गयी है। पहले दिन ही गंगा एसएचजी ने एक सौ लीटर से अधिक शुद्ध सरसों और नारियल तेल की बिक्री की है। ग्राहकों के इस विश्वास से महिला सदस्यों का हौसला भी बढ़ा है।

**खनन प्रभावित क्षेत्र की महिलाएं होंगी स्वाबलंबी।**

अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्वों के तहत अदाणी फॉउंडेशन द्वारा शुरू इस मिल से इलाके की महिलाओं को स्वरोजगार का साधन मुहैया कराया गया है, जिससे खनन प्रभावित क्षेत्रों की ये महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकेंगी। अदाणी फॉउंडेशन के अधिकारियों ने बताया कि खनन परियोजना प्रभावित क्षेत्र की महिलाएं और पुरुष को स्वरोजगार के लिए अदाणी फॉउंडेशन सहायता करेगा।

**उद्घाटन कार्यक्रम में ये रहे मौजूद।**

उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर बड़कागांव के सर्किल इंस्पेक्टर अनिल कुमार, बड़कागांव के थाना प्रभारी विनोद तिर्की, गोन्दलपुरा खनन परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दूबे, सेवानिवृत डीएसपी सूर्य कुमार सिंह, सीएसआर प्रबंधक मोहित गुप्ता और शरद मिश्रा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाएं मौजूद थीं।

**सामाजिक विकास के कार्यो में लगातार सक्रिय है अदाणी फॉउंडेशन।**

अदाणी फॉउंडेशन की ओर से इलाके में लगातार सामाजिक विकास के कार्य जारी हैं। अभी हाल ही में अदाणी फॉउंडेशन ने ग्रामीणों के बीच निःशुल्क मॉनसून किट का वितरण किया था। इससे पहले महुगाई कला पंचायत में दस ब्रांडेड नए पंखे लगाए गए थे। वहीं, ग्रामीणों के लिए निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन और टीबी के 70 नए मरीजों को भी गोद लिया गया है, जिन्हें अगले छह महीने तक पोषण किट मुहैया कराया जाएगा। आशय की जानकारी अदानी कोल कोल माइंस के पीआरओ अभिनेश निचिकेता ने दिया।

राष्ट्रीय खबर हमारी नजर प्रदेश

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

**प्रदेश >> अपडेट**

## आदिवासी महोत्सव का आयोजन

**पलामू:** झारखंड सरकार के निर्देश पर पलामू प्रशासन के तत्वधान में 9 और 10 अगस्त 2023 को प्रातः 9:00 बजे से सहोदय उच्च विद्यालय शाहपुर मेदिनीनगर के मैदान में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बालक बालिकाओं के लिए फुटबॉल, हॉकी और एथलेटिक्स प्रतियोगिता का का आयोजन किया गया।

**शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>**

## आई फ्लू का हुआ इलाज व दवा वितरण

**छत्तरपुर (पलामू):** छत्तरपुर हेसला रोड स्थित होली ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य शिविर कैंप (आई फ्लू ) का लगाया गया ज्ञात हो कि राज्य सहित पूरे देश मे आई फ्लू से लोग ग्रसित है इस बीमारी को देखते हुए विद्यालय परिवार ने रूटीन स्वास्थ्य शिविर कैंप का आयोजन किया अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में अनुमंडलीय चिकित्सक के टीम जावेद अख्तर (एम डी) , कालिदास राय (एमपीडब्लू) , शैलेश कुमार सिंह (फार्मासिस्ट) , अनूप कुमार दास (ओ ए) के द्वारा मौसम के बदलते वायरस आई फ्लू स्वास्थ्य शिविर कैंप लगाया गया। विद्यालय के 100 से भी अधिक छात्रों को जांच के आधार पर आवश्यकता अनुसार निशुल्क दवा वितरण किया गया विद्यालय प्रबंधन हमेशा विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर कैंप का आयोजन कर छात्र छात्राओं को निशुल्क इलाज व दवा का वितरण करता है इस कार्यक्रम में संचालक श्रीमती अंजना मिश्रा, प्राचार्य - पंकज कुमार मिश्रा मनोज कुमार वर्मा ,राजकुमार, विजय कुमार गुप्ता ,प्रीति रजक ,विवेक कुमार, जितेंद्र कुमार, उमेश कुमार ,अनु सिंह , चंदन देवेगौड़िया, हेमंत महतो, अनिमेश महतो , प्रकाश कुमार की उपस्थित थे।

**संक्षिप्त >> अपडेट्स**

## शहरी स्वास्थ्य केंद्र संचालित नही हुआ तो होगा आंदोलन : कमलेश

**हरिहरगंज/पलामू :** शहरी क्षेत्र अन्तर्गत एनएच 98 किनारे स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पुराने भवन में शहरी स्वास्थ्य केंद्र संचालित करने की मांग को लेकर बुधवार को मिडिल स्कूल के समीप सड़क पर लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व राजद के वरिष्ठ नेता कमलेश कुमार यादव ने किया। इस दौरान कुछ देर के लिए आवागमन भी बाधित रहा। राजद नेता कमलेश कुमार यादव ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक द्वारा यह आश्वासन दिया गया था कि सीएचसी के पुराने भवन में शहरी स्वास्थ्य केंद्र संचालित होगा। परंतु अभी तक इस दिशा में कोई भी सार्थक प्रयास नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि उक्त भवन में स्वास्थ्य केंद्र रहने से शहर के आस पास के लोगों और सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को आपातकालीन स्वास्थ्य लाभ आसानी से मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि अगर शहरी स्वास्थ्य केंद्र का संचालन शीघ्र शुरू नहीं किया जाता है तो एक सप्ताह बाद जोरदार आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर रघुपत शर्मा, महेंद्र प्रजापति, नीरज कुमार, जगदीश पासवान, सत्येंद्र पासवान, छोटू कुमार, सुरेंद्र चौधरी, मुमताज, मुख्तार अंसारी, इंद्रदेव राम, गोपाल गुप्ता, समीर कुमार, संजीत कुमार सहित कई लोग उपस्थित है।

## महान विभूतियों को याद करते हुए मनाया विश्व आदिवासी दिवस

**पलामू :**विश्व आदिवासी दिवस के शुभ अवसर पर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में आदिवासी गौरव दिवस मनाया गया एवं आदिवासी समाज के प्रबुद्धजनों को सम्मानित की गई मौके पर जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने शॉल ओढ़ाकर दर्जनों आदिवासी समाज के लोगों को सम्मानित किया।

**ठगी मामला**

### पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र की घटना

# महंगे फोन और गिफ्ट के नाम पर महिला से डेढ़ लाख रुपए की ठगी, जांच में जुटी पुलिस

- महिला से ऑनलाइन गिफ्ट के नाम पर 2 लाख, 70 हजार रुपए की ठगी की गई
- महिला ने छतरपुर थाना पुलिस से मामले की शिकायत की
- महिला ने कस्टम के नाम पर ठग को डेढ़ लाख रुपए दे दिए




राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** पलामू में एक महिला से आईफोन और महंगे गिफ्ट के नाम पर ठगी हुई है। घटना के बाद पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।पीड़ित महिला पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली है। दरअसल, महिला को कुछ दिनों पहले व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया था। मैसेज के माध्यम से महिला को आईफोन समेत कई महंगे गिफ्ट मिलने की जानकारी दी गई थी। जिसके बाद महिला ने गिफ्ट लेने की इच्छा जताई थी।कुछ दिनों बाद महिला से कहा गया कि उसका गिफ्ट आ गया है और मुंबई कस्टम में फंसा हुआ है। गिफ्ट लेने के लिए कस्टम में कुछ रुपए देने होंगे।

महिला ने शुरूआत में 13 हजार रुपए दिए थे।धीरे-धीरे महिला ने कस्टम के नाम पर ठग को डेढ़ लाख रुपए दे दिए। बाद में महिला को अहसास हुआ की वह ठगी की शिकार हो गई है। इसके बाद में महिला ने छतरपुर थाना पुलिस से मामले की शिकायत की। महिला द्वारा शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। महिला पलामू के ग्रामीण इलाके की रहने वाली हैं और परिवार खेती-किसानी से जुड़ा हुआ है।

गौरतलब हो कि पलामू के ग्रामीण इलाके में भी लोग इस तरह से ठगी का शिकार हो रहे हैं। कुछ दिनों पहले एक महिला स्वास्थ्य कर्मी से ऑनलाइन गिफ्ट के नाम पर 2 लाख, 70 हजार रुपए की ठगी हुई थी। महिला स्वाथ्य कर्मी ने पलामू साइबर थाना में मामले में एफआईआर दर्ज करायी थी। पलामू पुलिस के लगातार जागरुकता अभियान चलाने के बावजूद लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। पलामू में इस तरह की ठगी से जुड़े कई केस विभिन्न थाना में रजिस्टर्ड हुए हैं।

## विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर किया गया पौधारोपण



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** हुसैनाबाद विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर हुसैनाबाद नगर पंचायत के हरही नदी स्थित सेस स्कूल एवं कनुआ बिगहा स्थित सेस स्कूल की शाखा में सैकड़ों फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर सेस स्कूल के प्रधानाचार्य कौशल किशोरम ने कहा कि आज विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर हमारे सहयोगी शिक्षकों एवं श्रमिकों के द्वारा विद्यालय प्रांगण में सैकड़ों पौधों का रोपण किया गया।आगे उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के बुनियादी लाभों में से एक यह है कि वे जीवन देने वाली ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और मानवों व जानवरों द्वारा छोड़ी गई कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं। हालाँकि, पेड़ न सिर्फ हमें ऑक्सीजन देते हैं बल्कि फल, लकड़ी, फाइबर, रबर आदि और भी बहुत कुछ प्रदान करते हैं। पेड़ पशुओं और पक्षियों के लिए आश्रय का भी काम करते हैं। इस मौके पर मुकेश कुमार पटेल, राकेश कुमार, मनोज कुमार श्रीवास्तव, रामजी यादव, ललन राम समेत अन्य शिक्षक एवं श्रमिक उपस्थित थे।

### श्रावणी मेला पर डीसी एसपी ने किया प्रेस वार्ता

# मंदिर के आय-सहित व्यवस्थाओं पर हुई चर्चा



राष्ट्रीय खबर

**देवघर:** देवघर में श्रावणी मेला इस बार दो महिने का है इस दौरान करीब आठ सोमवार होने है। हर सोमवार के बाद जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन मेला सफलता को लेकर प्रेस वार्ता करते है। इस बार भी पांचवे सोमवार की समाप्ती के बाद बुधवार को आर मित्रा स्कूल में बने मीडिया सेंटर में प्रेस वार्ता किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि मेला का उद्देश्य कुल मिलाकर श्रंद्धालूओं की सुरक्षा के साथ सुलभ जर्लापण कराना ही है। इस काम में झारखंड सरकार के साथ जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन साथ ही स्थानीय लोगों के सहयोग से मेला सफल हो पाता है। श्रंद्धालूओं की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार की ओर से बेहतर व्यवस्था की गई है। मेला में सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे उपद्रवियों पर नजर रखी जा सके इसके लिये मेला कंटेल रूम बनाये गये है जहां से जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन मेला की वास्तूस्थिति को सुचारू रूप से चलाते है। इधर मेला में किसी तरह की अनहोनी से निपटने के लिए करीब 9729 जवानों के साथ सीआरपीएफ की चार कंपनियां,एनडीआरएफ की 50 सदस्यों के साथ पुलिस उपाधिक्षक 35, पुलिस निरिक्षक 74, आंसू गैस दंता के साथ बम सक्वाइड दस्ता भी मौजुद है। उपायुक्त ने मंदिर के आय पर बात करते हुये कहा कि मंदिर से इन पांच सप्ताह के दौरान कुल 3.73 करोड़ की आय हुई हैं। शेष अलग-अलग विभागों से जैसे परिवहन विभाग से 1.60 करोड़, राज्य कर उपायुक्त देवघर अंचल से प्राप्त कुल आय 8.12 करोड़ की प्राप्ती हुई है। इस दौरान बाबा बैद्यनाथ मंदिर में केवल 33.87 लाख कांवरियों ने जलार्पण किया।

### पलामू को अकाल-सुखाड़ से मुक्ति दिलाने के लिए

# राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी ने किया रूद्राभिषेक का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**पलामू :** पलामू में बारिश की कमी से होने वाली अकाल से मुक्ति एवं पलामू में सुख,शांति,समृद्धि के लिए राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के द्वारा बुधवार को रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस अवसर सुबह नौ बजे से पूजा-अर्चना एवं दो बजे से संकीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।रुद्राभिषेक के मुख्य पुजारी पंडित हृषीकेश पाण्डेय पराशर वेदाचार्य ने मंत्रोच्चार से जहां पलामू मुख्यालय को गुंजायमान किया। वहीं मुख्य यजमान के रूप में पलामू जिला प्रभारी रिंकू तिवारी के बड़े भाई पंडित मुकेश तिवारी एवं उनकी अर्धांगिनी अंजनी तिवारी ने महादेव का अभिषेक किया। जहां बारिश, हरियाली, सुख शांति समृद्धि की मंगलकामना की गई। मौके पर युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि पलामू दशकों से पानी के लिए तरह रहा है। हालात बदतर इस कदर है कि मनुष्य से ज्यादा चिंता मवेशियों के लिए होने लगी है। इसके लिए विप्र परिवार चिंतित है। पलामू की समृद्धि के लिए राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी अपने अराध्य का आह्वान किया है।रुद्राभिषेक के पश्चात संकीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय कलाकारों के द्वारा कई भजन कीर्तन प्रस्तुत किया गया जिससे पुरा इलाका भक्ति मय हो गया। जिसमें रजवाडीह संकीर्तन मंडली ने भक्तिमय समां बांधा। इस आयोजन में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी,सचिव आशुतोष पाण्डेय लक्की,आशीष भारद्वाज,नवीन तिवारी,कोषाध्यक्ष राकेश पाण्डेय,संजय मिश्रा,शैलेश तिवारी,चंदन तिवारी,विकास दूबे,श्वेता तिवारी,प्रदीप दूबे,मनोज ओझा, राधेश्याम तिवारी,प्रभात दूबे,मनोज पाठक,संजय पाण्डेय,प्रसाद,रूपेश तिवारी समेत सैकड़ों परशुराम वंशज मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

राष्ट्रीय खबर


**पलामू:** झामुमो जिला कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस । पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सह आदिवासी नेता बालकिशन उरांव, पाहन मनेश उरांव, दाऊद केरकेट्टा, दिलीप कोरबा, निरंजन सिंह चेरो ने विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम को नेतृत्व किया । झामुमो जिला कार्यालय में आदिवासी परंपरा के अनुसार पाहन के द्वारा शहिद बेदी की पूजा की गई और जिलाध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रसाद सिन्हा द्वारा वरिष्ठ आदिवासी नेताओं को पगड़ी और माला पहना कर सम्मान किया गया साथ ही झामुमो के सभी नेता, पदाधिकारी जुलूस की शक्ल में पूरे शहर का भ्रमण करते हुए स्टेशन रोड स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की गई। अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने बताया ह्ल झामुमो द्वारा पूरे झारखंड में आज आदिवासियों के सम्मान में किसी उत्सव की तरह विश्व आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है। यह विश्व आदिवासी दिवस संतुलित विकास और स्थिरता प्राप्त करने के लिए आदिवासी आवाजों को सुनने और साझेदारी को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डालता है। यह दिवस हमें प्रकृति की रक्षा करने और उसका सम्मान करने सिखाता है। हेमंत सरकार ने आदिवासी समुदायों की जीवन स्थितियों में सुधार करने और उनकी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने के लिए विभिन्न उपाय अपनाए हैं, जैसे कानूनी प्रणालियों को मजबूत करना, शैक्षिक सहायता प्रदान करना, उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत करना। आज हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व में आदिवासी समाज एवं दबे कुचले लोगों का उत्थान तेजी से हो रहा है।

**विरोध प्रदर्शन**

### ग्रामीणों ने बदहाल सड़क को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

# किसान के खेत सूखे, सड़क पर धनरोपनी, यही हमारे क्षेत्र का दुर्भाग्य : कर्नल संजय

राष्ट्रीय खबर



**हुसैनाबाद पलामू:** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र झरगाड़ा पंचायत अंतर्गत ग्राम चरकौल में सड़क न बनने से परेशान ग्रामीणों ने बदहाल सड़क को लेकर अनोखा विरोध प्रदर्शन किया है। किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जगह-जगह सड़कों में गड्ढों पर धान रोपाई करते हुए प्रदेश सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त रास्तों को जल्द दुरुस्त करने की मांग की है। बता दें कि ग्राम चरकौल की हालात बेहद खराब है। जहां बारिश के दिनों में ग्रामीणों की चुनौतियां और भी ज्यादा बढ़ जाती हैं। यहां सड़क खस्ताहाल है, क्षेत्र में नालियां भी नहीं बनाई गई, जिसकी वजह से गंदे पानी की निकासी नहीं हो पाती। सारा पानी सड़क पर भर जाता है। चरकौल निवासी विष्णुदेव पासवान ने कहा तीन दिन पहले एक किशोरी को विषैले जन्तु के काट लिया सड़क खराब होने के कारण कोई वाहन यहां नहीं पहुंच पाई जिसके कारण उसे काफी मशक्कत से चारपाई के सहारे झरगाड़ा मुख्य पथ पर ले जाया गया तब उसकी जान बच सकी। कर्नल संजय सिंह ने कहा कि पहले सड़कों में गड्ढे होते थे लेकिन अब हेमंत सरकार में गड्ढों में सड़क समा गई है। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे के अलावा किसी भी ग्रामीण सड़क का हाल अच्छा नहीं है। क्षेत्रीय लोग जलजमाव से काफी परेशान है। जलजमाव के वजह से आए दिन इस सड़क पर हादसे होते रहते हैं, वही बरसात के मौसम में जलजमाव की स्थिति और भी बढ़ जाती है। जिससे क्षेत्र में बीमारियां फैलने का डर है। जन प्रतिनिधि कागज पर विकास का ढिढोंरा पीट रहे हैं और अपने जेब भरने में लगे हुए हैं। उन्हें आम आदमी के समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। किसान के खेत सुखे है और सड़क पर धनरोपनी हो रही है यह हमारे क्षेत्र का दूर्भाग्य हैं।

**न्यूज फटाफट**

## 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक

**सरायकेला :** समाहरणालय सभागार मे आज 20 सूत्री कार्यक्रम प्रभारी मंत्री-सह- स्वस्थ, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार बन्ना गुप्ता के अध्यक्षता तथा माननीय खरसावां विधायक दशरथ गागराई, माननीय इचागढ़ विधायक सबिता महतो, जिला परिषद अध्यक्ष समेत माननीय सदस्यगण की मौजूदगी में जिला 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक उपरांत मंत्री बन्ना गुप्ता के द्वारा क्रमवार विभिन्न विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं का समीक्षा कर आवश्यक दिशा निदेश दिए गया। समीक्षा क्रम मे मंत्री ने कहा कि जिले को सर्वगिण विकास की पथ पर ले जाना बैठक का मुख्य उदेश्य है। पदाधिकारी अंतिम पयदान पर खडे व्यक्ति को सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़े, उन्होंने कहा कि इस बाबत केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाए संचालित की जा रही है अतः पदाधिकारी संचालित योजनाओं के उदेश्य को पूर्ण करने को लेकर कार्य करे। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं मे गुणवातापूर्ण कार्य हो यह सुनिश्चित करे। बैठक के दौरान माननीय खरसावां विधायक दशरथ गागराई, इचागढ़ विधायक सविता महतो समेत अन्य सदस्यगण के द्वारा अपने अपने क्षेत्र सम्बन्धित समस्याओ (विधुत, पेयजल, सड़क सहित विभिन्न मामले) से अवगत करा क्षेत्र की समस्याओं उसके समाधान एवं सुझाव पर भी विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए जिला स्तर से होने वाली योजनाओं को पूर्ण करने तथा राज्य स्तर से होने वाली योजनाओं को विभागों से समन्वय स्थापित कर उनका निष्पादन कराने के संदर्भ में संसूचित किया गया। बैठक मे उपरोक्त के अलवा पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार, उप विकास आयुक्त अपर नगर आयुक्त आदित्यपुर नगर निगम, परियोजना निदेशक आईटीडीए, अपर उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला, अनुमंडल पदाधिकारी चांडिल, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत विभिन्न विभाग के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास से सफल बनाने के लिए बैठक का आयोजन




**महेशपुर (पाकुड़):** स्वतंत्रता दिवस समारोह को सफल बनाने को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को बीडीओ उमेश मंडल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रुप से प्रखंड प्रमुख शुभ लक्ष्मी मुर्मू, उप प्रमुख नसीमा खातुन, जिला परिषद सदस्य समसुन मुर्मू उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से विभिन्न कार्यालयों में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया। जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय- में 8:45 बजे पूर्वा, प्रखंड सह अंचल कार्यालय में 9:05 बजे, पुलिस निरीक्षक कार्यालय में 9:30 बजे, तहसील कचहरी में 9:40 बजे, महेशपुर थाना में 9:50 बजे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 10:00 बजे, अग्र परियोजना केंद्र मलवरी में 10:05 बजे, केंद्रीय रेशम बोर्ड में 10:10 बजे, पंचायत भवन महेशपुर में 10:15 बजे, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय में 10:20 बजे, लघु सिंचाई कार्यालय में 10:25 बजे, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग कार्यालय में 10:30 बजे, भ्रमणशील पशुपालन पदाधिकारी कार्यालय में 10:35 बजे, कस्तुरबा विद्यालय कैराछत्तर-में 11:00 बजे निर्धारित किया गया है। बैठक में बीपीआरओ प्रसेनजीत मंडल, सहायक अभियंता भूतनाथ रजक, प्रखंड बीस सूत्री सदस्य मु. महबूब आलम, कनीय अभियंता रंजीत मंडल सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## मेरी मार्गरेट हेम्ब्रम ने मेडिकल वैन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**गोड्डा:** जीतपुर कोयला खनन परियोजना के प्रभावित एवं नजदीकी ग्रामों के स्वास्थ्य सुविधा हेतु टेरी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के तत्वावधान में हेल्पेज इंडिया की मेडिकल सेवाएं नियमित एवं दैनिक आधार पर आयोजित करने हेतु ग्राम प्रधान श्रीजल सोरेन एवं पहाड़पुर ग्राम प्रधान हरि राम मुर्मू एवं पहाड़पुर पंचायत की मुखिया श्रीमती मेरी मार्गरेट हेम्ब्रम द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया एवं हरी झंडी दिखाकर मेडिकल वैन को रवाना किया गया। उद्घाटन के उपरांत पहाड़िया बहुल सुदुर ग्राम डाहुबेरा एवं पकेड़ी में चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमें लगभग 50 रोगियों का दवा देकर इलाज किया गया। इस शिविर का आयोजन नियमित तौर पर ग्राम जीतपुर, डाहुबेरा, पकेड़ी, तेलभीटा, जियाजोरी, कैरोजोरी, डुम्बरपालम एवं पहाड़पुर ग्राम एवं विभिन्न टोला के बीच किया जाना है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने उत्साहित होकर कंपनी के इस कदम की सराहना की है। मेडिकल टीम में हेल्पेज इंडिया के राज्य प्रमुख आलोक कुमार वर्मा, राज्य समन्वयक अभिषेक कुमार, डाक्टर संदीप कुमार सिंह फार्मासिस्ट मनोज कुमार पटेल एवं कोआर्डिनेटर ऋषिकेश कुमार एवं टेरी माइनिंग के पदाधिकारियों की भी उपस्थिति रही।

## वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने की परीक्षा नियंत्रक से मुलाकात



**पलामू :** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने जिला सचिव मोहित साहू के नेतृत्व में नीलांबर पितांबर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक शिवपूजन सिंह से मुलाकात की और विद्यार्थियों की समस्याओं से अवगत कराया। जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि कि विद्यार्थियों की बी .एड सत्र 21- 23 की परीक्षा की तिथि 22 अगस्त से 25 अगस्त तक है और उसी अवधि में बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा की तिथि भी घोषित की गई है। ऐसी स्थिति में बहुत से छात्र छात्राएं ऐसें भी हैं जिन्होंने बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी की है और उन्हें परीक्षा देनी है। वे सभी असमंजस की स्थिति में है कि क्या किया जाए। जिला सचिव मोहित साहू ने कहा कि विद्यार्थियों के इस समस्या का समाधान होना जरूरी है क्योंकि उनके लिए दोनों परीक्षाएं काफी महत्वपूर्ण है। इसलिए हम नीलांबर पितांबर विश्वविद्यालय प्रशासन से यह मांग करते हैं कि बी.एड की परीक्षा की तिथि में बदलाव किया जाए ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की समस्या सामना ना करना पड़े। इस पर परीक्षा नियंत्रक ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए परीक्षा परीक्षा तिथि को 26 और 29 अगस्त को बढ़ा दिया। इस मौके पर अभिषेक मौर्य, चीतेश मिश्रा, रवि रंजन मिश्रा, विवेक कुशाग्र आदि लोग मौजूद थे।

शहर >> अपडेट

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**कोडरमा**:बुधवार को नवलशाही थाना अंतर्गत पुरनाडीह के समीप बाइक से गिर कर एक युवक घायल हो गया। घायल युवक की पहचान प्रदीप यादव (उम्र 20 वर्ष पिता सहदेव यादव, ग्राम मरकच्चो नावाडीह निवासी) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपनी बाइक से कोडरमा स्टेशन से एक परिचित को छोड़ने के बाद युवक बाइक से आपने घर लौट रहा था। इस दौरान पुरनाडीह के समीप दुर्घटना का शिकार हो गया। स्थानीय लोगों की सहायता से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया।

सिटी अपडेट्स >>

## शोकाकुल परिवारों से मिले सुखदेव भगत



**लोहरदगा** :जिला के कांग्रेस कार्यकर्ता मनोज सोन तिर्की के पिता का आकस्मिक निधन होने के उपरांत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सह राज्य कोडिनेशन कमेटी के सदस्य सुखदेव भगत मनोज सोन तिर्की के पैतृक गांव रातू प्रखंड के ग्राम बिजूलिया पहुंचकर शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा कांग्रेस शोकाकुल परिवारों के साथ है ।उल्लेखनीय है कि मनोज सोन तिर्की के पिता कुछ दिनों से बीमार थे।


संक्षिप्त >> अपडेट्स



## विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

**कुडू** : 9 अगस्त को उपाध्यक्ष जिला परिषद अनीता देवी के द्वारा 15 में वित्त आयोग मद से प्रखंड बालूमाथ के ग्राम चेताग में देवी मंडप से लखन यादव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण एवं ग्राम पकरी में रामचंद्र परहिया के घर से शनिचर परहिया के घर तक नाली निर्माण का शिलान्यास किया गया। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष नागदेव उराव, आशीष ओझा, जितेंद्र शाव, मो रईस, मो रसूल, बिट्टू सिंह, रंजीत लाल नारायण राम, बिशून ठाकुर एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## विद्युत तार की चपेट में आने से अधेड़ जख्मी



**कुडू** : प्रखण्ड के कड़ाक गांव में बुधवार की सुबह टूट कर गिरे बिजली के तार की चपेट में आने से 65 वर्षीय अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार कड़ाक गांव निवासी जोलजस कुजूर के घर के सामने से गुजरा बिजली तार टूट कर गिर गया था। घर से निकले तभी विद्युत तार की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। तत्काल लोगों ने उसे सीएचसी कुडू में भर्ती कराया जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

प्रदर्शन धनबाद महापड़ाव में कोडरमा से सीटू के सैकड़ों लोग हुए शामिल

# लोकतंत्र खतरे में है : संजय पासवान

राष्ट्रीय कबर




**झुमरीतिलैया**: केंद्र सरकार की मजदूर किसान विरोधी, जनविरोधी व राष्ट्रविरोधी विनाशकारी नीतियों के खिलाफ तथा वैकल्पिक नीतियों के लिए कॉरपोरेट लुटेरों भारत छोड़ो के नारों के साथ केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर बुधवार 9 अगस्त को रणधीर वर्मा चौक स्थित गांधी सेवा सदन मैदान धनबाद में मजदूर कर्मचारियों के क्षेत्रीय महापड़ाव में कोडरमा जिला से सीटू से संबद्ध झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन, माईका वर्कर्स यूनियन और आंगनबाड़ी यूनियन से सैकड़ों की संख्या में मजदूर कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

धनबाद रेलवे-स्टेशन से जुलूस निकाल कर कॉरपोरेट लुटेरों भारत छोड़ो, निजीकरण पर रोक लगाओ, मजदूर विरोधी लेबर कोड वापस लो, महंगाई पर रोक लगाओ, मोदी सरकार मुदार्बाद आदि नारे लगाते हुए आंदोलन स्थल पर पहुँचे। जुलूस का नेतृत्व सीटू प्रदेश सचिव संजय पासवान, जिला संयोजक रमेश प्रजापति, आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी, निर्माण कामगार यूनियन के राज्य संयुक्त सचिव प्रेम प्रकाश, माईका वर्कर्स यूनियन के महेन्द्र तुरी ने किया।

सीटू नेता संजय पासवान ने कहा कि देश की भाजपानीत मोदी की सरकार किसानों, मजदूरों, नौजवानों के साथ धोखा तो कर ही रही है।

आज महंगाई की मार इस कदर देश के गरीबों पर पड़ रहा है कि लोग भूखे सोने को मजबूर हैं। ऐसी स्थिति में मोदी सरकार समस्याओं के समाधान के बदले देश में नफरतों का बीज बोकर हिंदू और मुसलमान को लड़ाने का काम में लगी हुई है। जिस तरीके से मणिपुर में सांप्रदायिक उन्माद किए गए, औरतों के साथ जिस दरिंदगी से दंगाई पेश आए, वह देश की जनता को झकझोर कर रख दिया है। इस सरकार में संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। ऐसी स्थिति में देश के किसान मजदूरों, छात्र नौजवानों तथा महिलाएं सड़क पर संघर्ष कर रहे हैं। आज देश को बचाने के लिए 2024 के आम चुनाव में मोदी सरकार को सत्ता से बेदखल करना होगा। महापड़ाव को सीटू से मीरा देवी ने भी सम्बोधित किया। महापड़ाव में शम्भु पासवान, नागेश्वर दास, अशोक रजक, राजेन्द्र पासवान, बद्री तुरी, बालेश्वर राम, रविन्द्र भारती, शिवनंदन भूइयां, सहदेव दास, नीलम पासवान, रेखा देवी, उषा देवी, मुनीया देवी, बारीक अंसारी, यशोदा देवी, गुड़िया देवी, गीता देवी, बिन्दवा देवी, सुमा देवी, नरेंद्र दास, काली तुरी, गुड़िया देवी, फुलवा देवी, सुनीता देवी, गिरधारी दास, अनीता देवी, गायत्री देवी, गुंजा कुमारी सहित पांच सौ से ज्यादा महिला पुरूष कोडरमा जिला से शामिल हुए।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा**: केंद्र सरकार द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान की परिकल्पना आजादी का अमृत महोत्सव के समापन कार्यक्रम के रूप में की गई है। नगर पंचायत कोडरमा में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा के निदेर्शानुसार वार्ड नंबर 6 के रविदास टोला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में वार्ड निवासियों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए शपथ ग्रहण, वृक्षारोपण, जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में वार्ड नम्बर 6 के निवर्तमान वार्ड पार्षद संतोष चंद्रवंशी, नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा, नगर मिशन प्रबंधक संजीत कुमार साहु, आंगनवाड़ी सेविका सुनीता देवी, सीआरपी रेणु देवी एवं उक्त वार्ड के निवासी उपस्थित थे।

## स्कूल में प्रतियोगिताओं का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा**: आदिवासी दिवस के अवसर पर सेक्रेड हार्ट स्कूल में बुधवार को विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड की संस्कृति पर आधारित पेंटिंग,मॉडल,पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिता शामिल है। प्रतियोगिता में सभी वर्गों से लगभग 100 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया था। बच्चों ने झारखंड की कला संस्कृति को अपने कैनवास में उतारा जो काफी आकर्षक लग रहा था। यह कार्यक्रम एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा के निर्देशन में हुआ।

कार्यक्रम में कुंतल जेठवा,अलका सिंह,प्रियंका सिंह और रजनी बाला का काफी सहयोग रहा। मौके पर प्राचार्य नवीन कुमार ने कहा कि झारखंड की अपनी अलग संस्कृति और प्रकृति है। यहां का खानपान, भाषा,रंग-रूप,पहनावा देश भर में विख्यात है। उन्होंने कहा कि



झारखंड का फूल पलाश और इसकी लकड़ियां हर धार्मिक अनुष्ठान में उपयोग में आता है। उन्होंने कहा कि यहां के लोग बहुत सीधे-साधे, भोले- भाले और अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान होते हैं। आजादी के आंदोलन में आदिवासियों के योगदान को बुलाया नहीं जा सकता।

उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा झारखंडी समाज में भगवान के रूप में पूजे जाते हैं। वर्ग 6 के बच्चों में रिया यादव और और रोली यादव ने झारखंडी कल्चर पर मॉडल बनाया था, जिसे काफी सराहा गया। अंजुम आरा अंसारी ने झारखंडी कल्चर के बारे में बच्चों के सामने अपने विचार रखे। वहीं आयुषी प्रगति,रूपा पांडेय,दिव्यानी कुमारी, राजनंदिनी,गुंजन,सुभिक्षा,स्वस्तिक मोनिका,वंशम राज,प्रथम श्री, सौम्य प्रभात,सोमेश कुमार और श्वेता कुमारी के द्वारा बनाए गए पेंटिंग्स को काफी सराहा गया।

## डायरेक्टर से मिले पूर्व विधायक

राष्ट्रीय खबर



**चंदवारा**: एनएचएआई के द्वारा जगह-जगह गांव को जोडने वाली सड़क के लिए मीडियम कट छोड़ा गया है तो कोटवारडीह, ताराटॉड, खाण्डी, गजुरे, ढाब, थाम के साथ सौतेला व्यवहार क्यों किया जा रहा है। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने एनएचएआई से यह सवाल किया है। चंदवारा थाना क्षेत्र के उरंवा पंचायत के कोटवारडीह के ग्रामीणों का एक शिष्ट मण्डल उरंवा एस के वाई होटल के पास पूर्ववत रोड कट को बंद किये जाने के विरोध में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में हजारीबाग एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर से मिलकर होने वाले समस्याओं से अवगत कराया और ज्ञापन सौंपा। पूर्व विधायक ने प्रोजेक्ट डायरेक्टर से कहा कि शुभ सोनीया के सामने, झींगा लाईन होटल तथा एसकेवाई होटल के सामने शुरूआत से एक मीडियम कट छोड़ा गया है जो राज्य सरकार कि कई सड़क से जुड़ा है। वहां सड़क अनेको गावों को जोड़ती है। जैसे कोटवारडीह ताराटॉड, खाण्डी, गजरे, ढाब, थाम हाल्ट, पुरनाडीह, पुरना थाम, भटबीगढ़, कारीपहरी, सेलहारा, गोविंदपुर डेबोचक टोईया, गोरखवा, लेराही, पोडेण्यवारा चौपारण समेत कई गावों से उच्च पथ का सर्म्पक पथ है। मीडियम कट से अनेक गांव लाभान्वित है।

## बीडीओ ने किया डोर टू डोर निरीक्षण



राष्ट्रीय खबर

**जयनगर**: प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमारी एवं पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार ने डोर टू डोर मतदाता पुनरीक्षण कार्य को लेकर जांच एवं निरीक्षण किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुणा कुमारी ने सभी तरह के विद्यालय एवं घर-घर जाकर बीएलओ के द्वारा किए जा रहे मतदाता सूची में अंकित पन्ना की बारीकी से जांच की एवं त्रुटि पूर्ण सूची को सही ढंग से निष्पादित करने का निर्देश दिया। उन्होंने फॉर्म 6,7,8 भरने में ग्रामीणों से सहयोग करने की अपील की। उन्होंने मतदाता सूची में नए मतदाताओं का नाम जोड़ने के साथ धुंधला पड़ चुके फोटो में साफ फोटो लगाने का निर्देश दिया। साथ ही मृत हो चुके लोगों का नाम हटाने जिनका भी नाम दो स्थानों पर चल रहे, उसे हटाने को भी कहा। मौके पर उप मुखिया कुंदन गुप्ता, समाजसेवी वीरेंद्र कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

आयोजन आदिवासियों की हालत कुकी-नागाआदिवासियों की तरह होना निश्चित

# आदिवासी दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न

राष्ट्रीय खबर




**पेटरवार** : पेटरवार बुण्डू पंचायत अंतर्गत बालिका मध्य विद्यालय के मैदान में आदिवासी सेंगेल अभियान की ओर से विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता पेटरवार प्रखण्ड अध्यक्ष सुरेश कुमार टुडू तथा संचालन सेंगेल सरना धर्म मंडवा प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार मुर्मू ने किया। सभा को सम्बोधित करते हुए आदिवासी सेंगेल अभियान के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण मुर्मू ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस का अनुपालन 9 अगस्त 1994 से संयुक्त राष्ट्र ने प्रारंभ किया है। चूंकि 9 अगस्त 1982 को जिनेवा में सर्वप्रथम संयुक्त राष्ट्र संघ ने आदिवासीयों के मानवीय अधिकारों पर चर्चा की थी। तत्पश्चात 13 सितंबर 2007 को यूएन ने आदिवासी अधिकार घोषणा- पत्र भी जारी किया है। दुनिया की लगभग 7000 भाषाओं में से 40% भाषाएं विलुप्ति की कगार पर खड़ी हैं। जिसमें सर्वाधिक आदिवासी भाषाएं हैं। अतः उनकी संरक्षण हेतु यूएन ने आदिवासी भाषा दशक (2022 से 2032) भी घोषित किया है। अब 9 अगस्त को दुनिया के लगभग 90 देशों के 47 करोड़ आदिवासी या इंडीजीनस पीपल जन्मदिन या बर्थडे की तरह इसे मना रहे हैं। दुनिया भर के आदिवासी नशापान, अंधविश्वास, रूढ़िवादिता, राजनीतिक कुपोषण और आपसी समन्वय की कमी से टूटते, बिखरते, लड़ते- लड़ते मर रहे हैं। भारत देश में आदिवासी (एसटी) के आरक्षण कोटे से 47 लोकसभा आदिवासी सांसद और 553 आदिवासी विधायक हैं। मगर देश में कोई आदिवासी नेतृत्व और आदिवासी आवाज नहीं है। संविधान प्रदत्त अनेक अधिकार हैं। मगर किसी राजनीतिक दल और सरकारों ने अबतक इसे तवज्जो नहीं दिया है। अब तो देश की राष्ट्रपति और मणिपुर की राज्यपाल भी आदिवासी महिलाएं हैं। मगर मणिपुर में आदिवासी महिलाएं खुलेआम दरिंदगी का शिकार हो रही हैं। राजनीतिक फायदे और आदिवासी आरक्षण लूटने के लिए अब देशभर के आदिवासी क्षेत्रों में मणिपुर का आग फैल सकता है। चूंकि अब अनेक समृद्ध और अधिसंख्यक जातियों को राजनीतिक दल वोट बैंक की राजनीतिक लाभ के लिए असली आदिवासियों ( संताल, मुंडा, उरांव, गोंड, भील आदि ) को बलि का बकरा बना कर उनका नरसंहार करने को व्याघ्र हैं। अभी कुर्मी - महतो को एसटी बनाने के सवाल पर जेएमएम, टीएमसी, बीजेडी और कांग्रेस ने खुलेआम समर्थन दे दिया है। तब असली आदिवासियों की हालत कुकी-नागा आदिवासियों की तरह होना निश्चित है। जातीय संघर्ष के इस नरसंहार को कुछ सरफिरे हिंदू- ईसाई का चोला पहना रहे हैं, जो न्याय और मानवता की दृष्टिकोण से बिल्कुल अनुचित है। अच्छा होगा नई जातियों को एसटी सूची में शामिल करने के दरवाजे को अभी अगले 30 वर्षों तक बंद कर देना चाहिए। ताकि इस बीच में पहले से एसटी सूची में शामिल आदिवासियों की दशा- दिशा की समीक्षा और भविष्य में उनकी सुरक्षा और समृद्धि के लिए एक मजबूत रोड मैप बनाया जा सके। दूसरी तरफ विकास की अंधी दौड़ ने दुनिया भर में प्रकृति- पर्यावरण को भी नहीं छोड़ा तो आदिवासी किस खेत की मूली हैं। अतः 2023 का विश्व आदिवासी दिवस भारत और झारखंड के आदिवासियों के लिए केवल नाचने- गाने का अवसर ना होकर अपनी अस्तित्व, पहचान और हिस्सेदारी की रक्षार्थ एकजुट होकर,दिल थाम कर शपथ और संकल्प लेने का आखरी मौका जैसा है। मगर क्या वे आदिवासी हासा, भाषा, जाति (एसटी), धर्म (सरना), रोजगार, इज्जत, आबादी, चास वास आदि बचाने की बात करते हैं? शायद नहीं। बल्कि झारखंड सब के द्वारा लुटाने- मिटाने का अड्डा बन चुका है। पक्ष- विपक्ष सब एक जैसे हैं। सब जीत रहे हैं मगर आदिवासी समाज हार रहा है। अतएव आदिवासी समाज को अविलंब राजनीतिक, सामाजिक,धार्मिक, सांगठनिक एवं निजी स्वार्थों से ऊपर उठकर एकजुट होकर आदिवासी एजेंडा पर काम करना होगा। अतः विश्व आदिवासी दिवस- 9 अगस्त 2023 को समग्रता की दिशा में एक निर्णायक पहल करने की जरूरत है। युवा मोर्चा अध्यक्ष रामप्रसाद सोरेन,जारीडीह प्रखंड अध्यक्ष संतोष मुर्मू परगना रामकुमार टुडू,गोमिया प्रखंड अध्यक्ष सुशील कुमार मांझी ने भी संबोधित किया। सभा में आसपास के गांव से सैंकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

न्यूज फटाफट

## मात्र 25 रुपये में खरीदें तिरंगा




**झुमरीतिलैया**: आजादी के अमृत महोत्सव क्रम में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नागरिकों में देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देश के सर्वाधिक नेटवर्क वाले डाक विभाग को सौंप गई है। विभाग ने इसको लेकर तैयारी भी की है। फहराने के लिए घर-घर तिरंगा पहुंचे और इसीलिए विभाग ने सभी डाकघरों में झंडे की बिक्री शुरू कर दी है। कोडरमा जिले के अंतर्गत 96 ब्रांच डाकघर 13 उप -डाकघर और एक मुख्य डाकघर झुमरीतिलैया में पहले फेज में 2500 झंडे उपलब्ध कराए गए हैं और यह मात्र 25 रुपये में डाकघर के काउंटर पर खरीदे जा सकते हैं। ग्राहक काउंटरों से तिरंगा खरीदारी कर रहे हैं, तिरंगे कपड़े का बना हुआ है और उसका साइज मानक के अनुरूप है और इसके अलावा डाक विभाग ऑनलाइन तिरंगा भी सुनिश्चित करा रहा है। इंडिया पोस्ट की वेबसाइट पर जाकर कोई भी व्यक्ति तिरंगा की बुकिंग कर सकता है और दो-तीन दिनों के अंदर डाकिया उनके घर में तिरंगा पहुंचा देगा। अभियान का लक्ष्य है कि 13 अगस्त को हर घर पर तिरंगा लहराता दिखे। इधर हर घर तिरंगा को लेकर मुख्य डाकघर झुमरीतिलैया से एक जागरूकता रैली निकाली गई इसमें डाक निरीक्षक अशोक मंडल के अलावा झुमरीतिलैया मुख्य डाकघर के पोस्टमास्टर ओम प्रकाश, नारायण घोलक के अलावा वरुण कुमार, बालमुकुंद यादव, टिंकू अवध्या, मंटू वर्मा ,दीपक कुमार सिंह, रोशन कुमार, बाबूलाल सिंह, सौरभ कुमार, सुमन कुमार, वीरेंद्र कुमार मेहता, खुशबू कुमारी, नवनीता कुमारी आदि उपस्थित थे।

### क्या कहते हैं डाक निरीक्षक

कोडरमा के डाक निरीक्षक अशोक मंडल ने कहा कि हर घर तिरंगा फहराने में तिरंगा की उपलब्धता में बाधा ना आए इसलिए ऑनलाइन तरीके से भी तिरंगा उपलब्ध कराने की व्यवस्था डाकघर ने की है। ताकि जिले के हर घर में तिरंगा फहरा सके। उन्होंने कहा कि किसी संस्था राजनीतिक दल स्कूल कॉलेज को थोक में झंडे चाहिए तो वह एडवांस बुकिंग नगद राशि देकर करा सकता है और उन्हें 48 घंटे में जितने झंडे चाहिए उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

## 20 अगस्त से जिला फुटबॉल लीग का आयोजन



**कोडरमा** :जिला फुटबॉल एसोसिएशन और टीम जेजे के संयुक्त तत्वाधान में जिला फुटबॉल लीग कराने को लेकर बुधवार को झुमरी तिलैया के सूर्या बैंक्विट हॉल में बैठक आयोजित की गई। फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव नवनीत ओझा (बंटी) ने बताया कि कई वर्षों के बाद जिला फुटबॉल लीग टूनार्मेंट 20 अगस्त से शुभारंभ किया जाएगा। इस में भाग लेने वाले सभी टीमों को अपने-अपने क्लब का रजिस्ट्रेशन और प्लेयर रजिस्ट्रेशन कराना आवश्यक होगा। नवनीत ने कहा कि यह उनका सचिव बनने के बाद पहला आयोजन होगा जिसे वे सब के सहयोग से ऐतिहासिक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। जिला फुटबॉल लीग को सफलतापूर्वक अंजाम देने के बाद अब से जिले में स्कूल टूनार्मेंट , बेबी गोल्डन लीग और जिला गर्ल्स फुटबॉल टीम का गठन कर टूनार्मेंट कराए जाएंगे। बैठक को जिला फुटबॉल एसोसिएशन के संरक्षक राजेंद्र जयसवाल और उत्तम दासपाल ने भी संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन होने से जिले में खिलाड़ियों की प्रतिभा भी दिखेगी साथ- साथ उनको एक प्लेटफार्म भी मिलेगा। बैठक को जिला फुटबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजीव रंजन शुक्ला और कोषाध्यक्ष मोहम्मद हुसैन अली, गर्ल्स फुटबॉल विंग की मैनेजर अनिता कुमारी ने भी कहा कि भविष्य में यहां से कई प्रतिभाएं न सिर्फ राज्य बल्कि देश का मान बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। बैठक में भारत बक्शी, सुरेंद्र यादव, उमेश यादव, अरुण कुमार, गतेंद्र कटारिया, श्रीकांत शर्मा (कांता), रोहित कुमार रघु, राहुल यादव, शशि पांडे, सूरज कुमार यादव, विवेक सोनी, युसूफ अंसारी, सुधीर कुमार, इंद्रजीत कुमार पांडे, शिव शंकर, आजाद राणा, सीताराम, बादल कुमार राणा, राजू सिंह, अमित सिंह, विक्रम सिंह आदि मौजूद थे।

## क्रांति दिवस पर डोमचांच में निकला तिरंगा यात्रा



**डोमचांच**: नगर पंचायत में इस वर्ष भी डोमचांच युवा शक्ति- एक नई सोच की पूरी टीम ने 9 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकाला। डोमचांच हाई स्कूल मैदान से शहीद स्मारक, गिरिडीह रोड होते हुए महेशपुर चोक, काली मंडा, ढाब रोड, पुन: शहीद स्मारक होते हुए हाईस्कूल मैदान समाप्त हुआ।कार्यक्रम में डोमचांच के विभिन्न विद्यालयों ने अपने बच्चों के साथ उपस्थित होकर एक से बढ़कर एक झांकियों का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने अलग अलग झांकियां प्रस्तुत करते हुए भारत माता, महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद, रानी लक्ष्मी बाई के मंगल पांडे, खुदीराम बोस के अलावे अन्य झांकियों को प्रस्तुत किया। यात्रा मे प्रखंड के विभिन्न स्कूलो के द्वारा जीएस पब्लिक स्कूल, श्री महेश एकेडमी, मॉडल एकैडमी, जोबराज मेमोरियल एक्टिव के साथ संस्था सरकारी और निजी विद्यालय के हजारों की संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। तिरंगा यात्रा में जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, प्रमुख सतनारायण यादव, जिप सदस्य शांतिप्रिया, महेंद्र प्रसाद वर्मा, बसंत मेहता, रोहित मेहता, भारत नारायण मेहता, कुमोद देवी, कामिनी देवी, पप्पू मेहता के अलावे कई लोग शामिल हुए।

## न्यूज फटाफट

### अभी ओलंपिक नहीं, विश्व में शीर्ष तीन में जगह बनाना लक्ष्य: प्रणय



**नई दिल्ली:** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय भले ही ओलंपिक में जगह बनाने की दौड़ में आगे चल रहे हों लेकिन वह अभी पेरिस के बारे में नहीं सोचना चाहते। दरअसल, वो मौजूदा समय में उनका ध्यान विश्व में शीर्ष तीन खिलाड़ियों में जगह बनाने जैसे लक्ष्य पर है। पिछले 12 महीने में भारतीय खिलाड़ियों के बीच सबसे निरंतर प्रदर्शन करने वाले प्रणय की विश्व रैंकिंग अभी नौ है।प्रणय ने मई में मलेशिया मास्टर्स का खिताब जीता जबकि पिछले हफ्ते सिडनी में ऑस्ट्रेलिया ओपन में भी खिताब जीतने के करीब पहुंचे लेकिन आखिर में उन्हें उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा। इस दौरान प्रणय ने कहा, अभी संभवत: मैं अच्छी स्थिति में हूं। मई के बाद मेरे लिए कुछ टूनार्मेंट अच्छे रहे लेकिन मैं कहूंगा कि मैं कभी संतुष्ट नहीं हूं। मैं हमेशा कोर्ट पर उतरकर बड़े टूनार्मेंट जीतना चाहता हूं, यह हमेशा से मेरा इरादा रहा है। उन्होंने आगे कहा, पिछले कुछ वर्षों में मैं लगातार क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में खेलने के सफल रहा हूं और अब मैं प्रयास कर रहा हूं कि मैं एक और दौर आगे जाऊं और फाइनल में जगह बनाऊं। और टूनार्मेंट में जीत दर्ज करूं। मौजूदा सत्र में दो फाइनल के अलावा तीन क्वार्टर फाइनल और एक सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले 31 साल के प्रणय 2017 में विश्व में आठवीं रैंकिंग हासिल की थी। लेकिन इसके बाद स्वास्थ्य कारणों से उनकी रैंकिंग 2021 में 33 हो गई। तिरूवनंतपुरम के प्रणय ने पिछले साल दिसंबर में शीर्ष 10 में वापसी की और फिर इस साल मई में करियर की सर्वश्रेष्ठ सातवीं रैंकिंग हासिल की।

### विश्व कप की टिकट बिक्री 25 अगस्त से शुरू



**मुंबई:** आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के टिकट 25 अगस्त से बिक्री के लिये उपलब्ध होंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को यह घोषणा की। आयोजकों ने बताया कि टिकटों की अपेक्षित मांग को प्रबंधित करने के लिये बिक्री चरणों में की जाएगी। भारत के अलावा अन्य टीमों के अभ्यास मैच और लीग चरण मैचों के टिकट 25 अगस्त को उपलब्ध होंगे। गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम में भारत के मैचों के टिकट 30 अगस्त को उपलब्ध होंगे। चेन्नई, दिल्ली और पुणे में भारत के मैचों के टिकट 31 अगस्त को उपलब्ध होंगे। धर्मशाला, लखनऊ और मुंबई में होने वाले भारत के मैचों के टिकट एक सितंबर से खरीदे जा सकेंगे, जबकि बेंगलुरु और कोलकाता में होने वाले भारतीय टीम के मैचों की टिकट बिक्री दो सितंबर को शुरू होगी। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर भारत के मैचों के टिकट तीन सितंबर को बिकेंगे, जबकि सेमीफाइनल और फाइनल के टिकट 15 सितंबर को खरीदे जा सकेंगे। क्रिकेट प्रेमी टिकट बिक्री से संबंधित सूचनाएं सबसे पहले हासिल करने के लिये क्रिकेट वर्ल्ड कप डॉट कॉम पर पंजीकरण कर सकते हैं। बीसीसीआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हेमांग अमीन ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि प्रशंसक आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के आधिकारिक टिकटों पर जानकारी और अपडेट प्राप्त करने के लिये पंजीकरण कर सकते हैं। कुछ संशोधनों के बाद कार्यक्रम को अब अंतिम रूप दे दिया गया है। बीसीसीआई यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा कि आपको सभी मेजबानी स्थलों पर सुखद अनुभव हो। आईसीसी के आयोजन प्रमुख क्रिस टेटली ने कहा, आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के टिकटों की बिक्री इस महीने होगी। हम क्रिकेट के करोड़ों प्रशंसकों से अगले सप्ताह से अपनी रुचि दर्ज कराने का आह्वान करते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आप सबसे पहले टिकट की खबर पाने वाले और सबसे बड़े क्रिकेट विश्व कप का हिस्सा बनने वाले लोगों में से एक हैं। कार्यक्रम में संशोधन से यह सुनिश्चित होगा कि खिलाड़ियों और प्रशंसकों को एकदिवसीय क्रिकेट के शिखर आयोजन में सर्वोत्तम संभव अनुभव मिलेगा।

**रिपोर्ट** आईसीसी ने बुधवार को विश्व कप 2023 के लिए संशोधित कार्यक्रम की घोषणा की

# 15 की जगह 14 अक्टूबर को भिड़ेंगे भारत, पाकिस्तान

- अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम इस मैच की मेजबानी करेगा
- अफगानिस्तान के खिलाफ इंग्लैंड का मैच शनिवार, 14 अक्टूबर से स्थानांतरित किया जाएगा

एजेंसियां

**दुबई:** भारत और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम होने वाले बहुप्रतीक्षित एकदिवसीय विश्व कप मुकाबले की तारीख 15 से बदलकर 14 अक्टूबर कर दी गयी है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को यह पुष्टि की। भारत और पाकिस्तान के मुकाबले की तारीख बदले जाने के कारण 14 अक्टूबर को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम पर होने वाला मुकाबला अब 15 अक्टूबर को खेला जायेगा।




अहमदाबाद पुलिस की तरह ही कोलकाता पुलिस ने भी सुरक्षा का हवाला देते हुए काली पूजा के दिन 12 नवंबर को ईडन गार्डन में मैच न आयोजित करने की सलाह दी थी। आयोजकों ने इस बात को संज्ञान में लेते हुए पाकिस्तान बनाम इंग्लैंड मुकाबले को 12 की जगह 11 नवंबर को आयोजित करने का फैसला लिया है। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया और बंगलादेश (पुणे, सुबह 10:30 बजे) भी 12 की जगह 11 नवंबर को भिड़ेंगे। इस बीच, नीदरलैंड के खिलाफ भारत का आखिरी लीग मैच अब 11 से 12 नवंबर तक स्थानांतरित कर दिया गया है, जो कि बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम पर खेला जायेगा। इसके अलावा आईसीसी और मेज़बान भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने तीन अन्य मुकाबलों के आयोजन में बदलाव किया है। हैदराबाद में श्रीलंका के खिलाफ पाकिस्तान का मुकाबला 12 अक्टूबर की जगह 10 अक्टूबर को खेला जायेगा।

लखनऊ में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का बड़ा मैच 24 घंटे पीछे चला गया है और अब दोनों टीमें 13 अक्टूबर के बजाय 12 अक्टूबर को एक दूसरे से टकराएंगी। इसी तरह, बंगलादेश के खिलाफ न्यूजीलैंड का मैच मूल रूप से 14 अक्टूबर को चेन्नई में सुबह 10:30 बजे शुरू होना था, लेकिन अब यह 13 अक्टूबर को अपराह्न दो बजे शुरू होगा।

टूर्नामेंट के प्रारंभिक चरण में एक मामूली बदलाव धर्मशाला में बंगालेश-इंग्लैंड मैच के समय के संदर्भ में किया गया है। दोनों टीमें स्थानीय समयानुसार सुबह 10:30 बजे से मैदान पर उतरने वाली थीं, लेकिन अब यह मुकाबला अपराह्न दो बजे शुरू होगा। एकदिवसीय विश्व कप पांच अक्टूबर को 2019 के फाइनलिस्ट इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले के साथ शुरू होगा, जबकि इसका फाइनल 19 नवंबर को खेला जायेगा। टूर्नामेंट का आगाज़ और अंजाम दोनों नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर होगा।

## वनडे में मेरे आंकड़े खराब, इसे मानने में कोई शर्म नहीं : सूर्यकुमार

एजेंसियां

**गयाना:** भारत के 360 डिग्री बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने स्वीकार किया है कि वनडे क्रिकेट में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है, हालांकि वह एकदिवसीय विश्व कप की ओर बढ़ते हुए इस प्रारूप में बेहतर बनने की कोशिश कर रहे हैं। सूर्यकुमार ने कहा, अगर मैं ईमानदारी से कहूं तो मुझे पता है कि वनडे क्रिकेट में मेरे आंकड़े काफी खराब हैं। यह मानने में कोई शर्म नहीं है। हम ईमानदारी के बारे में बात करते हैं, आपको ईमानदार होने की ज़रूरत है लेकिन यह और भी महत्वपूर्ण है कि आप अपने खेल में कैसे सुधार करते हैं। सूर्यकुमार वेस्ट इंडीज दौरे पर हाल ही में समाप्त हुई तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला में मात्र 78 रन बना सके।



केएल राहुल और श्रेयस अय्यर के चोटग्रस्त होने के बाद सूर्यकुमार भारतीय मध्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गये हैं और उन्हें विश्व कप में भी यह भूमिका निभानी पड़ सकती है।

सूर्यकुमार ने कहा, हमने इतना टी20 क्रिकेट खेला है कि हम उसके आदी हो गये हैं। हम उतना एकदिवसीय क्रिकेट नहीं खेलते इसलिये यह प्रारूप काफी चुनौतीपूर्ण है। आपको इसमें अलग-अलग तरीके से खेलना आना चाहिये। अगर शुरुआत में कुछ विकेट गिर गये तो आपको संयम के साथ खेलना होगा, मध्य ओवरों में रन निकालने होंगे और आखिरी ओवरों में टी20 वाला रवैया अपनाना होगा। उन्होंने कहा, फिलहाल, टीम प्रबंधन ने मुझे वनडे क्रिकेट के बारे में जो बताया है, मैं उसे लागू करने की कोशिश कर रहा हूं। मैं उस विश्वास को बनाये रखने की कोशिश करूंगा जो टीम को मुझ पर है। सूर्यकुमार को वनडे क्रिकेट में पहले नंबर चार पर बल्लेबाजी करने के लिये कहा गया था, लेकिन टी20 में उनके प्रदर्शन को देखते हुए टीम प्रबंधन ने उन्हें नंबर छह पर आज़मने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, रोहित (शर्मा) और राहुल (द्रविड़) भाई ने मुझसे कहा है कि यह ऐसा प्रारूप नहीं है जो हम बहुत ज्यादा खेलते हैं। वह चाहते हैं कि मैं क्रीज पर समय बिताऊं और 45 से 50 गेंदें खेलूं। यही टीम प्रबंधन का संकेत है, अब यह मुझ पर है कि मैं अंतिम 15-18 ओवरों में बल्लेबाजी कर रहा हूं तो मुझे अपना खेल कैसे खेलना है। सूर्यकुमार ने मंगलवार को वेस्ट इंडीज के विरुद्ध 44 गेंदों में 83 रन की पारी खेलकर भारत को सात विकेट से जीत दिलाई। उन्होंने इस करो या मरो मुकाबले में तिलक वर्मा (37 गेंद, 49 रन) के साथ 87 रन की साझेदारी की, जो भारत की जीत में निर्णायक साबित हुई। सूर्यकुमार ने तिलक पर कहा, ह्यह्लमुझे लगता है कि उसकी सोच बहुत स्पष्ट हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वह अपने खेल को अच्छी तरह से जानता है।

## अगले हफ्ते तक हो सकता है राहुल की फिटनेस का फैसला

एजेंसियां

**बेंगलुरु:** दाहिनी जांघ की सर्जरी करवाने के बाद रिहैब प्रक्रिया से गुज़र रहे केएल राहुल की फिटनेस को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अगले सप्ताह की शुरुआत तक स्पष्टता दे सकता है। क्रिकबज़ की ओर से बुधवार को प्रकाशित एक खबर के अनुसार, राहुल इस सप्ताहांत बेंगलुरु में एक अभ्यास मैच में हिस्सा लेंगे, जिसके बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की मेडिकल टीम उनकी फिटनेस पर अंतिम निर्णय लेगी। रिपोर्ट के अनुसार राहुल 100 प्रतिशत फिट नहीं हैं। इसी कारण एनसीए ने अभी तक बीसीसीआई और राष्ट्रीय चयन समिति को औपचारिक रूप से उनकी उपलब्धता के बारे में सूचित नहीं किया है। जिन लोगों ने हाल ही में राहुल से मुलाकात की है उन्होंने उल्लेख किया है कि एनसीए में चल रहे लेवल-3 कोचिंग सत्र के



दौरान वह अच्छी स्थिति में दिख रहे थे। राहुल के करीबी लोगों ने यह भी दावा किया है कि वह आवश्यक कार्यभार का लगभग 85 प्रतिशत प्रबंधन करने में सक्षम हैं। यह आंकड़ा महत्वपूर्ण है क्योंकि शेष 15 प्रतिशत अभ्यास मैच में ही दिखाया जा सकता है। आमतौर पर, खिलाड़ियों को अभ्यास मैचों में तब तक भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाती जब तक कि वे 85 प्रतिशत फिटनेस हासिल न कर लें। इसके अलावा, एनसीए की नीति यह है कि जब तक कोई खिलाड़ी अभ्यास मैच में भाग नहीं लेता और सुरक्षित वापस नहीं आ जाता, तब तक उसे हरी झंडी नहीं दिखाई जाती।

## सिल्वर स्क्रीन पर डॉन का किरदार निभायेंगे रणवीर सिंह



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह सिल्वर स्क्रीन पर डॉन का किरदार निभाते नजर आयेंगे। वर्ष 1978 में प्रदर्शित फिल्म डॉन में अमिताभ बच्चन ने डॉन का किरदार निभाया था। फरहान अख्तर ने शाहरूख खान को लेकर डॉन का रीमेक बनायी। डॉन की सफलता के बाद डॉन का सीक्वल बनाया गया। फरहान अख्तर अब डॉन का तीसरा संस्करण बनाने जा रहे हैं। डॉन 3 में रणवीर सिंह डॉन का किरदार निभाते नजर आयेंगे। फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी ने फिल्म डॉन 3 का पहला लुक जारी किया। यह 'डॉन' के रूप में रणवीर सिंह का अनाउंसमेंट वीडियो भी है। 'डॉन 3' का पूरा नाम 'डॉन 3: द चेज एंड्स' है। फिल्म के टाइटल अनाउंसमेंट की शुरुआत धमाकेदार डायलॉग से होती है... शेर जो सो रहा है, वो जागेगा कब? पूछते हैं ये सब, उनसे कह दो, फिर जाग उठा हूं मैं, फिर सामने जल्द आने को। क्या है ताकत मेरी, क्या है हिम्मत मेरी। फिर दिखाने को। मौत से खेलना जिंदगी है मेरी। जीतना ही मेरा काम है। तुम तो हो जानते। जो मेरा बाप है। 11 मुल्कों की पुलिस ढूंढती है मुझे, मगर पकड़ पाया है कौन। मैं हूं डॉन।

## 15 अगस्त को होगा भेड़ियां का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर

एजेंसियां



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता वरूण धवन और अभिनेत्री कृति सैनन स्टारर फिल्म भेड़ियां का वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर कलर्स सिनेप्लेक्स पर 15 अगस्त को होगा। अमर कौशिक द्वारा निर्देशित, फिल्म भेड़ियां का वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर कलर्स सिनेप्लेक्स पर 15 अगस्त रात 8:00 बजे होगा। वरुण धवन ने कहा, मैं इस स्वतंत्रता दिवस पर कलर्स सिनेप्लेक्स पर 'भेड़ियां' के वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर को लेकर रोमांचित हूं। मेरे दिल में इस फिल्म के लिए एक खास जगह है क्योंकि इसने मुझे भास्कर के रोमांचक किरदार में गहराई से उतरने का मौका दिया। रहस्यमय जंगलों में उसका शानदार सफर हंसी, रहस्य और आश्चर्य से भरा है। जो लोग सिनेमाघरों में फिल्म देखने से चूक गए हैं, वे कलर्स सिनेप्लेक्स पर इस अद्भुत अनुभव को देखना न भूलें - यह निश्चित रूप से बेहतरीन समय होने वाला है। कृति सैनन ने कहा, मेरे लिए फिल्म भेड़ियां रोमांचक इसलिए है कि यह हॉरर, फैंटसी, कॉमेडी और ड्रामा सहित कई शैलियों का मिश्रण है। इसने अपनी खास जगह बनाई है और मुझे ऐसा किरदार निभाने का मौका दिया, जिसे निभाने का प्रयास मैंने पहले कभी नहीं किया था। यह छोटा लेकिन बेहद प्रासंगिक और चुनौतीपूर्ण हिस्सा था। मुझे गर्व है कि फिल्म की सफलता ने कई क्रिएटर्स को भारतीय सिनेमा में नए विषयों पर काम करने के लिए प्रेरित किया है। स्वतंत्रता दिवस पर फिल्म के टेलीविज़न प्रीमियर के साथ, मुझे खुशी है कि परिवार के सदस्य साथ बैठकर हमारी इस प्यार भरी मेहनत का आनंद लेंगे। हिंदी मूवीज़ क्लस्टर, वायाकॉम18 बिज़नेस हेड रोहन लावसी, ने कहा, कलर्स सिनेप्लेक्स पूर्ण गर्व के साथ ऐसी कॉन्टेंट लाइब्रेरी तैयार करता है, जो हमारे दर्शकों, विशेष रूप से पारिवारिक दर्शकों की विभिन्न पसंदों को पूरा करती है, और 'भेड़ियां' इसका आदर्श उदाहरण है। इसके बहुप्रतीक्षित टेलीविज़न प्रीमियर के साथ, प्रशंसकों की उत्सुकता स्पष्ट है क्योंकि वे इस ब्लॉकबस्टर को अपने टीवी स्क्रीन पर देखने के लिए उत्सुक हैं। युवाओं और बच्चों के बीच वरुण धवन और कृति सेनन की ज़बरदस्त फॉलोइंग उनकी स्टार पावर का प्रमाण है, और हमें विश्वास है कि 'भेड़ियां' में उनकी उपस्थिति बड़े पैमाने पर दर्शकों को आकर्षित करेगी। दर्शक आनंददायक अनुभव पाने के लिए तैयार हैं क्योंकि हम उनके लिविंग रूम में ब्लॉकबस्टर मनोरंजन लाना जारी रखेंगे!''

## दीप्ति नवल की फिल्म गोल्डफिश का ट्रेलर रिलीज

एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री दीप्ति नवल की फिल्म गोल्डफिश का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म ह्यगोल्डफिशह्ल में अनामिका और साधना, दो महिलाओं को दिखाया गया है। बताया गया है कि वे अपनी जिंदगी में किन चीजों में उलझी हैं और कैसे परेशान हैं। फिल्म में मां और बेटी के नाजुक रिश्ते को भी दिखाया है। इस फिल्म में दीप्ति नवल, कल्कि और रजत कपूर जैसे कलाकार नजर आयेंगे। फिल्म गोल्डफिश के निर्देशक पुशन कृपलानी ने कहा कि गोल्डफिश शुरुआती दौर में डिमेंशिया, आडेंटिटी और डायसपोरा से जुड़ी फिल्म थी,



लेकिन जैसे-जैसे कास्ट जुड़ती गई, फिल्म में और चीजें एड होती गईं। फिल्म में माफ करने की भावना को दिखाया गया है।अपरिहार्य परिस्थितियों में भी मानवता कैसे बनाए रखें, इसके बारे में बताया गया है। गोल्डफिश के निर्माता अमित सक्सेना ने बताया, गोल्डफिश एक कंटेंट आधारित फिल्म है। फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खूब सराहा गया, अब हम इसे अपने घर (इंडिया) में ला रहे हैं। फिल्म में परिवार, प्रेम, रिश्ते और समाज सहित अलग-अलग सब्जेक्ट्स पर फोकस किया गया है। गोल्डफिश एक ऐसी फिल्म है, जो आपको थिएटर छोड़ने के लंबे समय बाद भी अपनी दुनिया में खींच ले जाएगी। फिल्म के पात्र आपको अपने परिवार का हिस्सा लगने लगेंगे। दीप्ति और कल्कि इस फिल्म की जान हैं। फिल्म गोल्डफिश 25 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### पवन सिंह का बोलबम गाना काशी में शिव शंकर रिलीज




**मुंबई:** भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह का बोलबम गाना काशी में शिव शंकर रिलीज हो गया है। बोलबम गाना काशी में शिव शंकर यूट्यूब चैनल सारेगामा हम भोजपुरी से रिलीज हुआ है। गाना काशी में शिव शंकर को लेकर पवन सिंह ने कहा कि भोले बाबा का आशीर्वाद है कि हमारे गाने को श्रद्धालु और भोजपुरी संगीत प्रेमी खूब पसंद कर रहे हैं। यह गाना मेरे दिल के करीब है और इस गाने की मेकिंग भी भव्य पैमाने पर की गई है।

## 2 फर्स्ट लुक पोस्टर यारियां 2 का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज

एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्या खोसला कुमार की आने वाली फिल्म यारियां 2 का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। यारियां 2 में दिव्या खोसला कुमार, मिजान जाफरी और पर्ल वी पुरी अहम भूमिका में नज़र आएंगे। यश दासगुप्ता, अनस्वरा रंजन, वरीना हुसैन और प्रिया वारियर जैसे कलाकार भी यारियां 2 में काम करते नजर आयेंगे। राधिका राव और विनय सप्रू के निर्देशन



में फिल्म यारियां 2 , 20 अक्टूबर को सिनेमा घरों में रिलीज़ की जाएगी।

## प्रदेश >> अपडेट

### उत्तराखंड के राज्यपाल ने की धनखड़ से भेंट

**नयी दिल्ली:** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से बुधवार को उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल( सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने शिष्टाचार भेंट की। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने यहां एक ट्वीट में बताया कि आज सुबह धनखड़ और राज्यपाल की यह भेंट उपराष्ट्रपति निवास पर हुई। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### कोलकाता के रवीन्द्र सदन मेट्रो स्टेशन पर लगी आग

**कोलकाता:** दक्षिण कोलकाता के मेट्रो स्टेशन पर बुधवार सुबह आग लग गयी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए पांच दमकलों को लगाया गया है। इस दुर्घटना में फिलहाल किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। आग लगने के कारणों के बारे में पता नहीं चल पाया है। स्टेशन को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

### जिला परिवहन कार्यालय सुमेरपुर का बनेगा नवीन भवन

**जयपुर:** राजस्थान में पाली जिले के सुमेरपुर जिला परिवहन कार्यालय के नवीन भवन एवं ड्राइविंग ट्रंक का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने निर्माण कार्यों के लिए 3.79 करोड़ रुपए की वित्तीय सैद्धांतिक स्वीकृति दी है। गहलोत की स्वीकृति से चालू वित्त वर्ष में 1.75 करोड़ रुपए से निर्माण कार्य होंगे। भवन बनने से परिवहन वाहन लाइसेंस, वाहन संचालन की अनुमति सहित अन्य सुविधाएं बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में जिला परिवहन कार्यालय नगर पालिका द्वारा निर्मित कक्षों में संचालित है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### भाजपा मीडिया विभाग में हुई नई नियुक्तियां

**भोपाल:** मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने पार्टी के मीडिया विभाग में नई नियुक्तियां की हैं। पार्टी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार श्री शर्मा ने प्रदेश प्रवक्ता, प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट एवं प्रदेश मीडिया विभाग के सदस्यों की नियुक्ति है। इसके तहत बृजगोपाल लोया रायसेन, मिलन भार्गव भोपाल एवं गुलरेज शेख उज्जैन को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। शिवम शुक्ला सीधी, मंजरी जैन विदिशा, वंदना 'मार्तण्ड' त्रिपाठी भोपाल, एडव्होकेट सचिन वर्मा भोपाल को प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट नियुक्त किया गया है। इसी तरह प्रेम व्यास इंदौर एवं बृजराज सिंह ग्वालियर को प्रदेश मीडिया विभाग का सदस्य नियुक्त किया है।

### रक्षाबंधन पर हरियाणा में महिलाओं के लिये निशुल्क यात्रा: शर्मा

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने महिलाओं को रक्षाबंधन पर्व पर तोहफा देते हुए राज्य परिवहन की बसों में इस वर्ष भी मुफ्त यात्रा सुविधा देने का निर्णय लिया है, ताकि वे भाइयों के घर जाकर राखी बांध सकें। परिवहन मंत्री मूल चंद शर्मा ने आज यहां बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इस आशय के एक प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि विभाग गत कई वर्षों से रक्षाबंधन के मौके पर महिलाओं को मुफ्त यात्रा सुविधा दे रहा है। इस वर्ष भी गत वर्ष की भांति महिलाएं अपने 15 साल तक के बच्चों के साथ इस निशुल्क यात्रा सुविधा का लाभ ले सकती हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा सुविधा 29 अगस्त को दोपहर 12 बजे से लेकर 30 अगस्त रक्षाबंधन के दिन मध्य रात्रि 12 बजे तक रहेगी।

**भ्रम** पुणे के एनसीपी कार्यकर्ताओं से कहा भ्रम फैलाया जा रहा है

# भाजपा के साथ हाथ नहीं मिलायेंगे: शरद पवार

- भगवा पार्टी को सफल नहीं होने देंगे
- एनसीपी विधायकों ने शरद पवार के साथ लगातार दो बैठकें कीं



**राष्ट्रीय खबर**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार ने स्पष्ट किया है कि वह महाराष्ट्र में हालिया राजनीतिक घटनाक्रम से उत्पन्न भ्रम के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से हाथ नहीं मिलाएंगे। मंगलवार, 8 अगस्त को दिल्ली में उनके आवास पर एनसीपी की पुणे इकाई के सदस्यों द्वारा उन्हें बुलाए जाने पर सीनियर पवार ने स्पष्टीकरण जारी किया।

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, 229 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले पार्टी की पुणे इकाई के प्रमुख प्रशांत जगताप ने कहा कि उन्हें पवार ने आश्वासन दिया था कि वह भाजपा के साथ नहीं जाएंगे और उनसे भ्रमित हुए बिना पार्टी के लिए काम करना जारी रखने को कहा। . एनसीपी प्रमुख ने आश्वासन दिया है कि वह अपने राजनीतिक रुख पर पार्टी कार्यकर्ताओं और नागरिकों के साथ बातचीत करने के लिए अगस्त के आखिरी सप्ताह में पुणे में एक रैली करेंगे। उन्होंने हमें स्पष्ट किया कि वह भाजपा से हाथ नहीं मिलाएंगे।

कथित तौर पर सीनियर पवार ने दौरे पर आए प्रतिनिधिमंडल से यह भी कहा कि बीजेपी यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है कि पार्टी और उसका चुनाव चिन्ह अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को सौंप दिया जाए। हालाँकि, माना जाता है कि उन्होंने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह भगवा पार्टी को सफल नहीं होने देंगे। 1 अगस्त को पुणे में आयोजित एक कार्यक्रम में, एनसीपी प्रमुख ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मंच साझा किया। यह कार्यक्रम मोदी को स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के सम्मान में स्थापित पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया था।

भारत की पार्टियों द्वारा पवार को मोदी के साथ मंच साझा करने पर आपत्ति जताने के बावजूद - ऐसे समय में जब विपक्षी दल गठबंधन बना रहे हैं और भाजपा से मुकाबला कर रहे हैं - पवार इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आगे बढ़े। दरअसल, यह घटना एनसीपी के शरद और अजीत पवार के बीच विभाजित होने के कुछ दिनों बाद हुई थी। महाराष्ट्र में विपक्षी दलों का आरोप है कि भाजपा ने विभाजन की साजिश रचने में सक्रिय भूमिका निभाई। दूसरी ओर, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल होने के लिए नौ राकांपा विधायकों के साथ चले जाने के बाद भी, शरद पवार ने अपने भतीजे अजीत पवार को मौका दिया। शिंदे सरकार में शामिल होने के बाद भी अजीत पवार गुट के एनसीपी विधायकों ने शरद पवार के साथ लगातार दो बैठकें कीं। दरअसल, अजित पवार गुट अभी भी अपने अभियानों में शरद पवार की तस्वीरों का इस्तेमाल कर रहा है और उन्हें अपना नेता मानता है। इन घटनाक्रमों ने स्वाभाविक रूप से राकांपा कार्यकर्ताओं और विपक्षी गठबंधन दोनों के बीच वरिष्ठ पवार के इरादों के बारे में अविश्वास पैदा कर दिया था।

## सूडान में बड़े पैमाने पर महामारी फैलने का खतरा

**एजेंसियां**

**खार्तूम:** युद्धग्रस्त सूडान में हजारों लाशें खुले में पड़ी हुई हैं जिससे बड़े पैमाने पर महामारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है। लंदन स्थित चैरिटी संस्था 'सेव द चिल्ड्रेन' ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूडानी सेना प्रमुख अब्देल फत्ताह अल-बुरहान और पूर्व उप मोहम्मद हमदान डागलो (अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज प्रमुख) के बीच जारी लड़ाई के कारण देश की सड़कें शवों से पटी पड़ी हैं। संघर्ष के चार महीनों में सूडान की राजधानी खार्तूम की सड़कों पर हजारों लाशें सड़ी हुयीं अवस्था में पड़ी और मुर्दाघरों में पानी भर गया है। सेव द चिल्ड्रेन ने शहर में बड़ी बीमारी फैलने के खतरे के बारे में चेतावनी दी है। गौरतलब है कि सूडान ने हाल के वर्षों में बार-बार हैजा का प्रकोप देखा गया है और डॉक्टरों ने युद्ध के कारण नए खतरे की चेतावनी दी है। सेव द चिल्ड्रेन ने कहा, जल को शुद्ध बनाने का विकल्प नहीं होना भी शहर में हैजा फैलने की आशंका पैदा कर रहे हैं। गैर-सरकारी संगठन ने कहा कि परीक्षण के लिए एक कार्यशील सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला के बिना यह आकलन करना मुश्किल है कि सूडान में हैजा का प्रकोप है या नहीं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है ।

## लॉस एंजिल्स में 11,000 से अधिक कर्मचारी रहेंगे 24 की हड़ताल पर



**एजेंसियां**

**लॉस एंजिल्स:** अमेरिका के दूसरे सबसे बड़े शहर लॉस एंजिल्स में 11,000 से अधिक शहरी कर्मचारी मंगलवार को 24 घंटे की हड़ताल पर रहेंगे। दक्षिणी कैलिफोर्निया में सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी यूनियन सर्विस एम्प्लॉइज इंटरनेशनल यूनियन (एसईआईयू) लोकल 721 ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि उसने 'अनुचित श्रम प्रथा' को लेकर एक दिवसीय हड़ताल किया है। यूनियन ने कहा, हम एलए सिटी के बुरे विश्वास वाले सौदेबाजी के प्रयासों और बार-बार श्रम कानून के उल्लंघन को स्वीकार करने से इनकार करते हैं। हम सम्मान की मांग करने और अपनी गरिमा के लिए लड़ने हेतु आज हड़ताल करते हैं। पंचानवे हजार से से अधिक श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने वाली एसईआईयू लोकल 721 ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि इसके सदस्यों में अस्पतालों, पालक देखभाल, मानसिक स्वास्थ्य, अदालतों, कानून प्रवर्तन, पुस्तकालयों, सड़क सेवाओं, समुद्र तट रखरखाव, स्वच्छता, जल सेवा, पार्क सेवाएँ और वाटरशेड प्रबंधन में काम करने वाले लोग शामिल हैं। पश्चिमी अमेरिका के सबसे बड़े समाचार पत्र लॉस एंजिल्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार श्रमिकों की हड़ताल की वजह से बड़ी और छोटी सार्वजनिक सेवाएं बाधित होने की उम्मीद है। कम से कम कुछ सार्वजनिक स्विमिंग पूल दिन भर के लिए बंद रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक कूड़ेदानों को खाली नहीं किया जाएगा, जिससे सप्ताह के बाकी दिनों में कूड़ा उठाने में एक दिन की देरी होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि शहर के प्रत्येक पशु आश्रय स्थल बंद रहेंगे और यातायात नियंत्रण अधिकारी रात के संगीत समारोहों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

## गीतिका हत्याकांड में बरी गोपाल कांडा के आवास पर ईडी का छापा



**एजेंसियां**

**गुरुग्राम:** प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) की टीमों ने हरियाणा के सिरसा से विधायक एवं पूर्व गृह मंत्री गोपाल कांडा के यहां सिविल लाईंस स्थित आवास पर आज सुबह छापा मारा। ईडी की टीमें सुबह छह बजे कांडा के सिविल लाइंस स्थित आवास पर पहुंचीं, लेकिन वहां तैनात सुरक्षा गार्डों ने उन्हें अंदर नहीं जाने दिया। इस पर ईडी टीमों और इनके साथ आई स्थानीय पुलिस और सुरक्षा कर्मियों ने आवास को घेर लिया तथा सुरक्षा गार्डों को अंदर सूचित करने के कहा। पुख्ता जानकारी के उपरांत ही ईडी की टीम कांडा के आवास में दाखिल हुई और छानबीन शुरू कर दी, जो अभी तक जारी है। आवास में अंदर जाने और बाहर निकलने नहीं दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि श्री कांडा, पूर्ववर्ती इंडियन नेशनल लोकदल(इनेलो) सरकार में गृहमंत्री थे और वह एक छोटा सा व्यवसाय अपने गांव के पास करते थे, लेकिन देखते ही देखते वह एक बड़े व्यापारी तथा होटल और एमडीएलआर एयरलाईंस के मालिक बन गए। एयर होस्टेस गीतिका शर्मा की पांच अगस्त 2012 में हुई मौत के मामले में कांडा को दिल्ली की राउज़ एवेन्यू अदालत ने हाल ही में बरी किया था। गीतिका एमडीएलआर एयरलाईंस में एयर होस्टेस थीं तथा दिल्ली के अशोक विहार स्थित आवास पर मृत पाई गई थीं। आवास से मिले सुसाईड नोट में कांडा पर गम्भीर आरोप लगाये गये थे। बाद में गीतिका की मां ने भी सुसाईड कर लिया था। इस मामले में बरी होते ही कांडा पर अब ईडी का शिकंजा कस गया है। कांडा इस समय अपनी हरियाणा लोकहित पार्टी(हलोपा) के सिरसा से विधायक हैं तथा राज्य की भाजपा सरकार को समर्थन दे रहे हैं। वह हलोपा के एकमात्र विधायक हैं।

## रूस के राष्ट्रपति पुतिन के खिलाफ आईसीसी का वारंट बेतुका: सारे

**एजेंसियां**



**वाशिंगटन:** अमेरिका के ऊपरी सदन सीनेट के निर्दलीय उम्मीदवार डायने सारे ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय की ओर से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ जारी किया गया गिरफ्तारी वारंट पूरी तरह से 'बेतुका' है और इसका उद्देश्य परमाणु महाशक्ति के लिए खतरनाक सुरक्षा स्थिति पैदा करना है। सारे ने स्पूतनिक से बातचीत में कहा, यह स्पष्ट रूप से बेतुका है। यह एक प्रमुख परमाणु महाशक्ति संपन्न देश के प्रमुख के लिए खतरनाक सुरक्षा स्थिति पैदा करने के लिए तैयार किया गया है और यह सिर्फ उसी का संकेत है, जो मैं पहले कह रहा था। सत्य का कोई मानक नहीं है अभी न्याय का दोहरा मानक है। जाहिर तौर पर नियम-आधारित आदेश का अर्थ है कि हम नियम बनाते हैं, लेकिन हम न केवल नियम बनाते हैं, बल्कि नियम स्वयं मनमाने होते हैं और बदले जा सकते हैं। आईसीसी ने मार्च में यूक्रेन से रूस में बच्चों के गैरकानूनी स्थानांतरण का आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति पुतिन और बच्चों के अधिकारों के लिए आयुक्त मारिया लावोवा-बेलोवा के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। रूस बलपूर्वक किसी भी बच्चे के स्थानांतरण से इनकार करता है और कहता है कि वह उन्हें सबसे पहले निकालता है

**घर की राजनीति** घर पर बीबी की डांट सुनकर फिर से मैदान में लौटेंगे मंत्री जी

# मनोज तिवारी ने अपने अवसर लेने का फैसला बदला

- बंगाल के कप्तान ने रणजी जीतने के बाद संन्यास लेने की इच्छा जताई
- संन्यास का एलान करने के बाद पत्नी ने खूब खरी-खोटी सुनाई



**राष्ट्रीय खबर**

**कोलकाता:** क्रिकेट से संन्यास के पांच दिन बाद फिर से मैदान में लौटे मंत्री क्रिकेटर। मंगलवार को सीएबी के मीडिया सेंटर में मनोज ने अपने संन्यास की घोषणा की, उनके साथ अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली भी बैठे थे। सीएबी सचिव नरेश ओझा उपस्थित थे। मनोज ने कहा कि उन्होंने बंगाल के लिए रेड बॉल क्रिकेट का एक और सीजन खेलने का फैसला किया है। बंगाल के कप्तान ने रणजी जीतने के बाद संन्यास लेने की इच्छा जताई। मनोज ने कहा, मैंने अचानक संन्यास लेने का फैसला किया। मैं स्वार्थवश यह निर्णय स्वयं लेता हूं। मेरे फैसले से मेरे परिवार, टीम के साथियों और प्रशंसकों को दुख हुआ होगा। सोशल मीडिया पर अपने संन्यास का एलान करने के बाद पत्नी ने खूब खरी-खोटी सुनाई। फिर उन्होंने स्नेहाशीष गांगुली से बात की। उन्होंने मुझे एक साल और बंगाल के लिए खेलने के लिए मना लिया। सीएबी का प्यार और सम्मान अविस्मरणीय है। बंगाल क्रिकेट संगठन खिलाड़ियों के लिए बहुत कुछ करता है। मैं प्रशंसकों और शुभचिंतकों से माफी मांगता हूं। अगले सीजन में मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा और बंगाल को सफलता दिलाऊंगा। सीएबी अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने कहा, मनोज के संन्यास लेने के फैसले से मैं बहुत हैरान था। मैंने उनसे संपर्क किया और कहा, लगभग दो दशकों तक बंगाल का प्रतिनिधित्व करने के बाद, यह सेवानिवृत्ति प्रक्रिया सही नहीं है। उनके जैसे क्रिकेटर और नेता को क्रिकेट के मैदान पर संन्यास लेना चाहिए, ऐसे नहीं। बंगाल क्रिकेट में उनका योगदान बहुत बड़ा है। इसलिए वह विशेष विदाई के पात्र हैं। पांच दिन पहले ही मनोज ने संन्यास की घोषणा की थी। सोशल मीडिया पर एक लंबे संदेश में उन्होंने बैट-पैड रखने का फैसला किया। इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए क्रिकेट को कहा अलविदा। लेकिन सीएबी बॉस से लेकर उनके बंगाल टीम के साथियों तक, किसी को भी संन्यास के बारे में नहीं पता था। मनोज ने उनसे बिना कोई चर्चा किए संन्यास लेने का फैसला कर लिया। तो आखिरकार, सीएबी अध्यक्ष के अनुरोध पर, 37 वर्षीय क्रिकेटर ने अपना संन्यास तोड़ दिया और क्रिकेट में वापसी की। इससे पहले बंगाल की कई लड़ाइयों के हीरो ने कई बार कहा था कि वह रणजी जीतकर संन्यास लेना चाहते हैं। इस बार वो मौका था। लेकिन ईडन में रणजी फाइनल में बंगाल सौराष्ट्र से हार गया। तो सभी ने मान लिया कि मनोज इस साल भी बंगाल की जर्सी में नजर आएंगे। लेकिन उन्होंने अचानक संन्यास का एलान कर सभी को चौंका दिया। आखिरकार मंत्री क्रिकेटर के सामने रणजी जीतने का एक और अवसर प्राप्त होगा।

## न्यूज फटाफट

### दक्षिण कोरिया में इमारत के ढहने से दो लोगों की मौत, पांच घायल

**सियोल:** दक्षिण कोरिया में एक निर्माणाधीन इमारत की ऊपरी मंजिल ढह जाने से दो श्रमिकों की मलबे में दबकर मौत हो गई है और पांच अन्य घायल हो गए हैं। योनहाप समाचार एजेंसी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सियोल से लगभग 60 किमी दक्षिण-पूर्व में अनसेओंग में निर्माणाधीन नौ मंजिला इमारत की नौवीं मंजिल स्थानीय समय सुबह लगभग 11:49 बजे आठवीं मंजिल पर गिर गई। इस हादसे में दो लोग दब गए जिनकी बाद में मौत हो गयी और पांच अन्य घायल हो गए। बचाव कार्य के लिए मौके पर टीम भेजी गयी है। पुलिस सुरक्षा नियमों को लेकर निर्माण अधिकारियों की जांच करेगी।

### तुर्किये की सेना ने सीरिया में वाईपीजी के चार सदस्यों को मार गिराया

**अंकारा:** तुर्किये की सेना उत्तरी सीरिया में सीरियाई कुर्द पीपुल्स प्रोटेक्शन यूनिट्स (वाईपीजी) के कम से कम चार सदस्यों को मार गिराया है। तुर्किये के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, तुर्किये सशस्त्र बलों ने एक अभियान में वाईपीजी सदस्यों को निष्प्रभावी कर दिया।हम उन आतंकवादियों के खिलाफ अभियान जारी रखेंगे, जो सीरिया में लोगों की शांति और सुरक्षा को बाधित करना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि तुर्किये के अधिकारी अक्सर अपने बयानों में आतंकवादियों के आत्मसमर्पण या मौत के लिए 'निष्प्रभावी' शब्द का उपयोग करते हैं। पिछले कुछ हफ्तों में उत्तरी सीरिया में तुर्किये की सेना और वाईपीजी के बीच टकराव तेज हो गया है। मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा था कि वाईपीजी के पांच सदस्य उत्तरी सीरिया में तुर्किये के बलों द्वारा मार गिराये गए। इस घटना के समय आतंकवादी ह्लहमले की तैयारीह्व कर रहे थे। तुर्कियो की सेना पड़ोसी मूल्क के साथ अपनी सीमा पर वाईपीजी मुक्त क्षेत्र बनाने के लिए 2016 से उत्तरी सीरिया में कई अभियान चला रही है। तुर्किये वाईपीजी समूह को प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) की सीरियाई शाखा के रूप में देखता है।

### अमेरिका और यूरोप अमेजोनिया पर चाहते हैं नियंत्रण : लुइस एर्से

**सांता क्रूज:** दक्षिण अमेरिका के देश बोलीविया के राष्ट्रपति लुइस एर्से ने कहा कि अमेरिका और यूरोप गुप्त रूप से अमेज़ोनिया (अमेजन बेसिन) पर नियंत्रण की मांग कर रहे हैं। एर्से ने कहा ह्लअमेजन क्षेत्र में पीने के पानी और खनिजों का स्रोत जैसे कई रणनीतिक संसाधन हैं। इसी कारण लैटिन, अमेरिका और कैरेबियाई देश अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति की प्राथमिकता हैं। क्षेत्र और अमेज़ोनिया में सैन्य ठिकानों की मौजूदगी एक ऐसा विषय है जिस पर हमारा ध्यान आकर्षित होना चाहिए, हमें सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने कहा, इस संबंध में, हम चिंतित हैं कि यूरोप भी इसी तरह की कोशिश कर रहा है। कुछ देश अन्य गैर-सरकारी संगठनों की मदद से, सैन्य तरीकों से अमेज़ोनिया को नियंत्रित करना चाहते हैं, हम अमेज़ोनिया को गुप्त रूप से नियंत्रित करने के प्रयासों को स्वीकार नहीं करते हैं। उल्लेखनीय है कि ब्राजील मंगलवार को अमेजन शिखर सम्मेलन की मेजबानी की।

### जापान में तूफ़ान खानुन के कारण 350 उड़ानें रद्द

**टोक्यो:** भीषण चक्रवाती तूफान खानुन के कारण जापानी द्वीप क्यूशू और अन्य क्षेत्रों में मियाज़ाकी और कागोशिमा के बीच चलने वाली लगभग 350 हवाई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। जापानी मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। फिलहाल चक्रवात के केंद्र में दबाव 970 हेक्टोपास्कल है और इस दौरान हवा की गति 30 से 40 मीटर (98 फीट) प्रति सेकंड है। चक्रवात क्यूशू के दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। एनएचके ब्रॉडकास्टर ने बताया कि तेज़ हवाओं और बारिश के परिणामस्वरूप कागोशिमा में 15,000 घरों और मियाज़ाकी में लगभग 2,600 घरों की बिजली काट दी गई है। साथ ही बताया गया है कि दो लोग घायल हो गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 24 घंटों में क्यूशू द्वीप पर 300 मिलीमीटर तक वर्षा होने के अनुमान हैं। मूसलाधार बारिश शिकोकू द्वीप के साथ-साथ टोकाई और किंकी के क्षेत्रों को भी प्रभावित करेगी। हवा के भी तेज़ होने की आशंका है। चक्रवात ने नागासाकी प्रान्त को भी प्रभावित किया है। तूफान के कारण गोटो शहर के लगभग 35,000 निवासियों और ओजिका गांव के 2,200 निवासियों को जगह खाली करने का आदेश दिया गया है।

### सोमालिया में हैजा से 30 की मौत, डब्ल्यूएचओ ने तेज की गतिविधियां

**मोगादिशू:** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने सोमालिया में हैजा के कारण जनवरी से अब तक हैजा से 30 लोगों की मौत के बाद लोगों की जान बचाने और हैजा फैलने से रोकने के लिए अपनी गतिविधियां तेज कर दी है। डब्ल्यूएचओ ने मंगलवार को कहा कि सोमालिया में 2022 से 28 जिलों में और 2017 के सूखे के बाद से बनादिर क्षेत्र में हैजा का निर्बाध संचरण हुआ है। डब्ल्यूएचओ ने कहा, 2023 के महामारी विज्ञान सप्ताह 1 के बाद से सोमालिया के 28 जिलों में हैजा के कारण 30 लोगों की मौत हुयी है और इसके कुल 11,704 संदिग्ध मामले सामने आए हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि जुलाई के अंत में सोमालिया 28 जिलों में लगभग 235 नए संदिग्ध मामले सामने आए, लेकिन राहत की बात यह है कि इसके कारण किसी की मौत नहीं हुयी। डब्ल्यूएचओ के अनुसार उपर्युक्त जिलों से रिपोर्ट की गई कुल मृत्यु दर 0.3 प्रतिशत है, जो एक प्रतिशत से अधिक की आपातकालीन सीमा से नीचे है। डब्ल्यूएचओ ने कहा, डब्ल्यूएचओ और स्वास्थ्य संस्थाओं ने जुबलैंड राज्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए सूखा प्रभावित जिलों में हैजा प्रतिक्रिया हस्तक्षेपों के कार्यान्वयन को बढ़ाया है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र ने अप्रैल में चेतावनी दी थी कि सोमालिया में भारी बारिश के कारण अचानक और नदी में बाढ़ आने से जलजनित बीमारियों का प्रकोप बढ़ सकता है।

### तूफान खानून: चीन में और अधिक बारिश का अनुमान

**बीजिंग:** चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने इस वर्ष का छठवां तूफान 'खानून' के लिए ब्लू अलर्ट जारी किया है जिससे देश के उत्तरपूर्वी प्रांतों में बारिश का एक नया दौर की शुरु होने का अनुमान है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (एनएमसी) के अनुसार तूफान के कारण गुरुवार से जिलिन और हेइलोंगजियांग प्रांतों में भारी बारिश होने की आसार हैं।

### आज का इतिहास

- 1809 : इक्वाडोर को स्पेन से आजादी मिली।
- 1822 : सीरिया में विनाशकारी भूकंप से 20 हजार लोगों की मौत।
- 1831 : कैरेबियाई द्वीप समूह बारबाडोस में चक्रवाती तूफान से डेढ़ हजार लोगों की मौत।
- 1894 : वी वी गिरी का जन्म
- 1966 : अमेरिका ने अंतरिक्ष में रॉकेट उतारने की लिए उपयुक्त स्थान का चित्र लेने पहला अंतरिक्ष यान भेजा।
- 1962 : आज ही के दिन बच चों का च हेता स पाइडरमैन कॉमिक बुक अमेजिंग फैंटेसी में नजर आया।
- 1977 : ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ ने कड़ी सुरक्षा के बीच 11 साल बाद उत्तरी आयरलैंड का दौरा किया।
- 1979 : उपग्रह प्रक्षेपण यान एसएलवी-3 प्रक्षेपित।
- 1990 : लगभग एक साल तीन महीने बाद अमेरिका का अंतरिक्ष यान मगैलन शुक्र ग्रह पर पहुंचा, लेकिन उतरने के कुछ ही समय बाद कैलिफोर्निया स्थित नासा के संचालन केंद्र से संपर्क टूट गया।
- 2004 : संयुक्त राष्ट्र और सूडान के बीच दारफुर कार्ययोजना पर हस्ताक्षर।
- 2006 : श्रीलंका में तमिल विद्रोह पर सैन्य कार्रवाई में 50 नागरिक मारे गए।
- 2008 : चेन्नई के एक लैब में एंटी एड्स वैक्सीन का सफल परीक्षण किया गया।



# झारखंड आदिवासी महोत्सव का आगाज, सीएम ने आदिवासियों को एकजुट होने का किया आह्वान





राष्ट्रीय खबर

**रांची:** रंगारंग प्रस्तुति के साथ दो दिवसीय झारखंड आदिवासी महोत्सव का आगाज बुधवार यानी 09 अगस्त को हो गया। विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर राज्य सरकार द्वारा आयोजित इस महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुजी शिबू सोरेन के साथ किया। बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में आयोजित इस कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत सखुआ का पौधा और अंगवस्त्र देकर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने किया।इस मौके पर कांग्रेस विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनुप सिंह और विनोद सिंह भी मौजूद थे। महोत्सव के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा आदिवासी संस्कृति पर आधारित जहां डाक टिकट जारी किया गया। वहीं 35 जनजाति पर लिखी गई किताबों का विमोचन भी किया गया।इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि आए राज्य समन्वय समिति के अध्यक्ष गुरुजी शिबू सोरेन ने संबोधित करते हुए कहा कि देश-दुनिया में आदिवासियों की अपनी अलग पहचान है। पेट की खातिर मजदूरी करने के लिए उन्हें बाहर जाना पड़ता है। उन्होंने आदिवासी समाज को पढ़ाई पर जोर देने का आह्वान करते हुए कहा कि हम पढ़ाई करेंगे तो आगे बढ़ेंगे।आदिवासी दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आदिवासियों को एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हम एकजुट रहेंगे तो कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकेगा। देश के लगभग 13 करोड़ आदिवासी को एक होकर सोचना होगा। हमारा लक्ष्य भी एक होना चाहिए। मणिपुर में हजारों घर जलकर तबाह हो गए। कहीं आदिवासी समुदाय के लोगों पर पेशाब किया जा रहा है। हम आदिवासी मूल निवासी है। सीएम ने कहा कि जुल्म के खिलाफ संघर्ष की हिम्मत आदिवासी समाज के लोगों ने दिखाई है। आज भी देश में सबसे पिछड़ा गरीब शोषित वंचित आदिवासी समाज है।सीएम ने कहा कि पिछले वर्ष भी धूमधाम से आदिवासी महोत्सव को मनाया गया। इस महोत्सव के अपने अलग मायने हैं। कई मायनों से महत्वपूर्ण भी हैं।





## मणिपुर की घटना और सुभाष मुंडा की हत्या से झारखंड मर्माहत:रतन तिर्की



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** विश्व आदिवासी दिवस के शुभ अवसर पर आज आदिवासियों ने आक्रोश और उल्लास दोनों व्यक्त किया।मेन रोड स्थानीय सैनिक बाजार से हजारों आदिवासियों ने एक जुलूस निकाला और मणिपुर घटना की निंदा भी किया और विश्व आदिवासी दिवस पर उल्लासित भी हुये।पुरे जुलूस की अगुवाई टीएसी पूर्व सदस्य रतन तिर्की ओर प्रभाकर तिर्की ने किया। रतन तिर्की ने कहा कि आज विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी खुशियां भी मना रहे हैं और अपने उपर हो रहे अत्याचार को लेकर आक्रोशित भी है ! रतन तिर्की ने कहा कि मणिपुर की घटना और सुभाष मुंडा की हत्या से झाड़खंड मर्माहत है और देश में आदिवासियों को प्राप्त संवैधानिक अधिकारों के हनन से दुखी हैं। इसलिए आज हम सभी आदिवासी आक्रोशित भी उल्लासित भी है। आज के पुरे जुलूस में होफमैन ला एसोसियेट और साईन संस्था की भूमिका महत्वपूर्ण रही। मुख्य रूप से होफमैन ला एसोसियेट के निदेशक फादर महेंद्र पीटर तिग्गा,सं जेवियर्स कॉलेज के रेक्टर पा एलेक्स एक्का,साईन के निदेशक फादर बिपिन पानी, वाल्टर केरकेट्टा फादर रंजीत तिर्की, सिस्टर सिलवंती कुजूर, सिस्टर मुक्ता मरांडी, तारामणि साहू,अधिवक्ता मृणालिनी टेटे, बलराम जी, सिस्टर रोशनी, दीपा मिंज के अलावे उर्सलाईन कान्वेंट,संत अन्ना, होली क्रास की कालेज की छात्राओं और कांके इटकी मांडर डोरंडा के आदिवासियों ने भाग लिया।

## विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी समुदाय का पद यात्रा का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** विश्व आदिवासी दिवस के शुड्ढा अवसर पर आदिवासी समुदाय ने पद यात्रा किया इस अवसर पर आदिवासी समुदाय नें सिंह मोड से होते हुए बिरसा चौक तक अपने पारंम्पारिक पहनावा पहनकर हाथों में झंडे लेकर नाचते गाते हुए बिरसा चौक पहुंचकर बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण साथ ही साथ पद यात्रा में उपस्थित लोगों नें मणिपुर में आदिवासी समाज के साथ अत्याचार एंव आदिवासी महिला को निर्वस्त्र धुमाए जाने का मामला एंव आदिवासी धर्म कोड की मांग को लेकर केन्द्र सरकार का कडा विरोध किया उपस्थित समुह ने मणिपुर पर राष्ट्रपति शाशन लगानें केन्द्र सरकार होश में आओ के नारे के साथ शहर गुंज उठा यह कहा गया कि आदिवासी दिवस पर आदिवासी समाज को जागरूक का समय हौ इस यात्रा को लाला कच्छप, दिनेश कच्छप, गीता तिर्की ,करमा लिण्डा, पुरण टोप्पो , शशि टोप्पो आदि लोगों नें उपस्थित होकर इस पद यात्रा को सफल बनाया।












राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
नौ कदम और
दिल्ली
तेलंगना
हिमाचल प्रदेश
जम्मु-कश्मीर
गुवाहाटी
आंध्रप्रदेश
चंडीगढ़
बिहार
झारखंड
e-mail (bangla) : rashtriyokhobor@gmail.com
http://rashtriyakhabar.com/epaper
e-mail : rastriyakhabarhn@gmail.com
web : www.rashtriyakhabar.com
Rashtriya khabar
Rashtriyakhabar LIVE
jatiyokhobor.co.in
Visit us @Ph.
0651-2244505
0651-2244605